# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi com | भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024





**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री



**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री



## स्वामी विवेकानंद जी की जयंती
# युवा दिवस
## के अवसर पर राज्य स्तरीय
# सामूहिक सूर्य नमस्कार
## कार्यक्रम

गरिमामयी उपस्थिति

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**12 जनवरी, 2024 – प्रातः 9:00 बजे**

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
शिवाजी नगर, भोपाल

"सभी शक्तियां आपके भीतर ही हैं,
आप कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं।"

**- स्वामी विवेकानंद**

"प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता का जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सदैव कटिबद्ध है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में प्रदेश की इस बड़ी उपलब्धि के लिए हमारे स्वच्छता मित्रों का आभार एवं समस्त प्रदेशवासियों को बधाई।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## इस बार युवा दिवस है विशेष
## स्वच्छता में फिर सिरमौर बना "मध्यप्रदेश"

D-11167/23



## इंदौर लगातार सातवीं बार नंबर 1

**मिले 6 राष्ट्रीय सम्मान** | **भोपाल बना देश की सबसे स्वच्छ राजधानी**

- इंदौर को 7 स्टार और भोपाल को 5 स्टार शहर का दर्जा
- 361 निकायों को ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट
- देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार
- कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग में 158 शहरों को प्रमाणीकरण प्राप्त

सीधा प्रसारण | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी | मध्यप्रदेश शासन

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024



# भोपाल ★★★★★ 5वां सबसे साफ शहर

**5 साल में 19वें स्थान से 5वें पर आया**

*स्वच्छता सर्वेक्षण में भोपाल को 5 स्टार रेटिंग के साथ ही देश में पांचवां सबसे साफ शहर बनने की सूचना जैसे ही राजधानी के बाशिंदों को लगी, सब तरफ खुशी का माहौल छा गया। नगर निगम के दफ्तर में ढोल नगाड़े बज उठे और सफाईकर्मी नाचने झूमने लगे।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के रिजल्ट में भोपाल 5 स्टार रेटिंग के साथ देश का पांचवां सबसे साफ शहर है। 19 वें से 5 वें नंबर पर आने में भोपाल को सिर्फ 5 साल लगे। वर्ष 2017 और 2018 के बाद यह बेस्ट रैंकिंग है। यही वजह है कि दिल्ली से लेकर भोपाल तक जश्न मनाया जा रहा है। निगम अफसर अगले सर्वेक्षण के लिए अभी से तैयारी में जुटने का दावा कर रहे हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण के परिणाम आने के बाद इंदौर व भोपाल में जश्न मनाया और मिठाई बांटी गई। भोपाल में माता मंदिर स्थित निगम के दफ्तर के बाहर सफाईकर्मी इकट्ठा हुए और निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सफाईकर्मियों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और ढोल भी बजाए। महापौर मालती राय ने दिल्ली से ही लोगों को बधाई दी। स्वच्छता से जुड़े नगर निगम अधिकारियों के अनुसार गीलेए सूखेए मेडिकल समेत 5 तरह के कचरे की प्रोसेसिंग में भोपाल में बेहतर काम हुआ है। इसी वजह से एक पायदान का फायदा हो गया। पिछली रैंकिंग छठी थी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू होने पर दूसरे नंबर पर रहा भोपाल कभी इंदौर को पीछे नहीं छोड़ पाया

**सफाई कर्मियों ने ढोल नगाड़े बजाकर मनाई खुशी**

**पहले नंबर पर आने के लिए भोपाल अभी दो पैरामीटर में ही पीछे**

### भोपाल को नंबर एक बनाने के प्रयास

- कचरा निष्पादन केंद्र 12 हैं, उनकी 17 की जा रही है
- गोबर से बायो गैस बनाने के लिए 400 टन का प्लांट तैयार किया जा रहा है
- आदमपुर छावनी में 15 एकड़ जमीन पर 400 टन रोजाना सूखे कचरे से टॉरीफाइड चारकोल बनाने की यूनिट बन रही हैए वाराणसी के बाद भोपाल दूसरा ऐसा शहर होगा

### इंदौर से भोपाल यहां रहा पीछे

- पब्लिक टॉयलेट की सफाई मल को इंदौर से 3 प्रतिशत अंक कम मिले हैंए इसलिए इसकी सफाई में बेहतर करना होगा।
- आदमपुर छावनी को भानपुर की तरह कचरा मुक्त करना होगा। कई टन कचरे से आदमपुर समेत आसपास के गांवों का भूजल भी प्रदूषित हुआ। कचरा जलाने से हवा भी दूषित हुई
- शहर के कई इलाकों में सीवेज की समस्या है। बारिश में सीवेज का पानी सड़कों पर आता है।

### सफाई मित्रों का पूरा सहयोग

भोपाल को नंबर एक बनाने के लिए सभी अधिकारी फील्ड में काम कर रहे हैं। इसमें सफाई की स्थिति काफी बेहतर हुई। भोपाल की रेंक सुधरने के लिए यहां के रहवासी व सफाई मित्रों के साथ अधिकारियों का पूरा सहयोग है।

**फ्रेंक नोबल एए** कमिश्नर भोपाल नगर निगम

भोपाल का स्ट्रक्चर इस तरह का है कि उसमें इससे बेहतर साफ सफाई हो नहीं सकती। यही कारण है कि भोपाल की 5 वीं रेंक भी 1 स्थान के बराबर ही है। सभी अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि काफी अच्छा काम कर रहे हैं। **देवीसरन,** पूर्व कमिश्नर, नगर निगम भोपाल

सभी रहवासी और सफाई मित्रों के कारण भोपाल को स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 वां स्थान मिला। अब आगे पहले स्थान पाने के लिए भी सभी काम शुरू कर दिए गए हैं। **मालती राय,** महापौर भोपाल नगर निगम

### इंदौर और भोपाल में कितना अंतर

*कचरा सेग्रीगेशन में इंदौर से पिछड़ा भोपाल*

स्वच्छता सर्वे में देश के सबसे साफ शहर इंदौर को कचरे के सोर्स सेग्रेशन पैरामीटर पर 98 प्रतिशत अंक मिले हैं। भोपाल कचरे के सोर्स सेग्रीगेशन के मामले में इंदौर से 3 अंक पीछे है। भोपाल को कचरे के सोर्स सेग्रीगेशन के पैरामीटर को 95 प्रतिशत ही पूरा कर रहा है।

*शहर वासियों को अपनी इधर-उधर कचरा फैलाने की आदत पर लगानी होगी लगाम, गाड़ी में ही डालना होगा कचरा*

**कैसे बने नंबर वन**

## नगर निगम के साथ आम लोगों को भी करने होंगे मिलकर प्रयास, इंदौर से भी सीख लेने की जरूरत

वच्छता सर्वेक्षण में भोपाल को पांचवा नंबर मिला है। इसे नंबर एक पर लाने के लिए नगर निगम के साथ आम रहवासियों को भी प्रयास करना चाहिए। हर कहीं कचरा नहीं फैलाएं, गंदगी और कचरा गाड़ियों को ही दें। इसके अलावा निगम को भी हर वार्ड और हर गली में साफ सफाई का उचित ध्यान रखते हुए और अधिक सफाई की कोशिश करना चाहिए।

**बलवान सिंह** पटेल, भोपाल

भोपाल पांचवें नंबर पर आया है। इंदौर इस दिशा में बेहतर काम कर रहा है, तो उससे कुछ सीख ले सकते हैं। हर साल स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर की ग्रेडिंग बदलती रही है। सर्वेक्षण में नंबर एक पर आने के लिए शहरवासियों को भी कचरा इधर उधर फेकने से बचना चाहिए। साथ ही शहर का स्वच्छ बनाने में निगम कर्मचारी पहले से ही काफी प्रयास करते आए हैं, अब उन्हें और प्रयास करने की आवश्यता होगी।

**असफाक अहमद,** अध्यक्ष, भानपुर कचरा खंती बचाओ समिति, भानपुर, भोपाल

## आदमपुर छावनी में लैंड फिल साइट के निर्माण समेत यह भी प्रयास हुए, तब आई भोपाल की यह पोजीशन

### कचरा मुक्त हुई भानपुर खंती

भानपुर खंती से कचरे का पहाड़ खत्म कर दिया। आदमपुर छावनी में पांच एकड़ में लैंडफिल साइट का निर्माण किया गया। कई टन कचरा हटाया जा चुका है। यहां पर चारकोल और गोबर प्लांट लगने वाले हैं। मई तक दोनों प्लांट शुरू हो जाएंगे। इसके बाद कचरे से सीएनजी और कोयला बनेगा। इससे न सिर्फ कचरा साफ होगाए बल्कि उससे निगम कमाई भी करेगा।

### कचरा कलेक्शन मैनेजमेंट

साफ .. सफाई में सबसे अहम रोल डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का है। एक निश्चित समय पर हर घर पर कचरा गाड़ी पहुंचेए इसके लिए रूट चार्ट बनाए गए। समय तय किया गया। जरूरत के अनुसार नए वाहन खरीदे गए। इनमें जीपीएस लगाने के साथ ही ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए सुबह 6 बजे से कंट्रोल रूम में सहायक आयुक्त स्तर के अफसर के साथ टीम तैनात की गई। नए कचरा ट्रांसफर स्टेशन बनाए। ताकि गाड़ियों को कचरा फेंकने ज्यादा दूर न जाना पड़े।

### कबाड़ से कई इनोवेशन

पिछले तीन साल में भोपाल ने कबाड़ से कई जुगाड़ करके कमाल कर दिया। 1500 किलो कबाड़ से राजा भोज का देश का सबसे बड़ा लोगो बनाया। दुनिया की सबसे बड़ी वीणा अटल पथ पर रखी गई है।

### फूलों के कचरे से खाद

गणेशोत्सव और दुर्गोत्सव में शहर की झांकियों में उपयोग होने वाले फूलों और पूजन सामग्री को इकट्ठा कर खाद तैयार की जा रही है। पिछले 3 साल से अगरबत्ती बनाई जा रही है।

### मूर्तियों के ढांचों से ट्री गार्ड

गणेशोत्सव और दुर्गोत्सव के दौरान शहर में मूर्तियां विराजित की जाती हैं। इसके बाद इन्हें विसर्जित किया जाता है। इन मूर्तियों के ढांचों से निगम ट्री गार्ड तैयार कर रहा है।

## कॉलोनियों की सफाई के लिए स्वच्छता सेल का नहीं हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वच्छता के पैमाने पर देश में पांचवां नंबर मिलना बड़ी बात है, लेकिन कुछ कमियों को दूर कर हम भी नंबर वन की दौड़ में आ सकते थे, जिन जगहों पर हम पिछड़े है, उन कमियों को दूर करने की बात आ रही है।

शहर में कॉलोनियों में स्वच्छता सेल बनाकर स्थानीय लोगों को जोड़ा जाना चाहिए। इस सेल से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी होगी कि वह गली और कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पर नजर रखेंगे। रात में सड़कों की सफाई कराने और दुकानदारों से कचरा कलेक्ट करने की जरूरत है। अब शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए 24 घंटे काम करने की जरूरत है।

*» स्थानीय लोगों ने सफाई अभियान से बनाई दूरी*

*» स्वच्छता में नंबर वन नहीं मिलने की यह भी ही एक वजह*

### स्ट्रीट वेंडर्स से रखवाएं डस्टबिन

छोटे-छोटे स्ट्रीट वेंडर और ठेले वालों को भी डस्टबिन रखवाना पड़ेंगे। इन दुकानदारों को बताया जाना चाहिए कि वह गीला और सूखा कचरा अलग अलग स्टोर करें। शहर के कूड़ा पाइंट को हटाया जाए।

### खाली प्लॉट पर कचरा डालने से रोकें

कचरा गाड़ी आने पर कचरा उसमें डाला जाए। शहर की स्वच्छता के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि शहर में पूरी तरह स्वच्छता के लिए कचरा पाइंट कहीं भी ना हो। गली मोहल्लों में जहां-जहां खाली प्लॉट हैं, वहां पर अगर कोई कचरा डाल रहा है, तो उसे रोका जाए। कचरा वाहन समय पर गालियों में पहुंचे, यह भी तय किया जाना चाहिए।

### सीवेज के पानी को रिसाइकिल की दिशा में काम करने की जरूरत

भोपाल में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर पिछले कुछ सालों में काफी सुधार हुआ है। लेकिन इंदौर सहित अन्य शहरों से



हम पिछड़े हुए है। सीवेज के पानी को रिसाइकिल की दिशा में काम करने की जरूरत है। मुख्य रूप से कलियासोत व कोलांस नदी और बड़ा व छोटा तालाब में कई छोटे-बड़े नाले भी आकर मिल रहे हैं। तो वहीं इंदौर में रोजाना तीन सौ एमएलडी (मिलियन लीटर डेली) सीवेज निकलता है। इसमें से नगर निगम 110 एमएलडी सीवेज के पानी को ट्रीट कर बगीचों, खेतों और निर्माण कार्यों में उपयोग कर रहा है।

**आरके शुक्ला,** इंडस सिटी कॉलोनी कृष्णा नगर निवासी भोपाल

### अब पहले जैसी गंदगी नहीं, कचरा कलेक्शन को लेकर और मॉनीटरिंग की और जरूरत

भोपाल की सफाई व्यवस्था की बात करे,तो पिछले कुछ सालों में बहुत सुधार हुआ है। अब पहले जैसी गंदगी नहीं नजर आती है। मेरी



कॉलोनी गौरीशंकर अवासीय परिसर में भी सफाई व्यवस्था ठीक है। लेकिन स्वच्छता सर्वे में नंबर वन आने के लिए अभी कचरा कलेक्शन को लेकर मानीटरिंग की ओर जरूरत है। भोपाल में छह हजार से अधिक सफाई कर्मचारी आठ सौ गाड़ियों से रोजाना शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर रहे हैं। द इसके साथ ही एक हजार से ज्यादा वाहनों से शहर के हर घर से गीला व सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित किया जा रहा है। जिसकी आला-अधिकारी रोजना मानीटरिंग करते है।

**दिलीप जाट,** निवासी गौरीशंकर अवासीय परिसर, भोपाल

---

*सुरक्षा उपकरण न होने से एक कर्मी हुआ घायल*

## भोपाल में एक और स्ट्रीट डॉग खूंखार हुआ, कोलार से डॉग स्क्वाड ने पकड़ा





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में स्ट्रीट डॉग बाइट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। दो दिन पहले एमपी नगर और उससे पहले साकेत नगर घटना से डरे हुए कोलार के लोग उस समय सकते में आ गए, जब एक स्ट्रीट डॉग लोगों के पीछे दौड़ने लगा। यहां की एक पैट लवर्स ने सक्रियता दिखाई और खूंखार हुए स्ट्रीट डॉग को पकड़वाया।

दरअसल, कोलार के जेके अस्पताल के आसपास की कॉलोनियों में स्ट्रीट डॉग की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस डॉग स्क्वाड कर्मियों के पास सुरक्षा के कोई उपकरण न होने से एक कर्मी के हाथ में नाखुन के निशान आ गए।

### हाथ धोने तक का नहीं दिया जा रहा कोई सामान

इन कर्मियों के पास सुरक्षा के कोई उपकरण न होने से स्ट्रीट डॉग पकड़ने में इन्हें काफी परेशानी हो रही है। हाथ के दस्ताने या सुरक्षा के लिए कुछ और दूसरा सामान नहीं है। इनका कहना है कि हाथ धोने भी कोई सामान नहीं दिया जा रहा है। इसलिए जोखिम उठाकर स्ट्रीट डॉग पकड़ने में परेशानी आ रही है। इसके बाद भी सुबह से देर रात तक खूंखार हो रहे डॉग पर नजर रख रहे हैं।

## प्रदेश में 9वीं 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 6 मार्च से होंगी शुरू

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं का टाइम टेबल जारी कर दिया है। गुरुवार को जारी किए गए टाइम टेबल के अनुसार, दोनों कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी। 9वीं कक्षा का पहला पेपर हिंदी और 11वीं का पहला पेपर राजनीति रहेगा। 11 की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। वहीं 9वीं की परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे रहेगा।

### तैयार हुए पेपर

आदेश में कहा गया है कि परीक्षा के लिए पेपर मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। शेष प्रश्नपत्र माध्यमवार जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी अपने निर्देशन में प्राचार्य जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से विषय शिक्षक द्वार तैयार करा सकेंगे।

*एडीएम और एसडीएम ने कलेक्टर को सौंपी रिपोर्ट*

## आंचल बाल गृह में फंडिंग जर्मनी से बिल्डिंग परमिशन की चल रही जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परवलिया स्थित आंचल बाल गृह के संचालन के लिए जर्मनी से फंड लिया गया है। यह फंड बच्चों की डायक्यूमेंट्री दिखाकर लिया जाता था। एडीएम अंकिता धाकरे की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। जिला प्रशासन ने विदेशी फंडिंग की जांच शुरू कर दी है। जिसमें फंडिंग सोर्स का पता लगाया जा रहा है। इसके साथ बालगृह की बिल्डिंग की अनुमति को भी जांच के दायरे में लिया है। मैथ्यु की तरफ से प्रशासन को साल 2019 की अनुमति पेश की गई हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जांच कर रही टीमों ने रिपोर्ट दी है, जिसमें बाल गृह के नाम पर जर्मनी से पैसा आने की पुष्टि हुई है।

■ एक एडीएम की रिपोर्ट का इंतजार

### बिना परमिशन चल रहा था बालगृह

आंचल चिल्ड्रंस होम संजीवनी सेवा सोसाइटी चल रहा था। यहां गरीब और एक खास वर्ग की बच्चियों को रखा गया था। संस्था के संचालक अनिल मैथ्यु ने बेसहारा, आर्थिक कमजोर लड़कियों और महिलाओं के पुनर्वास के लिए साल 2019 में आंचल चिल्ड्रन होम प्रोजेक्ट तैयार किया था। उनकी तरफ से उसी समय की अनुमति के कागजात दिए गए हैं।

### रिपोर्ट के आधार पर पुलिस करेगी कार्रवाई

किसी भी कार्रवाई के पहले सभी आरोपों के सबूतों को पुख्ता किया जा रहा है। इसके बाद पूरी रिपोर्ट शासन को सौंप दी जाएगी। यही रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जाएगी। इसी आधार पर पुलिस भी आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस ने आरोपी अनिल मैथ्यु के खिलाफ धर्मांतरण कानून के तहत मामला दर्ज किया है।

*रिपोर्ट के आने बाद ही सप्लाई होगा चावल*

## पीडीएस चावल सप्लाई पर रोक, सैंपल के बाद बंटेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीपीएल कार्डधारियों को बांटे जा रहे चावल की क्वालिटी जांचने के लिए दो दिनों से अफसर राजधानी में जुटे हैं। अफसरों ने करोंद स्थित गोदाम में रखी चावल की बोरियों की जांच की साथ ही गुणवत्ता परखने के लिए नमूने भी लिए हैं। सभी सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। चावल की गुणवत्ता रिपोर्ट आने तक चावल की सप्लाई पर भी रोक लगा दी गई है।

दरअसल, जबलपुर में घटिया धान खरीदी का मामला सामने आने के बाद प्रदेश भर में चावल की क्वालिटी की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को वेयर हाउस कार्पोरेशन और नागरिक आपूर्ति निगम की टीमें जांच करने पहुंची। हाल ही में सतना से चावल के रैक आए हैं। सतना से आए चावल की क्वालिटी कैसी है। इसे लेकर गोदाम में रखी चावल की बोरियों की जांच की गई। क्वालिटी पर संदेह होने पर टीम ने नमूने भी लिए गए। गुरूवार को चावल के नमूनों को जांच के लिए भेजा गया। गुणवत्ता परिक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद ही गोदाम से चावल की सप्लाई राशन दुकानों पर हो सकेगी।

### दुकानों से नहीं हो रहा चावल वितरण

दुकानों पर गरीबों को चावल का वितरण नहीं हो पा रहा है। दरअसल, अधिकांश दुकानों में चावल खत्म हो गया है। जांच के चलते सप्लाई रोक दी गई है। अब सप्लाई तब होगी जाब गुणवत्ता परिक्षण रिपोर्ट आ जाएगी। रिपोर्ट में सैंपल फेल होते हैं, तो पूरी रैक वापस कर दी जाएगी। इस मामले में वेयर हाउस कार्पोरेशन के कैलाश वायकर का कहना है कि यह रूटीन जांच है। चावल की क्वालिटी चैक करने के बाद ही इसकी सप्लाई दुकानों पर की जाती है।

भोपाल, शुक्रवार 12 जनवरी 2024 ■ पौस मास शुक्ल पक्ष- 01 ■ वर्ष : 10, अंक : 296 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 23, न्यून. 13 haribhoomi.com




**समंदर पर बना 'देश का सबसे लंबा' पुल!**

- मुंबई में शिवड़ी से नवी मुंबई के चिरले तक पुल 22 किमी लंबा
- 100 किमी की रफ्तार से चलेंगे वाहन, पुल की 100 साल उम्र
- जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे हर गाड़ी पर नजर रखेंगे
- इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम, देश का सबसे एडवांस सिस्टम इसमें 400 कैमरे लगे
- विशेष जापानी तकनीकी ऑर्थोट्रोपिक स्टील डेक का इस्तेमाल किया गया






inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### संसद का बजट सत्र: 31 जनवरी से 9 फरवरी तक



**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और यह 9 फरवरी तक चलेगा। सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ होगी। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट 1 फरवरी को लोकसभा में पेश करेंगी। ये बजट सत्र काफी अहम है, क्योंकि अप्रैल और मई में लोकसभा चुनाव हो सकते हैं। सरकार अंतरिम बजट में कई घोषणाएं कर सकती है।

### अयोध्या के लिए महंगा हुआ फ्लाइट का टिकट



**नई दिल्ली।** 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के बाद दुनियाभर के श्रद्धालुओं के बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंचने का अनुमान है। बेंगलुरू से भी रामलला के दर्शन के लिए भारी संख्या में रामभक्त पहुंचेंगे। अयोध्या जाने वाली फ्लाइट्स के दामों में काफी इजाफा हो गया है। 20 जनवरी को सबसे सस्ती फ्लाइट टिकट का दाम 24,000 रुपए है। खास बात है कि वीकेंड पर अधिकतर फ्लाइट टिकट सोल्ड आउट हैं।

### बाल-बाल बचीं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती



**जम्मू।** पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती की स्कॉर्पियो कार गुरुवार को हादसे का शिकार हो गई। महबूबा श्रीनगर से अनंतनाग जिले के लिए रवाना हुई थीं। अनंतनाग के संगम बिजबेहड़ा के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई, बताया गया है कि मुफ्ती अग्नि पीड़ितों से मिलने के लिए अनंतनाग के खानबल जा रही थीं। हालांकि इस हादसे में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है और सभी सुरक्षित हैं।

### भारत ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया



**मोहाली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला गया। इसमें टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। अफगानिस्तान के खिलाफ मिली जीत के साथ ही टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 158 रन बनाए।

---

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का परिणाम: इंदौर लगातार सातवीं बार देश में पहले स्थान पर

# स्वच्छतम शहर की ये दो 'सूरत'

## देश में इंदौर और सूरत को स्वच्छतम शहरों में 'पहला स्थान'



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'टीम मध्यप्रदेश' ने दिल्ली में पुरस्कार ग्रहण किए

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राप्त किया प्रदेश का पुरस्कार...**

इस बार कुल 9500 अंक का सर्वेक्षण हुआ। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस पर 4525 सर्टिफिकेशन पर 2500 और पब्लिक फीडबैक पर 2475 अंक दिए गए

स्वच्छतम शहरों में महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्रप्रदेश का विशाखापट्टनम चौथे व मध्यप्रदेश का भोपाल पांचवे नंबर पर रहा

देश के स्वच्छ राज्यों की कैटेगरी में इस बार महाराष्ट्र को पहला मध्यप्रदेश को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सातवीं बार इंदौर पहले स्थान पर रहा। सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला।

महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्र प्रदेश का विशाखापट्टनम चौथे और मध्यप्रदेश का भोपाल पांचवें नंबर पर रहा। वहीं, एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में महाराष्ट्र का सासवड पहले, छत्तीसगढ़ का पाटन दूसरे और महाराष्ट्र का लोनावाला तीसरे स्थान पर रहा। देश के स्वच्छ राज्यों की कैटेगरी में इस बार महाराष्ट्र को पहला, मध्यप्रदेश को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान ▶▶ शेष पेज 4 पर

### बुधनी को पश्चिम जोन के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार

प्रदेश में एक 7 स्टार, एक 5 स्टार, 24 थ्री स्टार और 132 वन स्टार गार्बेज फ्री शहर हैं। भोपाल शहर को स्वच्छ शहरों की सूची में गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग के साथ पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश के 15,000 से 20,000 जनसंख्या वाले शहरों में बुधनी को पश्चिम जोन के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में नौरोजाबाद और अमरकंटक को फास्ट मूविंग सिटी श्रेणी में प्रथम और द्वितीय स्थान मिला है। जबकि महू ने सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का खिताब हासिल किया।



भोपाल। माता मंदिर निगम मुख्यालय में ननि अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने मिठाई बांटी।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा

## केंद्र सरकार व संगठनों ने इस मिशन को 'आंदोलन' बनाया

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार तथा अन्य संगठनों ने देश में स्वच्छ भारत मिशन को महत्वपूर्ण आंदोलन बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, इससे जुड़े लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करता है। उन्होंने देश के युवा वर्ग से भारत को विश्व में स्वच्छ देश बनाने की दिशा में योगदान देने की अपील की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह मिशन एक आंदोलन बन गया। 2016 में यह सर्वेक्षण शुरू हुआ जो अब सबसे बड़ा सर्वेक्षण बन गया है। 2014 में 14 से 15 प्रतिशत कचरे की प्रोसेसिंग होती थी, लेकिन अब 75 से 76 प्रतिशत तक कचरा प्रोसेस होता है।*

### कहा-प्रदेशवासियों व स्वच्छता मित्रों को बधाई पीएम के कुशल मार्गदर्शन से इंदौर ने रिकॉर्ड बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'टीम मध्यप्रदेश' ने पुरस्कार ग्रहण किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता मित्रों को बधाई देते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इंदौर का लगातार सातवीं बार स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मंत्री विजयवर्गीय बोले इच्छाशक्ति का परिणाम है

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने एक्स पर लिखा मुस्कुराइए आप मध्य प्रदेश में हैं...। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में मध्य प्रदेश को देश के दूसरे सबसे स्वच्छ राज्य का पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह मध्य प्रदेश की जनता की इच्छाशक्ति का परिणाम है, जो अपने शहरों को, अपने घरों की तरह स्वच्छ रखने का संकल्प लिए हुए हैं।

---

### संघ, भाजपा, सरकार की समन्वय बैठक में निर्णय

## हर मंदिर में होगा 'प्राण-प्रतिष्ठा' का सीधा प्रसारण, हर घर लहराएंगी भगवा पताकाएं



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी से सटे सीहोर के एक रिजॉर्ट में आरएसएस, भाजपा और सरकार के प्रमुखों की बैठक के एजेंडे में शामिल आधा दर्जन से ज्यादा विषय थे लेकिन चर्चा के केंद्र में अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा ही रही। तय किया गया कि 22 तारीख को हर छोटे-बड़े मंदिर में कार्यक्रम होना चाहिए और वहां छोटी-बड़ी एलईडी के जरिए अयोध्या ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ लोकसभा चुनाव व शताब्दी वर्ष की तैयारी पर भी चर्चा

### रिक्टर स्केल पर 6.1 रही तीव्रता

## दिल्ली-एनसीआर में फिर भूकंप के झटके

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके का अहसास होते ही लोग घरों से बाहर के लिए दौड़े। ऑफिसों में काम कर रहे लोग भी कामकाज छोड़कर इमारतों से बाहर आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 रही। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान-अफगानिस्तान ▶▶ शेष पेज 4 पर




■ फिलहाल जानमाल का नुकसान नहीं

### बड़ी संख्या में तैनात रही पुलिस

## पत्थर फेंकने वाले के घर पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

जिला मुख्यालय में राम श्याम धार्मिक कीर्तन यात्रा पर पथराव के मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य आरोपी रहीम पटेल के घर पर गुरुवार को बुलडोजर चला दिया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। बता दें कि सोमवार को शाजापुर में राम श्याम धार्मिक कीर्तन यात्रा निकाली जा रही थी। उस पर रहीम पटेल सहित कुछ ▶▶ शेष पेज 4 पर




■ मुख्य आरोपी के घर को तोड़ा गया

### हफ्ते में तीन दिन ऑपरेट होगी

## अहमदाबाद-अयोध्या के बीच फ्लाइट सर्विस शुरू

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होना है। इस मौके पर ज्यादा से ज्यादा रामभक्त अयोध्या पहुंचने को उत्सुक हैं। गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट रवाना हो गई है। इंडिगो एयरलाइन की इस पहली फ्लाइट को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने दिखाई हरी झंडी

### अभी इसकी कोई वैक्सीन नहीं

## निपाह वायरस वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निपाह वायरस की वैक्सीन को लेकर बड़ी खबर आ रही है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने भारत के केरल समेत कुछ राज्यों और एशिया के कई हिस्सों में चिंता बढ़ाने वाले निपाह वायरस की वैक्सीन की ह्यूमन टेस्टिंग शुरू कर दी है। अभी इस वायरस की कोई वैक्सीन मौजूद नहीं है। इसके ट्रायल में एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी कर रही ट्रायल

### नयनतारा की 'अन्नपूर्णी' फिल्म को नेटफ्लिक्स ने हटाया



**नई दिल्ली।** साउथ एक्ट्रेस नयनतारा की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'अन्नपूर्णी' पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया था, इसके बाद से ही फिल्म विवादों में फंसी हुई है। फिल्म के मेकर्स और इसकी स्टार कास्ट पर भगवान श्रीराम का अपमान करने का आरोप लगाया गया है। इसी बीच फिल्म पर विरोध बढ़ता देख नेटफ्लिक्स ने नयनतारा की इस फिल्म को ▶▶ शेष पेज 4 पर

USHA MARTIN UNIVERSITY
Approved by: UGC | AIU | PCI | BCI | AICTE | INC
Announces
Ph.D Entrance Exam
Application Invited for
Full-Time/Part-Time Ph.D Admission
Ph.D Programmes For January 2024 Batch
Computer Science | Law | Management | Education | Pharma | Journalism & Mass Communication | Mathematics | Microbiology | Biotechnology | English | Physics | Chemistry | Commerce | Mechanical | Agriculture | Nursing
upto 30,000 per month fellowship available
Last date of Submission of Application Form: 16th Jan 2024
Date of Entrance Test on: 21st Jan 2024
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Call Now: +91 8956 226 200, 8055 200 400
www.umu.ac.in
APPLY NOW

---

### इस मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से किसी तरह की ग्रह बाधा नहीं होती, विश्व में भारत के गुरुत्व को बल मिलेगा

**इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में करीब 7000 से अधिक गणमान्य साक्षी बनेंगे**

# संजीवनी मुहूर्त में संपन्न होगा श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह, कुल 7 दिन तक चलेगा 'अनुष्ठान'

### राम मंदिर में श्री रामलला बाल स्वरूप में विराजेंगे

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह कुल सात दिन तक चलेगा। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरू होगा और 22 जनवरी को संपन्न होगा। यह अनुष्ठान संजीवनी मुहूर्त में 84 सेकंड में पूरा किया जाएगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर




### पीएम मोदी रामलला विग्रह की आंखों से कपड़ा हटाएंगे

नवनिर्मित अयोध्या राम मंदिर में श्री रामलला बाल स्वरूप में विराजेंगे। प्रधानमंत्री मोदी रामलला विग्रह की आंखों में काजल और भाल पर तिलक लगाने के बाद उन्हें दर्पण दिखाएंगे और फिर महाआरती के साथ मंदिर में रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न ▶▶ शेष पेज 4 पर



### ऊर्जा मंत्री तोमर बोले

### 22 जनवरी को गुल नहीं होनी चाहिए बिजली

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि 22 जनवरी को प्रदेश में कहीं भी बिजली गुल नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अयोध्या धाम में श्री रामलला के मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस कार्यक्रम का ▶▶ शेष पेज 4 पर



# एएमपीआरआई, आईआईएसईआर सहित विभिन्न संस्थानों ने किए मॉडल प्रदर्शित

## साइंस फिएस्टा 2023-24 एवं केंद्र की 29वां वर्षगांठ समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आंचलिक विज्ञान केंद्र में 11 से 13 जनवरी के दौरान साइंस फिएस्टा 2023-24 एवं केंद्र की 29वां वर्षगांठ समारोह का आयोजन कर रहा है। गुरुवार को आरएससी, भोपाल ने साइंस फिएस्टा का उद्घाटन किया एवं केंद्र की 29वां वर्षगांठ समारोह की शुरुआत की।

गुरुवार को महोत्सव का उद्घाटन डॉ. अनिल कोठारी, महानिदेशक, एमपी काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल के कर कमलों द्वारा प्रो. आशुतोष कुमार सिंह, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल और उमेश कुमार, निदेशक, नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई की उपस्थिति में हुआ।



### इन सस्थायों ने प्रदर्शित किए मॉडल

इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों जैसे कि, एम्स, भोपाल, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सीएसआईआर-उन्नत सामग्री और प्रक्रिया अनुसंधान संस्थान (एएमपीआरआई), भोपाल, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), भोपाल, राजा रमन्ना सेंटर फॉर एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, (आरआरसीएटी), इंदौर, पर्यावरण योजना एवं समन्वय संगठन (ईपीसीओ), आईसीएआर-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईआईएसएस), भोपाल, एमपी जैव विविधता बोर्ड, एचईजी लिमिटेड कंपनी, भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय (आरएमएनएच), सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी), सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉरमेंस, भोपाल, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल एवं ऊर्जा विकास निगम में इस पर्व में भाग लिया और अपने प्रोडक्ट्स एवं टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया।

---

## गौहर महल में 4 दिवसीय 'परी बाजार' का राज्यपाल पटेल ने किया उद्घाटन

# कलाकारों ने गोंड, भील और बैगा पेंटिंग्स से किया आकर्षित, व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में 4 दिवसीय 'परी बाजार' का उद्घाटन गुरुवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया। बेगम ऑफ भोपाल क्लब की ओर से आयोजित इस चौथे 'परी बाजार' में एक तरफ जहां प्रदेश के जनजातीय अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी गोंड, भील और बैगा पेंटिंग्स के जरिए सभी को आकर्षित किया। वहीं, वन्या द्वारा जनजातीय व्यंजनों के स्टॉल ने लोगों के मुंह में पानी लाने का काम किया है।

इस अवसर पर सचिव तमसिल खान, उपाध्यक्ष वीनू धीर, अध्यक्ष रखशां जाहिद उपस्थित हुए। परी बाजार के शुभारंभ अवसर पर आए राज्यपाल मंगुभाई पटेल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेगम्स ऑफ भोपाल की टीम ने जिस ढंग से भोपाल की गंगा जमुना तहजीब को संवार कर रखा है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा भोपाल की वर्षों पुरानी कला और संस्कृति को देखने का अवसर इस बाजार में मिलता है। राज्यपाल ने कहा यह देखकर प्रसन्नता हुई कि आप लोगों ने अलग-अलग स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को जोड़कर उनके हुनर को मंच दिया। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में आप लोग इसी खूबसूरत ढंग से काम करते रहेंगे।

### गजल प्रस्तुति से बांधा समां

परी बाजार की पहली शाम गजलों से खुशनुमा हुई। इस दौरान तारिक अंसारी ने एक से बढ़कर एक गजल की प्रस्तुति देकर समां बांधा। तारिक ने तुमको देखा तो ये ख्याल आया.... गजल सुनाकर प्रस्तुति का आगाज किया। इसके बाद उन्होंने होंटो से छू लो तुम..., वो कागज की कसती वो बारिश का पानी..., तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो..., झुकी झुकी सी नजर... जैसी गजलों की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति के अंत में तारिक ने होश वालो को क्या खबर... और आज जाने की जिद न करो... गजल सुनाकर प्रस्तुति को विराम दिया।

### भोपाल पर चर्चा में हुई तहजीब, जुबान और रिवाजों पर चर्चा

पैनल डिस्कशन सेशन में भोपाल शहर पर चर्चा के लिए आर्किटेक्ट मीरा दास, मैनिट की प्रोफेसर सविता राजे, कवि राजेश जोशी, खालिद घानी, अशार किदवई, मुमताज खान और रजिया हामिद ने चर्चा की। इस सत्र में मुमताज खान ने भोपाल की तहजीब और भोपाल जुबान पर बात की। उन्होंने कहा कि भोपाल के लोग इतने अच्छे हैं कि कोई अनजान भी उनसे कोई पता पूछता है तो वे उसे घर तक छोड़कर आते हैं।

### गोंड कलाकारों ने दी प्रस्तुति

गुरुवार शाम हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वन्या की ओर से गोंड जनजाति के पारंपरिक अहीर समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई। राधे कृष्ण की अठखेलियों को लोक नृत्य के माध्यम से दिखाया। दीपक और समूह के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। लगभग 15 मिनट की इस प्रस्तुति में कलाकारों ने अपनी लोक कला और संस्कृति से परिचित कराया।



### 20 महिलाओं का हुआ सम्मान

समारोह में 20 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें एजुकेशन के लिए डॉ. उषा खरे, नताशा खान, आर्ट एंड लिट्रेचर के लिए ममता तिवारी, ब्यूटी के क्षेत्र में फरहा अनवर को सम्मानित किया गया।



### भोपाल के पकवानों और खानसमों पर हुई बात

किस्सागोई के सत्र में भोपाल के इतिहासकार सिकंदर मलिक ने भोपाल की फूड हिस्ट्री के बारे में बताया। उन्होंने कहा - शिकार करने की आदत की वजह से भोपाल के पुरुष खाना बनाने के मामले में हमेशा से बहुत अच्छे रहे हैं। लोगों की गलत फहमी है कि भोपाल मुस्लिम रियासत थी तो यहां का ज्यादातर खाना नॉनवेज ही है। इस शहर में वेज डिशेज भी उतने ही अच्छे से सेलिब्रेट की जाती थीं, जिस तरह नॉनवेज डिशेज।

### परी बाजार में वन्या के लगाए गए मिलेट्स के स्टॉल्सों के साथ जनजातीय हस्तशिल्प उत्पाद

गौहर महल में आयोजित परी बाजार में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित 'वन्या' के 7 स्टॉल्स पर व्यंजन प्रेमियों के लिए श्रीअन्न से बने खीर, कांग कुदई, कोदो और कुटकी जैसे देहाती स्वाद चखने को मौका मिला। वहीं इस बाजार में गोंड, भील और बैगा पेंटिंग्स व हस्तशिल्प का प्रदर्शन भी खास रूप देखा जा सकता हैं। परी बाजार में अलीराजपुर के मीना डोडवा भी विशेष बांस हस्तशिल्प लेकर आई हैं। इसके साथ ही प्रकृति के रंगों को अपने आप में समेटे भील चित्रकला का स्टॉल भी दर्शकों के लिए खास लगा, जिस पर बाहरसिंगा, बतख, पेड़, घोड़ा, मोर, हिरण के साथ ही गांवों की हरियाली को दिखाया गया।



---

## मेपकास्ट के क्रिएटिव लर्निंग सेंटर में स्टेम शो



# टोपी शंकर की रोमांचक वैज्ञानिक यात्रा से विद्यार्थियों ने जाना विज्ञान के सिद्धांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गुरुवार को मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) के क्रिएटिव साइंस सेंटर के अंतर्गत अंडरस्टेंडिंग इकोसिस्टम फॉर हेल्थ एवं वेलबिइंग पर आधारित कार्यशाला शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए आयोजित की। इसमें आईआईटी गांधीनगर के पंकज गोधारा ने स्टेम से जुड़े प्रयोग विद्यार्थियों से करवाए। दो घंटे तक चलने वाले इस शो में न्यूटन के नियमों, बनॉली के प्रमेय और बिजली उत्पादन की आकर्षक दुनिया पर ध्यान केंद्रित करते हुए एसटीईएम विषयों की जटिलताओं पर प्रकाश डाला गया।

### प्रॉब्लम सोल्विंग, प्रोडक्ट डिजाइन, डिजाइन डेवलपमेंट

छात्रों ने सीखने के अनुभव में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रश्न पूछे और खुद को विज्ञान के चमत्कारों में डुबो दिया। उन्होंने क्रिएटिव लर्निंग, क्रिएटिव थिंकिंग, प्रॉब्लम सोल्विंग, प्रोडक्ट डिजाइन, डिजाइन डेवलपमेंट आधारित विभिन्न प्रयोग, बल कार्य और ऊर्जा से संबंधित प्रयोग, लिक्विड नाइट्रोजन गैस से संबंधित, सूर्य संचालन के पथ, रोजाना कार्यों में विज्ञान के अनुप्रयोग आधारित रोचक प्रयोग किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टोपी शंकर की रोमांचक कहानी थी, जिसने वैज्ञानिक यात्रा में कहानी कहने का स्पर्श जोड़ा। इस कथा ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सिद्धांतों को आकर्षक तरीके से व्यक्त करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में भी काम किया।

---

### 161वीं विवेकानंद जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे

## मेलबर्न में विवेकानंद जयंती पर युवा ऑफ दी ईयर पुरस्कार घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में 12 जनवरी शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती पर युवा ऑफ दी ईयर अवॉर्ड प्रारंभ किया जा रहा है। 5 से 25 वर्ष आयु वर्ग को दिया जाने वाले इस अवॉर्ड सेरेमनी में मेलबर्न में भारत के कौंसलेट जनरल डॉ. सुशील कुमार, स्वामी विवेकानंद द्वारा स्थापित वेदांत सेंटर, मेलबर्न के प्रमुख स्वामी सुनिष्ठानंद महाराज और विक्टोरिया विधान परिषद के सदस्य जो मैक क्रैकन मुख्य अतिथि होंगे। विवेकानंद सोसाइटी ऑफ ऑस्ट्रेलिया के संस्थापक-अध्यक्ष योगेश भट्ट ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार और हिंदी सेवी पत्रकार पंकज पाठक के संपादन में प्रकाशित कविता संग्रह समकालीन सप्तक का लोकार्पण भी होगा। इस आयोजन को 30 विभिन्न संगठनों ने सहयोग प्रदान किया है।



## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि ने बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

**भोपाल।** घर से मस्जिद है बहुत दूर, चलो यूं कर लें, किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए। इन पंक्तियों को चरितार्थ किया राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के स्वयंसेवकों ने। दरअसल राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्नेह-किरण थीम पर गर्म कपड़ों के वितरण का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत पांच सरकारी स्कूलों के 150 से अधिक बच्चों को गर्म कपड़े उपहार स्वरूप दिए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि के कुलपति प्रो रजनीकांत की गरिमामय उपस्थिति दर्ज हुई।

### मप्र के 52 जिलों के बाल वैज्ञानिक पढ़ेंगे शोधपत्र

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के राज्य स्तरीय द्वितीय चरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाल विज्ञान कांग्रेस का इस वर्ष का आयोजन मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, रातीबड़, भोपाल में 12 से 14 जनवरी तक होगा। इसमें 30 सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्राओं का चयन राष्ट्रीय आयोजन के लिए किया जाएगा। इस वर्ष का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परितंत्र को समझना है।

राज्य आयोजन में मध्यप्रदेश के 52 जिलों से बाल वैज्ञानिक अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इनके साथ विज्ञान शिक्षक भी आएंगे। कार्यक्रम के दौरान शोध पत्रों की प्रस्तुति के साथ-साथ वैज्ञानिकों से बच्चों की बातचीत की और कई प्रश्नों के जवाब लिए। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी इत्यादि भी आयोजित होंगे।

### मानव संग्रहालय में 'हिंदी का वैश्विक परिदृश्य' विषय पर व्याख्यान

## पश्चिमी देशों के विदेशी विद्वानों ने हिंदी के विकास में दिया काफी योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय राजभाषा के उतरोत्तर विकास एवं प्रचार-प्रसार के लिए समय-समय पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करता है। इसी श्रृंखला में शैलकला भवन में आयोजित कार्यशाला में 'हिंदी का वैश्विक परिदृश्य' विषय पर डॉ. जवाहर कर्नावत, सलाहकार, भारतीय साहित्य एवं शोध केन्द्र, रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आपको विश्व स्तर पर हिंदी के प्रचार प्रसार करने वाले विदेशी विद्वानों और गिरमिटिया बंधुओं के अथक प्रयासों के बारे बताऊंगा। वर्तमान में प्रवासी भारतीय की संख्या-3 करोड़ है। हिंदी भाषा के विकास में पश्चिमी संस्कृति को मानने वाले देश के विदेशी विद्वानों ने हिंदी के विकास में काफी योगदान दिया, जिसके कारण हिंदी के प्रचार प्रसार में मील के पत्थर साबित हुए है।



---

## शहीद भवन में नाटक 'इंस्पेक्टर शेर खान शेरु' का मंचन

# विदेशी सामाजिक परिस्थितियां और संस्कृति के अनुरूप है हास्य नाटक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द रिफलेक्शन सोसाइटी ऑफ परफार्मिंग आर्ट एंड कल्चर द्वारा शहीद भवन में गुरुवार की शाम नाटक 'इंस्पेक्टर शेरसिंह शेरु' का मंचन किया गया। टॉम स्टॉपर्ड द्वारा लिखित नाटक 'द रियल इंस्पेक्टर हाउंड' का हिन्दी रूपांतरण है। जहां मुख्य कहानी विदेशी सामाजिक परिस्थितियों और संस्कृति के अनुरूप थी, हास्य से भरपूर इस नाटक को भारतीय दर्शकों और परिवेश के अनुसार ढालने का प्रयास किया गया। नाटक में निर्देशन अर्शिन खान का रहा।



### नाटक की कहानी

इंस्पेक्टर शेरसिंह शेरु की कहानी दो नाट्य समीक्षक उत्साही और अवरोधी के इर्द-गिर्द घूमती है। जिन्हें एक नए मर्डर-मिस्ट्री नाटक कातिल कौन के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए बुलाया जाता है। मंचित हो रहे नाटक का सेट मालगंज स्थित परमात्मा निवास नामक हवेली है, जो की पहाड़ों और पानी से घिरा हुआ है। नाटक में किसी खतरनाक पागल की खोज चल रही है, जो कहानी के अनुसार परमात्मा निवास के पास ही देखा गया है। भूल-भुलैया जैसे परमात्मा निवास में केवल चार ही लोग हैं, तभी प्रवेश होता है आकर्षक किन्तु रहस्यमयी समीर सान्याल का, जो यूं तो रूबीना और देविका का दोस्त है, पर शायद कई राज मन में छुपाए बैठा है। सभी किरदार उस पागल के आस-पास होने की खबर से डरे तो होते हैं, पर इस बात से भी अंजान होते हैं कि मंच पर शुरू से ही एक किरदार लाश के समान लेटा हुआ है, जो उनकी आंख से ओझल सा है।

**अलहदा किरदारों की गुत्थी को समझने की कोशिश करते इंस्पेक्टर**

जहां एक ओर उत्साही और अवरोधी नाटक की अजीब-ओ-गरीब कहानी और उससे भी अलहदा किरदारों की गुत्थी को समझने की कोशिश कर रहे होते हैं। वहीं दूसरी ओर खुद की व्यक्तिगत परेशानियों में भी उलझे होते हैं। उत्साही खुद की ही पत्रिका में काम करने वाले दो अन्य समीक्षकों, अमर और मायावी से असुरक्षित महसूस करता है।


बिजनेस साइट

## क्या आपको लार्ज और मिड कैप फंड में निवेश करने पर विचार करना चाहिए?

**भोपाल।** जब लंबी अवधि में संपत्ति बनाने की बात आती है, तो अकेले बचत से मदद नहीं मिलेगी। वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए उन बचतों को विवेकपूर्ण ढंग से उपलब्ध विभिन्न निवेश साधनों में निवेश करना अनिवार्य है। पारंपरिक निवेश विकल्पों, सावधि जमा, म्यूचुअल फंड और कई अन्य विकल्पों के बीच, निवेशकों के पास आज कई प्रकार के निवेश विकल्प उपलब्ध हैं। इक्विटी विकल्पों की तलाश कर रहे निवेशक के लिए, विचार करने योग्य बिंदुओं में से एक लार्ज और मिडकैप फंड हो सकता है।



पंकज कृष्णानी
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

लार्ज और मिड-कैप फंड इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं जो बड़ी पूंजीकरण वाली कंपनियों में अपने कुल फंड का न्यूनतम 35 प्रतिशत और मिड कैप कंपनियों के शेयरों में न्यूनतम 35 प्रतिशत निवेश करती हैं। लार्ज कैप कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 20,000 करोड़ से अधिक है, जबकि मिडकैप 5000 से 20,000 करोड़ की श्रेणी में आते हैं। ये फंड प्रोफेशनल फंड मैनेजरों द्वारा संचालित होते हैं जो लगातार बाजार पर नजर रखते हैं और उच्चतम संभव रिटर्न उत्पन्न करने में मदद करने के उद्देश्य से व्यापार करते हैं।

एक निवेशक के रूप में, आपका प्राथमिक उद्देश्य न्यूनतम संभावित जोखिम का सामना करते हुए अधिकतम संभव रिटर्न अर्जित करना होना चाहिए। यदि आप अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड के साथ एक अच्छी तरह से प्रबंधित लार्ज और मिड-कैप फंड चुनते हैं, तो आपके पास अच्छे रिटर्न प्राप्त करने की क्षमता होती है, जबकि अंतर्निहित जोखिम लार्ज कैप कम्पोनेंट्स द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसके अलावा, ऐसे फंडों में निवेश आपको वर्तमान में बढ़ती मुद्रास्फीति से अप्रभावित रहते हुए, अपनी संपत्ति को बनाए रखने और बढ़ाने में सक्षम बनाता है, साथ ही आपको बाजार और अर्थव्यवस्था के विकास में बड़े पैमाने पर भाग लेने की क्षमता भी प्रदान करता है।

शेयर बाजार की दो प्रमुख श्रेणियों में अधिकतम विविधीकरण सुनिश्चित करने के अलावा, लार्ज और मिड-कैप फंडों में निवेश आपके पोर्टफोलियो में ताकत जोड़ने का एक शानदार तरीका है। यहां, आप स्वयं बाजार पर नजर रखने की आवश्यकता के बिना, अपने फंड मैनेजर की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकते हैं।

इसलिए, यदि आप उपयुक्त निवेश अवसर की तलाश में हैं, तो आपको निश्चित रूप से इस विकल्प पर विचार करना चाहिए। एकमात्र चेतावनी यह है कि इस श्रेणी में कम से कम पांच साल से अधिक की समय सीमा के साथ निवेश करना चाहिए। जबकि कई फंड हाउस इस श्रेणी में पेशकश कर रहे हैं, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिड-कैप फंड लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से एक है।

**खबर संक्षेप**

## लोहड़ी जलाकर नव विवाहित जोड़े व शिशु को देंगे बधाई

**भोपाल।** मन्नतों को पूरा करने का पर्व लोहड़ी 13 जनवरी शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। तो वहीं भांगड़ा और गिद्दा का धमाल होगा। इस मौके पर जिनकी शादी व जन्म लेने वाले बच्चों की पहली लोहड़ी होगी। उनके घरों में इसका आयोजन भव्य तरीके से किया जाएगा। लोहड़ी के दिन पंजाबी समाज के लोग शाम को अग्नि में नए अनाज को डालकर उसकी परिक्रमा लगाकर अपनों की सुख-समृद्धि के लिए मंगलकामनाएं करेंगे।

## पंचमुखी हनुमान दुर्गा मंदिर अयोध्या नगर में श्री हनुमत महायज्ञ 18 से

**भोपाल।** पंचमुखी हनुमान दुर्गा मंदिर अयोध्यानगर में 18 जनवरी से 22 जनवरी तक श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक आचार्य पंडित केशव शास्त्री होंगे। कलशयात्रा अहिंसा विहार राम मंदिर से 18 जनवरी को सुबह 10 बजे शुरू होगी। 19 को मंडप पूजन, 20 को सुंदरकाण्ड, 21 को हनुमान चालीसा पाठ तथा 22 जनवरी को 1108 दीपों से रामलला की भव्य आरती होगी।

## आशिमा-अनुपमा सिटी में 22 जनवरी को मनेगा दीपोत्सव

**भोपाल।** आशिमा अनुपमा सिटी बाग मंगलिया स्थित श्री राम जानकी क्लब हाउस में 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रही प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर कलश यात्रा के साथ अखंड रामायण पाठ किया जाएगा। श्री रामकृष्ण प्रभात फेरी मंडल के सदस्य पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कॉलोनी के रहवासियों द्वारा अयोध्या से आए पूजित अक्षत पीले चावल राम मंदिर का चित्र वा पत्रक घर-घर जाकर बांटा गया।

## 25 हजार निजी स्कूलों को राहत, आरटीई की राशि बढ़ी

**भोपाल।** मप्र शासन ने आरटीई की राशि बढ़ाने के आदेश जारी कर दिए हैं। आरटीई के तहत लगभग प्रदेश के निजी स्कूलों में करीब 9 लाख 20 हजार बच्चे पढ़ाई कर रहे है। राशि बढ़ोत्तरी के बाद शासन के संभावित प्रतिवर्ष पांच सौ करोड़ रुपए व्यय होंगे। पिछले साल तक यह राशि पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए 5253 रुपए प्रति छात्र थी। इस बार इसे 263 रुपए बढ़ाकर 5516 रुपए कर दिया गया है। पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की राशि पिछले साल के 5532 रुपए प्रति छात्र से 277 रुपए बढ़ाकर 5809 रुपए कर दिया है। छठवीं से आठवीं तक की राशि पिछले साल 6160 रुपए थी। इसे 308 रुपए बढ़ाकर 6468 रुपए कर दिया गया है। राशि बढ़ोत्तरी का लाभ आरटीई के तहत प्रवेश देने वाले 25 हजार निजी स्कूलों को होगा।

## शिक्षा वित्तीय सहायता आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक

**भोपाल।** भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय जबलपुर द्वारा संचालित बीड़ी श्रमिकों के अध्ययनरत बालक, बालिकाओं के लिये नेशनल स्कारलशिप पोर्टल पर छात्रवृति का लाभ लेने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 तक कर दी गयी है। हितग्राही पोर्टल पर 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं।

## फाउंडेशन एग्जाम का रिजल्ट जारी

**भोपाल।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउंट्स ऑफ इंडिया ने दिसंबर 2023 में हुए फाउंडेशन एग्जाम का रिजल्ट गुरुवार को जारी कर दिया है। भोपाल चैप्टर से इस बार फाउंडेशन प्रोग्राम में शामिल हुए स्टूडेंट्स में से 59 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए। एग्जाम पास करने वालो में प्रथम स्थान पर प्रियांशी माहेश्वरी, दूसरे स्थान पर कृष्णा लोवंशी और अक्षिर भावसार तथा तीसरे स्थान पर आदर्श अग्निहोत्री है।

### जीआरपी भोपाल ने 24 घंटे के अंदर आरोपियों को पकड़ा, मोबाइल नगदी बरामद

# इटारसी आउटर पर चाकू मारकर लूटपाट करने वाले चार गिरफ्तार

*लुटेरों ने ओवरब्रिज के नीचे घटना को अंजाम दिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत टॉकीज ओवरब्रिज के नीचे इटारसी आउटर पर बुधवार सुबह युवक पर चाकू से हमला कर मोबाइल और चार हजार रुपए लूटने वाले चारों लुटेरों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है।

जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि बरखेड़ी फाटक के पास रहने वाले आयुष जोशी (29) प्राइवेट काम करता है। मंगलवार सुबह करीब पौने पांच बजे वह बरखेड़ी फाटक से रेलवे लाइन के किनारे वाले रास्ते से पैदल भोपाल स्टेशन जा रहा था। इस दौरान भारत टाकीज ओवर ब्रिज के पास स्टेशन के इटारसी आउटर पर मुंह पर रूमाल बांधे चार नकाबपोश बदमाशों ने उसे घेर लिया। एक बदमाश ने आयुष के सीने पर चाकू अड़ाकर मोबाइल व पर्स लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने आयुष के सिर व हाथ-पैर में चाकू से हमला किया था। बदमाश उसकी जेब से मोबाइल व चार हजार रुपए नगदी लूटकर गए थे।

◆ बदमाशों ने सिर व हाथ-पैर में चाकू से किया था हमला



**जीआरपी ने हुलिए के आधार पर लोगों से पूछताछ की**

*आयुष ने पुलिस को बताया था कि चाकू मारने वाले लड़के को उसके साथी अमन कहकर पुकार रहे थे। जीआरपी के जवानों ने हुलिए के आधार पर आसपास की बस्तियों में आरोपी के बारे में लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में अहम सुराग मिलते ही जीआरपी पुलिस ने आरोपियों अमन खान (18) निवासी बाग उमराव दूल्हा, फैजान खान (19) निवासी पातरा पुल दरगाह वाली गली, इरफान उर्फ इरफान तोतला (18) निवासी धोबीघाट बजरिया व निखिल वंशकार उर्फ काली मलाई (18) निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी अशोका गार्डन को हिरासत में ले लिया।*

### एक्टिवा को कट मारने पर विवाद के बाद मारा था चाकू

## चाकू से जानलेवा हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित जीटीबी कॉम्पलेक्स के पास बीस दिन पूर्व चाकू से हुए जानलेवा हमला में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में अज्ञात तीन हत्यारों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार जवाहर चौक बस्ती निवासी 19 साल का राहुल लोखंडे पिता परसराम लोखंडे, पुताई के ठेके लेता था।

**किडनी डैमेज होने से मौत**

बदमाशों ने उसे चाकू मारा। गंभीर रूप से घायल राहुल को जय प्रकाश अस्पताल ले गए। स्थिति गंभीर होने के कारण हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहां राहुल का इलाज चल रहा था। डॉक्टर ने परिजन को बताया था कि कमर के पास लगे चाकू से किडनी डैमेज हो गई थी। अस्पताल से सूचना मिलने पर 21 दिसंबर को पुलिस राहुल के बयान लेने पहुंची थी, लेकिन वह बयान देने की स्थिति में नहीं था। 24 दिसंबर को पुलिस दौबारा अस्पताल पहुंची और राहुल के बयान दर्ज किए। पुलिस ने साधारण मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। चोट गंभीर होने के कारण संक्रमण बढ़ा और बुधवार-गुरुवार की रात करीब 2 बजे राहुल की मौत हो गई।

### मप्र मानव अधिकार आयोग ने ननि से पूछा

## स्ट्रीट डॉग के नियंत्रण के लिए क्या प्रयास किए, ब्यौरा भी तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने एमपी नगर जोन वन स्थित प्रेस कॉम्प्लेक्स में एक स्ट्रीट डॉग द्वारा 21 लोगों के काटने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने सीएमएचओ और नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। साथ ही नगर निगम द्वारा आवारा श्वान के नियंत्रण के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी मांगी।

**पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश**

शहर के कमला नगर और नेहरू नगर चौराहे के पास डी-सेक्टर में बेखौफ बदमाशों द्वारा घरों के सामने खड़ी कारों में तलवारों, पत्थर, लोहे की रॉड से तोड़फोड़ करने के मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर घटनाओं के निवारण हेतु की गई कार्रवाई के संबंध में 15 दिन में जवाब मांगा है।

## 43वीं गुलाब पुष्प प्रतियोगिता आज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश रोज सोसाइटी तथा संचालनालय उद्यानिकी द्वारा आयोजित 43 वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी के अंतर्गत गुलाबों के गमलों की प्रतियोगिता 12 जनवरी को गुलाब उद्यान, लिंक रोड नम्बर एक में आयोजित की गई है। सोसाइटी के अध्यक्ष लक्ष्मेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि 12 जनवरी गुलाब के गमले लेना शुरू हो जाएगा। 13 जनवरी को सुबह 9 बजे से कटे हुए गुलाब पुष्प, प्रदर्शनी स्थल पर लिए जाएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसाइटी के कोषाध्यक्ष सुशील प्रकाश होंगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार 13 जनवरी को शाम 4 बजे होगा।

## एम्स में एंटीबायोग्राम का विमोचन

**भोपाल।** राजधानी एम्स के माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा तैयार जुलाई-दिसंबर-2023 के लिए एंटीबायोग्राम का विमोचन एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह द्वारा किया गया। एम्स हर छह महीने में अपनी सुविधा आधारित एंटीबायोग्राम जारी करता है।

इस एंटीबॉयोग्राम द्वारा वर्तमान एंटीबायोटिक प्रतिरोध पैटर्न को समझने में सहायता मिलती है। इसकी सहायता से एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग और प्रभावी रोगी उपचार में काफी मदद मिलती है। संक्रामक रोगों के खिलाफ उपचार के विकल्पों की कमी के कारण एंटीबायोटिक प्रतिरोध के वैश्विक खतरे को देखते हुए, इस प्रयास को एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक और सीईओ द्वारा सक्रिय रूप से प्रचारित और मॉनिटर किया जाता है।

### शिव विवाह का प्रसंग भजनों के साथ संपन्न

## सज रहे भोले बाबा, शिव बारात की धूम, भजनों में जमकर थिरके श्रोता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अवंतिका पार्क में चल रही श्रीमद् देवी भागवत की कथा के दूसरे दिन कथा व्यास शशांक शेखर महाराज ने शिव विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा की शुरुआत माता गौरा के उमा रूप में अवतरण से शुरु होती है। राजा हिमाचल और मैना देवी के घर माता सती उमा के रूप में जन्म लेती हैं। यह जानकर राजा हिमाचल समस्त राज्य में उत्सव मनाते हैं कि, मेरे घर में पुत्री हुई है। जैसे जैसे उमा बड़ी होती हैं नारद ऋषि उन्हें भगवान भोलेनाथ की साधना करने के लिए कहते हैं।

**उमा ने वर के रूप में भगवान शिव को चुना**

अत्यधिक समय बीत जाने के बाद राजा हिमाचल अपनी पुत्री के विवाह के लिए चिंतित होते हैं। यह स्थिति देखकर नारद ऋषि मैना रानी और राजा को आश्वासन देते हैं कि आप निश्चिंत रहे उमा ने अपने वर रूप में भगवान शिव का चयन कर लिया है।। इस प्रकार भगवान शिव बारात बड़े हर्ष से द्वार पर पहुंचती है। माता उनका स्वागत करती हैं और शिव विवाह का प्रसंग भजनों के साथ संपन्न होता है।

## एनआईटीटीटीआर में भारतीय अनुवाद उपकरण विषय पर वर्कशॉप

**भोपाल।** एनआईटीटीटीआर में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर भारतीय अनुवाद उपकरण विषय पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के अलावा विश्व के कई देशों में बसे भारतीयों को एक सूत्र में बांधने के लिए विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। डीन अकादमिक एवं रिसर्च प्रो. संजय अग्रवाल ने कहा कि भारत द्वारा डेवलप एआई जनरेटिव ट्रांसलेशन टूल्स के माध्यम से क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कंटेंट को हर कोई अपनी शिक्षा एवं शोध के लिए उपयोग में ला रहा है। भारत के एआई ट्रांसलेशन टूल्स भाषा के आधार पर बंटे हुए लोगों को आपस में जोड़ने का काम कर रहे हैं। डीन एवं हेड प्रो. पीके पुरोहित ने बताया कि विश्व हिंदी दिवस को हर साल एक थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। वर्ष 2024 में हिंदी दिवस की थीम है हिंदी पारंपरिक ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को जोड़ना।

## श्री हरि हरात्मक शक्ति महायज्ञ, तैयारियां शुरू

**भोपाल।** राजधानी के अशोका गार्डन के मां दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर में श्री विराट हरि हरात्मक शक्ति महायज्ञ जो कि 26वें वर्ष को संपन्न कराने की तैयारी शुरू हो चुकी है। 16 से 26 जनवरी तक 12 दिवसीय महायज्ञ को भव्यता प्रदान करने के लिए मां अशोक विहार सेवा उत्थान समिति द्वारा यज्ञशाला में नौ हवन कुंडों के साथ अन्य निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुके हैं। भक्तगण से सहयोग लेने हेतु घर-घर जनसंपर्क कर महायज्ञ में उपस्थित होने का आमंत्रण दिया जा रहा है।




**बिजनेस साइट**

## लार्ज और मिडकैप फंड में निवेश: विकास के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण

**इंदौर।** म्यूचुअल फंड में, लार्ज और मिडकैप फंडों ने भारत में निवेशकों के बीच महत्वपूर्ण लोकप्रियता हासिल की है। ये फंड लार्ज-कैप शेयरों की स्थिरता को मिड-कैप शेयरों की विकास क्षमता के साथ जोड़कर एक संतुलित निवेश दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

भारत में म्यूचुअल फंड के नियामक प्राधिकरण, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड को उनके निवेश उद्देश्यों, एसेट आवंटन और बाजार पूंजीकरण के आधार पर विभिन्न कैटेगरीज में वर्गीकृत किया है। सेबी के वर्गीकरण के अनुसार, लार्ज और मिडकैप फंड ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम हैं। साथ ही, इन फंडों को अपनी संपत्ति का कम से कम 35 प्रतिशत लार्ज-कैप शेयरों में और न्यूनतम 35 प्रतिशत मिड-कैप शेयरों में आवंटित करना होगा।

सेबी के अनुसार, लार्ज-कैप कंपनियों को कुल बाजार पूंजीकरण में टॉप 100 कंपनियों के रूप में परिभाषित किया गया है। इसके विपरीत, मिड-कैप कंपनियां बाजार पूंजीकरण के मामले में 101वें से 250वें स्थान पर हैं। कंपनियों के बीच अलगाव वर्ष में दो बार किया जाता है-प्रत्येक वर्ष की पहली जनवरी और पहली जुलाई। जब लाभ की बात आती है, तो लार्ज और मिडकैप फंड निवेशकों को स्थिर, अच्छी तरह से स्थापित कंपनियों (लार्ज-कैप) और विकास क्षमता वाली उभरती कंपनियों (मिड-कैप) के सामने लाते हैं। इस फंड का यह संतुलित दृष्टिकोण निवेशकों को केवल मिड-कैप फंडों में निवेश से जुड़े कुछ जोखिमों को कम करते हुए, मिड-कैप शेयरों की संभावित बढ़त से लाभ उठाने की सुविधा देता है। इन फंडों का प्रबंधन अनुभवी फंड मैनेजर्स द्वारा किया जाता है जो ग्रोथ की पहचान करने के लिए, संभावित स्टॉक्स को लेकर गहन रिसर्च और एनालिसिस करते हैं। एक अच्छी तरह से संतुलित पोर्टफोलियो चुनने में उनकी विशेषज्ञता पैसिव निवेश रणनीतियों की तुलना में बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न उत्पन्न कर सकती है।



**साहिल नीलेश शाह**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, इंदौर

ये फंड लंबी अवधि के निवेश दायरे वाले निवेशकों के लिए उपयुक्त है जो पूंजी में वृद्धि चाहते हैं। चूंकि ये फंड विकास क्षमता वाली कंपनियों में निवेश करते हैं, इसलिए, उनमें लंबी अवधि में आकर्षक रिटर्न उत्पन्न करने की क्षमता होती है। ऐतिहासिक रूप से, लार्ज और मिड-कैप फंडों ने शुद्ध मिड-कैप फंडों की तुलना में संभावित रूप से अधिक रिटर्न की पेशकश करते हुए लार्ज-कैप फंडों से बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता दिखाई है। तेजी के चरणों के दौरान, मिड-कैप स्टॉक लार्ज कैप से बेहतर प्रदर्शन करते हैं, जिससे इस श्रेणी का प्रदर्शन प्रभावित होता है। अधिक चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों में, लार्ज-कैप शेयरों द्वारा प्रदान की गई स्थिरता नकारात्मक जोखिम को कम करने में मदद करती है। श्रेणी में विभिन्न पेशकशों में से, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लार्ज एंड मिडकैप फंड पूर्ण बाजार चक्र में स्थिर प्रदर्शन करने वालों में से एक है।



## पेज एक का शेष

### स्वच्छतम शहर ...

मिला। पिछली बार मध्यप्रदेश पहले स्थान पर था। गंगा किनारे बसे सबसे साफ शहरों में वाराणसी पहले और प्रयागराज दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा मध्यप्रदेश के महू को सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का अवॉर्ड मिला है। बेस्ट सफाई मित्र सुरक्षित शहर का अवॉर्ड चंडीगढ़ को दिया गया। दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने इन राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस बार कुल 9500 अंक का सर्वेक्षण हुआ है। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस पर 4525, सर्टिफिकेशन पर 2500 और पब्लिक फीडबैक पर 2475 दिए गए।

**सफाई मित्रों में खुशी की लहर, ननि अध्यक्ष ने बांटी मिठाई:** देश के शीर्ष 5 स्वच्छ शहरों की सूची में भोपाल के शामिल होने पर राजधानी में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने मिलकर जश्न मनाया। माता मंदिर स्थित नगर निगम मुख्यालय में सफाई कर्मचारी एकत्र हुए और एक-दूसरे को बधाई दी। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सफाई मित्रों का मुंह मीठा कराया। इस मौके सभी सफाई मित्र ढोल बजाते हुए खुशी से नाचते नजर आए।


**-: आम सूचना :-**

स्थित आवासीय भूमि भूखण्ड क्रमांक-99 एयरोसिटी फेज-1, (पीपलनेर) सेक्टर-डी जिला भोपाल, भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा खसरा क्रमांक-54/4 का अंश भाग में से एकड एंव अनापत्ति पत्र क्रमांक-651/क.य /सं.क्र.-7/भोविप्रा/2013 के संबंध में

मैं अपने पक्षकार सुषमा चौबे पत्नि लक्ष्मण कुमार चौबे, निवासी- मकान नंबर-32 गली नंबर-17 रोड नं.-13, नवजीवन कालोनी छोला रोड, भोपाल म.प्र. 462001 की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने तंजीम अली आ. सैय्यद अशरफ अली निवासी-145, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सारा अपार्टमेंट कोहेफिजा भोपाल म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की उपरोक्त भूखण्ड क्रमांक-99 एयरोसिटी फेज-1, (पीपलनेर) सेक्टर-डी जिला भोपाल, भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा खसरा क्रमांक-54/4 का अंश भाग में से एकड एवं अनापत्ति पत्र क्रमांक-651/क.य/सं.क्र./-7 /भोविप्रा/2013 के संबंध में जिसकी चतुर्थ सीमायें :- उत्तर में- 80 मीटर रोड, दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक-85, पूरब में- भूखण्ड क्रमांक-100 पश्चिम में- भूखण्ड क्रमांक-98 भूमि का क्रय करने का अनुबंध पत्र दिनांक ....... को निष्पादित कर बयाने में एक लमसम राशि अदा कर दी थी व विक्रेता के द्वारा मेरे पक्षकार के पक्ष में अनुबंध पत्र विक्रय अनुबंध पत्र भी निष्पादित किया जा चुका है, मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित कराया है व शेष रही राशि का भुगतान देकर, शेष रहे खसरा नम्बरों का विक्रय पत्र रजिस्ट्री पश्चात् पंजीबद्ध कराना शेष रह गया था। वर्तमान में विक्रेता के द्वारा विक्रय पत्र को पंजीबद्ध कराने के लिये रूपये...... की अनुचित मांग की गयी है तथा मेरे पक्षकार को यह जानकारी भी प्राप्त हुई है कि राजस्व अभिलेख में शेष रहे खसरा नम्बरों पर नाम दर्ज होने का अनुचित लाभ उठाते हुए विक्रेतागण उक्त भूमि को कहीं अन्यत्र विक्रय करना चाहते है। मेरा पक्षकार दिनांक ....... को उप-पंजीयक कार्यालय में उपस्थित होकर शेष खसरा नम्बरों के विक्रय पत्र अपने पक्ष में पंजीबद्ध कराने हेतु उपस्थित रहेगा। इस संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागणों को पृथक से सूचना पत्र भी प्रेषित किया जा रहा है। यदि विक्रेतागणों या उनके अधिकृत मुख्तार के द्वारा उक्त खसरा नम्बरों को कहीं दान या विक्रय कराया जाता है तो वह विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित दिनांक-....... के पश्चात मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं है। अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

भवदीय महेन्द्र विश्वकर्मा (एडवोकेट)
निवास/आफिस-57, ए-सेक्टर अवधपुरी,
भोपाल (म.प्र.)-462022
मोबाईल नं.-9424839425


### कहा-प्रदेशवासियों व ...

स्वच्छता के संकल्प को साकार करने में निरंतर अपना योगदान देता रहेगा और आशा व्यक्त की कि आगामी सर्वेक्षण में प्रदेश और बेहतर प्रदर्शन करेगा।

### हर मंदिर में होगा 'प्राण-...

के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाना चाहिए। सभी को टारगेट दिया गया कि समय से पहले घर-घर प्राण-प्रतिष्ठा का संदेश और आमंत्रण पहुंच जाना चाहिए। अभियान चलाकर भगवा पताकाओं से शहरों, नगरों और गांवों को पाट दिया जाना चाहिए। बैठक में संघ के सर सहकार्यवाह अरुण कुमार, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक दीपक बिस्पुते, भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री द्वय राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, जयभान सिंह पवैया सहित भाजपा के प्रदेश प्रभारी और संभागीय प्रभारी मौजूद रहे।

**इन मुद्दों पर भी हुई विस्तार से बातचीत:** बैठक में कहा गया कि लोकसभा चुनावों में ज्यादा समय नहीं है। संघ ने भाजपा और सरकार से इसकी तैयारी के बारे में जानकारी ली। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में जाते हुए कहा कि प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतने के लिए रणनीति बनेगी और भाजपा सभी सीटें जीतेगी। अगले साल 2025 में संघ का शताब्दी वर्ष है, तय किया गया कि तब तक संघ का काम हर तहसील तक पहुंच जाना चाहिए।

**समन्वय, राजनीतिक नियुक्तियों पर भी हुई बात:** बैठक में संघ की ओर से कहा गया कि सरकार में भाजपा के आम कार्यकर्ताओं और नेताओं की भागीदारी समय रहते सुनिश्चित की जाना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि राजनीतिक नियुक्तियों में ज्यादा विलंब न हो और यह काम बिना भेदभाव पात्रता के आधार पर किया जाना चाहिए। बैठक के बाद संघ के पदाधिकारियों के कामकाज में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

### दिल्ली-एनसीआर में ...

सीमा पर था। फिलहाल कहीं से भी जान-माल की हानि की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर समेत जम्मू-कश्मीर के पूंछ इलाके में भी महसूस हुए। इससे पहले पिछले महीने भी दिल्ली, यूपी बिहार सहित पूर्वोत्तर राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

**क्यों आता है भूकंप?:** पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।

**ये भूकंप मापने का तरीका:** भूकंप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

### पत्थर फेंकने वाले ...

लोगों ने पथराव कर दिया था। स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। गुरुवार को प्रशासन ने आरोपी रहीम पटेल के मकान पर बुलडोजर चला दिया।

इस दौरान बड़ी संख्या में राजस्व एवं पुलिस फोर्स मौका स्थल पर मौजूद रहा। इस दौरान पुलिस फोर्स हथियारों के साथ लेस नजर आई वहीं आसपास के क्षेत्र में पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग भी कर दी गई थी। ताकि कार्यवाही के दौरान कोई बुलडोजर चलने वाले क्षेत्र में नहीं पहुंच पाए। दोपहर 3:10 बजे जैसे ही बुलडोजर मौका स्थल पर पहुंचा और उसने पत्थर बाजी के मुख्य आरोपी रहीम पटेल के मकान को तोड़ना शुरू कर दिया। करीब 15 फीट यह मकान तोड़ा गया है, जिसको लेकर प्रशासन में पहले ही उक्त मकान को खाली करवा दिया गया था।

### अहमदाबाद-अयोध्या के...

सिंधिया और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अहमदाबाद हवाई अड्डे पर यात्रियों को भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की वेश-भूषा में भी देखा गया है। बता दें कि अहमदाबाद-अयोध्या के बीच इंडिगो की फ्लाइट हफ्ते में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को फ्लाइट ऑपरेट की जाएगी। अहमदाबाद से सुबह 9.10 बजे फ्लाइट टेक ऑफ होकर अयोध्या 11 बजे लैंड करेगी। जबकि अयोध्या से टेकऑफ का टाइम सुबह 11.30 बजे है और यह अहमदाबाद दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर पहुंचेगी।

**अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरेंगे 100 चार्टर्ड प्लेन:** सीएम योगी ने इस मौके पर कहा, 'उत्तर प्रदेश को चौथा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देने के लिए मैं पीएम मोदी का आभारी हूं। अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 दिसंबर को किया गया था। इसके साथ ही दिल्ली-अयोध्या के बीच वायु सेवा शुरू हुई।' उन्होंने आगे कहा कि 22 जनवरी को राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में भाग लेने के लिए करीब 100 चार्टर्ड प्लेन अयोध्या एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इससे अयोध्या एयरपोर्ट की क्षमता की जांच भी होगी।

### निपाह वायरस वैक्सीन...

इंडिया के कोविड-19 शॉट्स की तरह की टेक्नीक का इस्तेमाल हो रहा है। बता दें कि करीब 25 साल पहले मलेशिया में निपाह वायरस की पहली बार पहचान हुई थी। इसके बाद बांग्लादेश, भारत और सिंगापुर में इसका असर देखने को मिला। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के महामारी विज्ञान संस्थान के एक प्रवक्ता ने बताया कि 52 पार्टिसिपेंट्स के साथ ऑक्सफोर्ड में पहले फेज की टेस्टिंग 18 से 55 साल की उम्र के लोगों में सेफ्टी और इम्यूनिटी रिएक्शन का आकलन किया जाएगा। ऑक्सफोर्ड टेस्टिंग में पहले पार्टिसिपेंट्स को पिछले हफ्ते वैक्सीन की डोज मिली। यह शॉट उसी तकनीक पर बेस्ड है, जिसका इस्तेमाल एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के कोविड-19 शॉट्स में किया गया था।

**ऑक्सफोर्ड ने वैक्सीन टेस्टिंग को लेकर क्या कहा:** डॉ. इन क्यू यून ने बताया कि ऑक्सफोर्ड वैक्सीन ग्रुप इस टेस्टिंग को कर रहा है, जिसके लिए सीईपीआई फंड दे रही है। यह एक ग्लोबल संस्था है जो संक्रामक बीमारियों से लड़ने के लिए वैक्सीन को बनाने में मदद करता है। 2022 में यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिजीज की मदद से निपाह वायरस वैक्सीन की टेस्टिंग हुई थी। अब इस वायरस की चपेट में आने वाले देशों को जल्द ही वैक्सीन के आने की उम्मीद है।

### नयनतारा की 'अन्नपूर्णी' ...

डिलीट कर दिया है। फिल्म में भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है, जिसकी वजह से कई लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो गई हैं। फिल्म की स्ट्रीमिंग के बाद से ही सोशल मीडिया पर नेटफ्लिक्स को भी बैन करने की मांग उठ रही थी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद नेटफ्लिक्स ने लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए बिना कोई देरी किए तुरंत 'अन्नापूर्णी' को प्लेटफॉर्म से हटा दिया है।

### संजीवनी मुहूर्त में संपन्न...

ज्योतिष विद्वानों के मुताबिक संजीवनी मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से ग्रह बाधा नहीं आती है। वहीं, प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संजीवनी मुहूर्त में संपन्न होने से विश्व में भारत के गुरुत्व को बल मिलेगा। 22 जनवरी की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न होगा। इस समारोह में करीब 7000 से अधिक गणमान्य साक्षी बनेंगे। राम जन्म भूमि तार्थ ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित लोगों में 4,000 संत और 50 विदेशी मेहमान शामिल हैं।

### पीएम मोदी रामलला ...

होगा। 22 जनवरी की मध्याह्न मृगशिरा नक्षत्र में 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 30 मिनट 32 सेकंड के मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री मोदी पीले वस्त्रों में सजे रामलला विग्रह की आंखों से कपड़ा हटाएंगे।

**21 को श्री रामलला को सुनहरे पलंग पर बच्चों की तरह सुलाया भी जाएगा:** 18 जनवरी को विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की विधि का शुभारंभ गणेश अंबिका पूजन, वरुण पूजन, मातृका पूजन, ब्राह्मण वरण, वास्तु पूजन से होगा। 19 जनवरी को अग्निस्तान (अरणीय मंथन) द्वारा अग्नि प्राकट्य, नवग्रह स्थापर और हवन होगा, जबकि 20 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह कोसरयू से लाए गए 81 कलशों के जल से धोने के बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास कर्मकांड होंगे। 21 जनवरी को रामलला के दिव्य स्नान के बाद उन्हें सुनहरे पलंग पर बच्चों की तरह सुलाया जाएगा और 22 जनवरी की सुबह नित्य पूजन के बाद मध्याह्म काल में मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महापूजा होगी।

### 22 जनवरी गुल...

सीधा प्रसारण होगा। जन-सामान्य उक्त कार्यक्रम के साक्षी होना चाहेंगे। अतः इस दिन विद्युत व्यवधान नहीं होना चाहिए। उस दिन बिजली का मेंटनेंस का कार्य ना किया जाए। उन्होंने कहा है कि विद्युत व्यवधान होने से जन-सामान्य को कार्यक्रम देखने में असुविधा हो सकती है।

## सीएम ने की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से सौजन्य भेंट



मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ यादव का पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मध्य प्रदेश के विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की और सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा की।

## सीएम राइज स्कूलों के हाल ही में किए तबादलों पर रोक

**भोपाल।** प्रदेश में सीएम राइज स्कूलों के शिक्षकों के हाल ही में किए तबादलों पर बोर्ड परीक्षा की समाप्ति तक रोक लगा दी गई है। आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव ने गुरुवार को इसके आदेश जारी कर दिए है। वहीं कैंसर पीड़िता के पांच माह से अटके वेतन को देने की प्रक्रिया डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने शुरू कर दी है। आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सीएम राइज विद्यालयों से शिक्षकों के प्रशासनिक स्थानान्तरण आदेश 21 दिसंबर 2023 एवं 2. जनवरी 2024 को ऑनलाईन जारी किये गये हैं।

### जहांगीराबाद के हायर सेकंडरी विद्यालय में आयोजन

## विवेकानंद ने भारत का दर्शन विश्व में फैलाया: सीमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच की भोपाल महानगर प्रमुख और स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. उषा खरे, मध्य भारत प्रान्त सह प्रमुख सीमा भारद्वाज,दीपा शर्मा, हेमंत रावत, शंकर सोनी, के साथ विवेकानंद जयंती मनाई। इस अवसर पर स्कूल के करीब 1200 विद्यार्थी और स्टाफ मौजूद था।

स्कूल की प्रिंसिपल डॉ उषा खरे ने विद्यार्थियों को बताया कि विवेकानंद पूरे विश्व के आदर्श संत हैं, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और दर्शन को पूरी दुनिया में फैलाया। मुख्य अतिथि और वक्ता सीमा भारद्वाज ने विद्यार्थियों से चर्चा कर प्रश्न किया कि विवेकानंद का असली नाम क्या था? विद्यार्थियों ने बताया नरेंद्र दत्त। इसके बाद सीमा ने बताया कि उनके गुरू रामकृष्ण परमहंस के बताए मार्ग पर चलकर वे विवेकानंद बने। उन्होंने बताया कि मंच की राष्ट्रीय सभा जो कन्याकुमारी में



हुई, उसी तपोभूमि पर समंदर के किनारे से लगभग 500 मीटर दूर पानी के बीच में उन्हें एक विशाल शिला दिखी, जहां तक वो तैरकर पहुंचे और ध्यान मग्न हो गए। तीन दिन तक भारत के भूतकाल और भविष्य की कल्पना करते हुए जिस चट्टान पर बैठकर ज्ञान की प्राप्ति की वो आज भी मौजूद है। यह कन्याकुमारी में वावाथुरई में स्थित प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल हैं। उसी जगह से विवेकानंद बन भारतीय दर्शन का विश्व पटल पर उन्होंने परचम लहराया।

### विद्यार्थियों ने लिया देश को सशक्त बनाने का संकल्प

इस अवसर पर दीपा ने कहा कि उनके अनमोल वचन को जीवन में निभाना भी है। विद्यार्थियों के साथ सभी ने शामिल होकर विवेकानंद के अनमोल वचन की तख्तियों को लेकर पुराने भोपाल में जनमानस के बीच भारत माता के सच्चे सपूत के नारे लगाकर, उन्हीं के वचनों के साथ देश को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार के खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रिंसिपल डॉ. उषा, अतिथि और स्कूल स्टॉफ ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## प्रदेश की जनता के मन में बसा पीएम का स्वच्छता अभियान: विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल।** 'मोदी के मन में एमपी' और 'एमपी के मन में मोदी' यह सिर्फ एक जुमला नहीं है, बल्कि पीएम मोदी के साथ-साथ उनका स्वच्छता अभियान भी प्रदेशवासियों के मन में बस गया है।



प्रत्येक शहर और नगर में स्वच्छता के लिए जिस तरह की प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है, जिस स्तर के प्रयास किए जा रहे हैं, उनसे यह प्रकट हो रहा है कि मप्र की जनता ने पीएम मोदी के स्वच्छता के आह्वान को पूरी गंभीरता से लिया है और उसके लिए समर्पित होकर काम भी कर रहे हैं। यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही। शर्मा ने इंदौर के 7वीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने, मप्र को दूसरा स्वच्छ राज्य चुने जाने, भोपाल को देश का पांचवा स्वच्छ शहर चुने जाने, महू को सबसे स्वच्छ केंटोनमेंट एरिया चुने जाने पर बधाई दी।

## स्वच्छता मप्र का स्वभाव: चौहान

**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार सातवीं बार मध्यप्रदेश के इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर बनने पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज



सिंह चौहान ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, देश भर में इंदौर के सबसे स्वच्छ शहर बनने पर अत्यंत प्रसन्न तथा गौरवान्वित हूं। इंदौर ने जनभागीदारी तथा जनसहयोग से स्वच्छता में नया कीर्तिमान स्थापित कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए सभी इंदौरवासियों, स्वच्छता मित्रों, नगर निगम के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।


हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9300009644


## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। |
| वृष | मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। |
| मिथुन | व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें। |
| कर्क | परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें। |
| सिंह | संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। |
| कन्या | संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। |
| तुला | वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी। |
| वृश्चिक | मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। |
| धनु | क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी। |
| मकर | व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। |
| कुंभ | आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे। |
| मीन | मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। |


**आवश्यकता**

!!!बिना किसी बडे निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर!!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/ फुलटाइम घर बैठे पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाएं (जरूरतमंद लोग कॉल/ Whatsapp करें) NOC-2150/- +91-8583047417 R- 6/01 to 12/01/24

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक


हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म / प्लॉट 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸ निवेश का सुनहरा मौका
▸ डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸ पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## शब्द पहेली - 5392




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

### शब्द पहेली- 5391 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सुडोकू नवताल - 5402



# बिजली और बॉयो फ्यूल से चलेंगे ट्रैक्टर और पब्लिक ट्रांसपोर्ट

## वाइब्रेंट गुजरात में नितिन गडकरी ने बताया भविष्य का प्लान

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय सड़क परिवहन व राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में 40 फीसदी वायु प्रदूषण के लिए जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार हैं। उन्होंने देश में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में भी बिजली एवं जैव ईंधन से वाहनों को चलाने की बात कही।

गडकरी ने गांधीनगर में चल रहे वाइब्रेंट गुजरात निवेशक सम्मेलन में कहा कि देश का ऑटो उद्योग 12 लाख 50 हजार करोड़ का है जिसे 25 लाख करोड़ तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन हमारे देश में प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण है। 40 फीसदी वायु प्रदूषण इसी के कारण है।

देश का ऑटो उद्योग 12 लाख 50 हजार करोड़ का



### प्रदूषण होगा कम, बचत होगी अधिक

गडकरी ने बताया कि भारत अपना 80 फीसदी जीवाश्म ईंधन आयात करता है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माता से कहा कि वह अब फ्लेक्सी इंजन वाले वाहन बनाना शुरू करें। क्योंकि इलेक्ट्रिक के साथ जैव ईंधन से वाहन चलाना पर्यावरण के लिए भी हितकर है और लोगों की जेब के लिए भी। गडकरी ने कहा कि बहुत जल्द भारत में ट्रैक्टर भी जैव ईंधन पर चलते नजर आएंगे।

### दिल्ली से जयपुर के बीच बिजली से चलेगी बस

गडकरी ने कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट को भी अब बिजली से चलाना चाहिए ताकि जीवाश्म ईंधन की निर्भरता तो समाप्त होगी साथ ही हमारा पर्यावरण भी संरक्षित होगा। उन्होंने दिल्ली से जयपुर के बीच बिजली के ट्रैक पर चलने वाली बस के प्रोजेक्ट की बात कही। गडकरी ने कहा कि दिल्ली से मुंबई के बीच भी बिजली केबल लगाकर बस का संचालन किया जा सकता है। इसके अलावा उससे ट्रैकों को चलाने से लॉजिस्टिक कास्ट काफी कम हो जाएगी।

### गुजरात में बनेंगे 12 रोप वे केबल

गडकरी ने बताया कि गुजरात में ऑटो उद्योग ने लंबी छलांग लगाई है। यहां किया गया निवेश का पूरा-पूरा रिटर्न मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि गुजरात में 12 रोपवे केबल और पोर्ट टैक्सी (हवा में चलने वाली) की परियोजना स्वीकृत कर ली गई है इसका डीपीआर बनाना शुरू कर दिया गया है। गडकरी ने बताया कि गुजरात में 15 लाख वाहन पुराने हैं जो स्क्रैप में जाने वाले हैं, इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादकों को भारी मात्रा में कच्चा माल मिलेगा वाहनों का स्क्रैप करने से रबड़ प्लास्टिक, स्टील, कांच, कॉपर काफी सस्ते मात्रा में उपलब्ध होगा। इससे इलेक्ट्रिक वाहनों की उत्पादन लागत में भी कमी आएगी। गडकरी ने वाहन निर्माता से फ्लेक्सी इंजन वाले वाहन बनाने की अपील की उन्होंने कहा इलेक्ट्रिक के साथ इथेनॉल से चलने वाले वाहन अधिक उपयोगी व किफायती होंगे।

## खबर संक्षेप

### देश में 100 पेट्रोल पंप खोलेगी आईपीएम

**नई दिल्ली।** स्टार्टअप कंपनी इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग (आईपीएम) अगले पांच साल के भीतर देशभर में 100 पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि वह अपना कारोबार असम से शुरू करेगी। कंपनी ने देश में विभिन्न प्रकार के ईंधन बेचने के लिए अपना नेटवर्क शुरू करने को पहले ही 250 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बना लिया है। आईपीएम के संस्थापक ज्ञान प्रकाश शर्मा ने यहां पीटीआई-भाषा से कहा कि ईंधन बेचने के लिए देशभर में खुदरा दुकानें या पेट्रोल पंप स्थापित करेगी।

### इंफोसिस ने किया एम्बेडेड का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस ने एक सेमीकंडक्टर डिजाइन फर्म के अधिग्रहण का ऐलान किया है। कंपनी लीडिंग सेमीकंडक्टर डिजाइन और एम्बेडेड सर्विस प्रोवाइडर इनसेमी का अधिग्रहण करेगी। इस डील के तहत आईटी कंपनी 100 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 280 करोड़ रुपए का भुगतान करेगी। आईटी सर्विसेज कंपनी ने कहाकि यह स्ट्रेटेजिक इनवेस्टमेंट इंफोसिस की इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं को और मजबूत करेगी।

### विंजो ने तैयार किया एक वैज्ञानिक तरीका

**नई दिल्ली।** विंजो ने गेमिंग की दुनिया में लंबे समय से पेश आ रही समस्या को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। गेमिंग के कौशल और तुक्के से गेम जीतने के बीच अंतर करने का यह एक पारदर्शी, निष्पक्ष तरीका है। तकनीकी संस्थानों और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आईआईटी और आईआईटी मद्रास जैसे संस्थानों के सांख्यिकी विभाग के साथ-साथ स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी के सम्मानित प्रोफेसर्स को साथ शामिल करते हुए विंजो ने एक वैज्ञानिक तरीका तैयार किया है।

### कई बैंकों ने किया ब्याज दरों में बदलाव

**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिय, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक ने हाल ही में एफडी पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। ऐसे में अगर इन बैंकों या किसी अन्य बैंक में एफडी कराने का प्लान बना रहे हैं महिलाओं के लिए स्पेशल स्कीम है। इसमें 7.5 फीसदी सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इसमें कम से कम 1000 रुपए से लेकर 2 लाख रुपए का निवेश किया जा सकता है। इसमें 2 साल के लिए निवेश करना होता है।

## 31 मई के बाद पहला संशोधन 3 महीने के भीतर यानी 31 अगस्त तक

# खाद्य कारोबारियों को एफएसएसएआई ने सालाना रिटर्न संशोधन में दी राहत

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य कारोबारियों को सालाना रिटर्न में संशोधन या अपडेट करने पर राहत दी है।

हालांकि इसके लिए कारोबारियों को फीस देनी होगी। अभी तक खाद्य कारोबारी यानी फूड बिजनेस ऑपरेटर को 31 मई तक सालाना रिटर्न में संशोधन, अपडेट करने की अनुमति थी। कोई भी निर्माता और आयातक खाद्य कारोबारी इस समय तक रिटर्न में संशोधन कर सकता था और इसके बाद संशोधन की अनुमति नहीं थी,लेकिन कारोबारी इस महीने से रिटर्न में नए नियमों के तहत संशोधन कर सकेगा। यह संशोधन वर्ष 2022-23 के रिटर्न से प्रभावी होगा।

» कारोबारियों को दो साल की लाइसेंस फीस जीएसटी के साथ भरनी होगी

» संशोधन सिर्फ दो बार किया जा सकता है इसके लिए फीस देनी होगी




### दो बार कर सकते हैं रिटर्न में संशोधन

एफएसएसएआई ने सालाना रिटर्न में संशोधन के संबंध में एक आदेश जारी किया है। जिसमें कहा गया कि अब एफबीओ सालाना रिटर्न में 31 मई के बाद भी संशोधन या अपडेट कर सकते हैं। संशोधन सिर्फ दो बार किया जा सकता है और इसके लिए फीस देनी होगी। 31 मई के बाद पहला संशोधन 3 महीने के भीतर यानी 31 अगस्त तक किया जा सकता है। इसके लिए एक साल की लाइसेंस फीस जीएसटी के साथ देनी होगी। दूसरा संशोधन तीन महीने के बाद यानी संबंधित वित्त वर्ष में एक सितंबर से 31 मार्च तक किया जा सकेगा। इसके लिए कारोबारियों को दो साल की लाइसेंस फीस जीएसटी के साथ भरनी होगी। जो कारोबारी विलंब शुल्क के साथ 31 मई के बाद सालाना रिटर्न दाखिल करते हैं, उन्हें एक बार ही 31 मार्च तक रिटर्न में संशोधन करने की अनुमति होगी। इन कारोबारियों को दो साल की लाइसेंस फीस जीएसटी के साथ भरनी होगी।

### नहीं दी जाएगी अपडेट करने की अनुमति

अगले वर्ष के 31 मार्च के बाद मूल सालाना रिटर्न दाखिल करने वाले कारोबारियों को रिटर्न में संशोधन या अपडेट करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उदाहरण के तौर अगर कोई कारोबारी 2022-23 के लिए सालाना रिटर्न देरी के कारण एक अप्रैल 2024 को दाखिल करता है, जबकि इसके लिए रिटर्न दाखिल करने की तिथि 31 मई 2023 थी। ऐसे में खाद्य कारोबारी को रिटर्न में संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी। सालाना रिटर्न में संशोधन का यह नियम वर्ष 2022-23 के रिटर्न से और इसी महीने से लागू से प्रभावी हो गया है।

## दर्द से परेशान लोगों के लिए

# जोड़ों एवं मांसपेशियों के दर्द को दूर करने में प्रभावकारी 'रूमा ऑयल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागपुर

जोड़ों के दर्द की समस्या मध्यम वर्ग की आयु के व्यक्तियों के लिए संभवतः सामान्य हो गई है। व्यायाम की कमी, भागदौड़ भरी जीवनशैली व खान-पान में बदलाव इनके कारण स्वास्थ्य संबंधित समस्याएँ होती है।

अधिकतर व्यक्ति जो जोड़ों के दर्द से परेशान रहते है वह तेज दर्द निवारक दवाओं का उपयोग करते है। उन दवाओं का उनके शरीर पर दुष्प्रभाव होता है, जिससे अम्लपित्त या अल्सर या किडनी संबंधित तकलीफें उत्पन्न हो जाती हैं। रूमा ऑईल (बाह्योपचार) एक प्रभावी पेटेंट आयुर्वेदिक औषधि है जो बैद्यनाथ द्वारा निर्मित है। बैद्यनाथ के रिसर्च डिवीजन ने रूमा ऑईल यह औषधि आयुर्वेद के विशेषज्ञों की देखरेख में गहन अध्ययन के पश्चात तैयार किया है। श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन आयुर्वेदिक दवाओं का सबसे बड़ा विश्वसनीय निर्माता है, जो सन 1917 से अपने उत्कृष्ट उत्पादनों का निर्माण करते आ रहा है।




### हड्डियां मजबूत बनती है

रूमा ऑईल में आयुर्वेद ग्रंथों में वर्णित वेदनाशामक जड़ी बूटियों का मिश्रण है जैसे - एरण्डमूल, धतूरा पंचांग, अश्वगंधा, शतावरी, आमाहल्दी, कुचला, वत्सनाम, प्रसारिणी से सिद्ध तेल, गन्धापुरी तैल, टर्पेन्टाईन ऑयल व कपूर यह वेदना निवारक है। प्रसारिणी तेल में 'प्रसारिणी' यह जड़ी बूटी मुख्य घटक द्रव्य है जो द्रव्यगुण विज्ञान में वेदना एवं सूजन शोथ को दूर करने हेतु प्रचलित है। रूमा आईल के मालिश से मांसपेशियों को बल मिलने और हड्डियाँ मजबूत बनने में सहायता होती है।

## मंडी बोर्ड में ई-मंडी योजना की बैठक

# कंप्यूटराइजेशन से की जाए प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल और भुगतान की कार्यवाही



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की 39 अ-वर्ग की मंडी समितियां में ई-मंडी योजना प्रवर्त किए जाने के संबंध में आवश्यक बैठक अपर मुख्य सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में मंडी बोर्ड मुख्यालय में आयोजित की गई।

जिसमें मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्रीमन शुक्ला, अपर संचालक गौतम सिंह, चंद्रशेखर वशिष्ठ, एसबी सिंह, राजाराम अहिरवार एवं सातों आंचलिक अधिकारी व मंडी सचिव उपस्थित रहे। ई-मंडी योजना मंडी प्रांगण में प्रवेश से लेकर नीलामी, तौल तथा भुगतान की कार्यवाही का कंप्यूटराइजेशन किया जाना है। ई.मंडी की अवधारणा एक मंडी में संपूर्ण कार्यवाही प्रवेश, अनुबंध, तौल, बिक्री प्रमाणक, अनुज्ञा की रियल टाईम डाटा केप्चरिंग करना है। ई-मंडी ऐप में कृषकों को स्वचयं प्रवेश पर्ची जनरेट करने की सुविधा भी दी गई है।

### पूरी क्षमता से योजना को लागू करने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव द्वारा बैठक में ई-मंडी योजना को अ-वर्ग की समस्त मंडियो में प्रर्वत किए जाने के निर्देश दिए गए तथा योजना को सफल बनाने के लिए समस्त अधिकारी,कर्मचारियों को पूरी क्षमता से योजना को लागू करने के निर्देश दिए।

प्रबंध संचालक द्वारा ई-मंडी सॉफ्टवेयर में आवश्यक सुधारों को तत्काल करने के निर्देश दिए। मंडी सचिवों तथा आंचलिक अधिकारियों द्वारा बताए गए सुधारों को जल्द से जल्द ई-मंडी सॉफ्टवेर में कर लिया जाएगा।

### संमित इंफ्रा को मिली बायो सीएनजी प्लांट लगाने को मंजूरी

**मुंबई।** पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और बायोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेंट में लगी अग्रणी कंपनी संमित इंफ्रा लिमिटेड अल्टरनेटिव्स टुवाड्र्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन स्कीम (एसएटीएटी) के तहत बायो सीएनजी संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। बोर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और कंपनी को जल्द ही इस पर काम शुरू करने की उम्मीद है। यह परियोजना व्यवसाय संचालन में कई विस्तार का हिस्सा है जिसे कंपनी अगले 2-3 वर्षों में योजना बना रही है।

# ब्रांड कोर्सिस टेक्नोलॉजीज के प्लांट की हुई शुरुआत

एजेंसी ▶▶ पीथमपुर

दुनियाभर में कम्युनिकेशन की मदद से एक कोने को दूसरे कोने से जोड़े रखने में ऑप्टिकल फाइबर केबल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मोबाइल कनेक्टिविटी, मेडिकल फील्ड, लेजर और सेंसिंग में इसका उपयोग बड़े स्तर पर किया जाता है। भारत में ऑप्टिकल फाइबर केबल बनाने वाली कंपनी प्रताप डिजिटल कम्युनिकेशंस प्रा. लिमिटेड के अग्रणी ब्रांड कोर्सिस टेक्नोलॉजीज ने अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए गुरुवार को पीथमपुर में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की शुरुआत की। मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का उद्घाटन केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, परिवार की वरिष्ठ सदस्य मानकुंवर सहित अन्य उपस्थित रहे। इस यूनिट का लक्ष्य ऑप्टिकल फाइबर केबल के क्षेत्र में अपनी क्षमता को दोगुना कर कम्युनिकेशन नेटवर्क को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है।इस मौके पर शेखावत ने कहाकि ऑप्टिकल फाइबर का जाल पूरी दुनिया में फैला हुआ है, ऑप्टिकल फाइबर केबल इंडस्ट्री एक उभरती हुई इंडस्ट्री है जिस पर न देश की बल्कि पूरी दुनिया की नजर है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि इसका अविष्कार भारत मूल के व्यक्ति द्वारा किया गया। प्रताप ग्रुप की यह पहल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम है, प्रताप शेखावत के सपने को देवेंद्र और उनकी टीम पूरा कर रही है। इस खास अवसर पर मुझे आमंत्रित किया गया।


## बिजनेस न्यूज

### एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय में शिक्षारंभ का आयोजन



**भोपाल।** कोलार रोड एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय में नव आगंतुक छात्र-छात्राओं के लिए ट्रांजिशनल करिकुलम के तहत 15 दिवसीय विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इंडक्शन प्रोग्राम के तहत प्रथम दिन इनॉग्रल सेरिमनी का आयोजन किया गया जिसमें नवागंतुक छात्र छात्राओं व उनके अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के कुलपति जय नारायण चौकसे थे विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी डॉ अनुपम चौकसे, वाइस चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी एन के थापक व रजिस्ट्रार एलएनसीटी यूनिवर्सिटी डॉ अजीत कुमार सोनी व प्राचार्य डॉ.सपन जैन थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आयुर्वेद के आदि प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि के सम्मुख पूजन अर्चन व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिष्यउपनयन संस्कार के तहत सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा समस्त नवागंतुक छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया, तत्पश्चात अतिथि स्वागत के उपरांत प्राचार्य डॉ.सपन जैन द्वारा नवागंतुक छात्राओं को कर्तव्य व निष्ठा पालन हेतु चरक शपथ दिलाई गई। उद्बोधन के क्रम में सर्वप्रथम डॉ.एनके थापक वाइस चांसलर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात प्रो.चांसलर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी डॉ.अनुपम चौकसे द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के रूल्स रेगुलेशंस से अवगत कराया गया। पश्चात चांसलर एलएनसिटी यूनिवर्सिटी जय नारायण चौकसे ने आशीर्वचन देते हुए छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद में अपने आप को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होकर अगले 5 साल देने व कठिन परिश्रम करने आवाहन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर डॉ.शैलेष जैन द्वारा व अंत में डायरेक्टर डॉ.विशाल शिवहरे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### स्वामी विवेकानंद की कलाकृतियों से सजा मानसरोवर कैंपस



**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में युवा महोत्सव के अंतर्गत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मकता का प्रदर्शन करते हुए स्वामी विवेकानंद के प्रेरक चरित्र और व्यक्तित्व को याद किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जहां एक ओर हस्तकला के माध्यम से शानदार कलाकृतियां तैयार कीं वहीं दूसरी ओर डिजिटल क्रिएटिविटी का बखूबी प्रदर्शन करते हुए स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े कई अध्याय प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें युवा संवाद प्रतियोगिता में तामूल द्विवेदी ने प्रथम, प्राची पाटले ने द्वितीय, हर्षित निगम ने तृतीय और भावना सिंह और केशव भारती ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पेंटिंग कॉम्पिटीशन में पंकज सिन्हा ने प्रथम, ताराचंद चिताते द्वितीय, साक्षी बघेल तृतीय, हस्तकला प्रतियोगिता में भावना सिंह प्रथम, सलोनी गुप्ता द्वितीय, पंकज सिंहा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं डिजिटल क्रिएटिविटी प्रतियोगिता में यश पाटिल प्रथम, शिवेंद्र प्रताप सिंह द्वितीय और रोहित जाधव तृतीय रहे। प्रथम पुरस्कार विजेता को 11,000, द्वितीय पुरस्कार विजेता को 8,000 और तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपए दिए गए। कार्यक्रम का आयोजन मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत के निर्देशन में किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. देवेष पांडेय, डॉ. पवन शर्मा, डॉ. रश्मि ठाकरे, आर्यन त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. विकास जैन सहित कोऑर्डिनेटर्स में डॉ. मनीषा राठी, डॉ. स्वाति जैन, डॉ. सचिन खेड़ीकर, डॉ. मुकेश पटेल आदि मौजूद रहे।

### स्ट्रक्चरल स्टील को बढ़ाने पर वास्तुकला के छात्रों के लिए सेमिनार

**भोपाल।** इस्पात उद्योग हमारे देश में आवास और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के समयबद्ध और पर्यावरणीय रूप से स्थाई विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन क्षेत्रों में स्ट्रक्चरल स्टील की खपत अन्य औद्योगिक देशों की तुलना में भारत में काफी कम है। ऑफ साइट निर्माण की क्षमता उन संरचनाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो दोहराव वाली हैं और कम समय के भीतर बड़े पैमाने पर तैनाती की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, ऑफ साइट निर्माण की प्रक्रिया निर्माण सुरक्षा सुविधाओं को आसानी से शामिल करने और तेजी से वितरण करने के लिए गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने की अनुमति देती है। सेमिनार का उद्देश्य वास्तुकला के छात्रों के लिए आधुनिक निर्माण के लिए एक संरचनात्मक सामग्री के रूप में स्टील के बारे में समझ पैदा करना है। सेमिनार आरसीसी निर्माण के विकल्प के रूप में संरचनात्मक स्टील का उपयोग करने के विचार को विकसित करता है, जिससे उन्हें आधुनिक जीवन में निर्माण के लिए सामग्री के रूप में संरचनात्मक स्टील का उपयोग करने के फायदों के बारे में जानकारी मिल सके। सेमिनार में भोपाल के विभिन्न आर्किटेक्चर संस्थानों के छात्र शामिल होंगे। यह आयोजन स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल (एसपीए भोपाल) द्वारा इंस्टीट्यूट फॉर स्टील डेवलपमेंट एंड ग्रोथ स्टील मिनिस्ट्री ऑफ स्टील, कोलकाता (आईएनएसडीएजी) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए) भोपाल सेंटर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उक्त सेमीनार में राष्ट्रीय स्तर के 4 विशेषज्ञ है जिन्होंने स्ट्रक्चरल स्टील के क्षेत्र में काम किया है और उनके कार्यों की प्रशंसा हुई है। आर्किटेक्ट डेरियस चोकसी, जो चार्ल्स क्रिस्टोफर बेनिंगर एसोसिएट्स में आर्किटेक्चर के निदेशक हैं, जो कि हमारे देश में अपने अनुभव को साझा करेंगे। आर्किटेक्ट नितिन किलावाला एक प्रैक्टिसिंग आर्किटेक्ट हैं, जिन्होंने स्ट्रक्चरल स्टील में काफी काम किया है, वे छात्रों को पूरे भारत में अपने अपने अनुभव को साझा करेंगे। आर्किटेक्ट चरणजीत शाह, जो भारत में हवाई अड्डों को डिजाइन करने में शामिल रहे हैं और उनके पास लगभग 50 हवाई अड्डों के डिजाइन है, भारत भर के हवाई अड्डों में उपयोग किए जाने वाले बड़े स्पैन संरचनाओं पर बात करेंगे।

### कश्मीरी हथकरघा हस्तशिल्प और कारीगरों की विशेष प्रदर्शनी

**भोपाल।** अगर कश्मीरी शॉल या दूसरे उत्पाद खरीदना चाहते है तो कश्मीर जाने की जरूरत नहीं। सब कुछ भोपाल शहर में ही एक छत के नीचे उपलब्ध हैं।भोपाल में अपनी तरह की पहली प्रदर्शिनी जिसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से कश्मीरी हथकरघा हस्तशिल्प और कारीगरों की विशेष प्रदर्शिनी महाराना प्रताप भवन,एसबीआई कालोनी,मैंन रोड नं.3,चार इमली भोपाल में लगी हुई है जो17 जनवरी 2024 तक आयोजित गई है। एनजीओ 'काफिला ए मोहब्बत' इस द्वारा इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी एनजीओ ने भोपाल में दस्तकारी हाट ओर कश्मीर एक्सपो का आयोजन किया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मध्यप्रदेश की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने किया। चार इमली इलाके में महाराणा प्रताप मवन में अक्षय हॉस्पिटल के पास आयोजित ये प्रदर्शनी 17 जनवरी तक चलेगी। इसमें बूलन पश्मीना शॉल, बूलन शॉल, हेड एमराईटी डिरेश मटेरियल, निडिल वर्क, फेवरिक बूलन स्वेटर और भी कई राज्य से बुनकर आये हैं, जो अपनी कला की प्रदर्शनी दिखा रहे हैं जैसे बनारसी साड़ी, टस्सर सिल्क, भागलपुर साड़ियां, गुजरात बेडशीट, हैंडमेड ज्वेलरी और भी कई यूनिक चीजें उपलब्ध हैं।



### टाटा स्टारबक्स की हर तीन दिन में एक नए स्टोर खोलने की घोषणा



**नई दिल्ली।** टाटा स्टारबक्स प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में 2028 तक अपने स्टोरों की संख्या 1,000 तक पहुंचाने या हर तीन दिन में एक नए स्टोर की शुरुआत करने की योजना की घोषणा की। इससे पहले कंपनी ने नवंबर में लंबी अवधि की ट्रिपल शॉट रीइंवेन्शन स्ट्रैटेजी पेश की थी। इस रणनीति का पूरा ध्यान स्थानीय पार्टनर्स को रोजगार के लिए तैयार करने, बेहतर अनुभव के साथ ग्राहकों को सेवाएं देने वाले नए स्टोर्स की शुरुआत करने की ओर है। स्टारबक्स के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर लक्ष्मण नरसिम्हन ने कहा पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत पूरी दुनिया में स्टारबक्स के लिए सबसे तेजी से वृद्धि करते बाजारों में से एक बन गया है। भारत में मध्यम वर्ग का विस्तार हो रहा है, ऐसे में हमें गर्व है कि हम देश की समृद्ध विरासत का सम्मान करते हुए कॉफी संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं।

### विकास और उनके कौशल को बेहतर बनाने में केप्री ग्लोबल ने लहराया परचम

**मुंबई।** नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाली अपनी सीएसआर पहलों के जरिए महिलाओं के विकास और उनके कौशल को बेहतर बनाने के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। केप्री ग्लोबल कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि इस वित्त-वर्ष में 392 लाख रुपए की बड़ी धनराशि आवंटित की गई है, जिसके बेहद प्रभावित तरीके से उपयोग के लिए जनकल्याण के कार्यों में संलग्न केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड की शाखा नेमध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, असम, नागालैंड तथा मणिपुर में महिलाओं के विकास के लिए प्रसिद्ध सामाजिक संगठनों के साथ साझेदारी की है। केवल वित्त वर्ष 2023-24 की बात की जाए, तो इस अवधि में केप्री की सीएसआर पहल ने 50,000 से ज्यादा महिलाओं को सशक्त बनाया है, और इसी इरादे के साथ आगे बढ़ते हुए कंपनी ने आने वाले 5 सालों में अतिरिक्त 2 लाख महिलाओं को अपनी पहलों से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

### भारत सरकार ने किया रुशिल डेकोर को थ्री स्टार प्रमाणपत्र से पुरस्कृत

**अहमदाबाद।** लेमिनेट और एमडीएफ पैनल बोर्ड की लीडिंग कंपनी रुशिल डेकोर ने घोषणा की कि उन्होंने थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस सर्टिफिकेशन प्राप्त कर लिया है, जो इंटरनेशनल ट्रेड के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण जीत का संकेत है। विदेश व्यापार महानिदेशालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय (भारत सरकार) से यह प्रतिष्ठित मान्यता, अंतर्राष्ट्रीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने वाले इनोवेटिव डिजाइन के साथ क्वॉलिटी मेंटेन रखने के लिए रुशिल डेकोर की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रुशिल डेकोर लिमिटेड के डायरेक्टर रुशिल ठक्कर ने कहा कि यह मान्यता न केवल हमारी विश्वसनीयता बढ़ाती है बल्कि इक्सपैन्डड होराइजन (विस्तारित क्षितिज) और निरंतर विकास का मार्ग भी प्रशस्त करती है। ठक्कर ने कहा कि थ्री स्टार एक्सपोर्ट हाउस सर्टिफिकेशन प्राप्त करने के लिए, हमने 250 करोड़ रुपये का एक्सपोर्ट टार्गेट हासिल किया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमल पुत्र मेहताब सिंह पता गांव पचौरी, जिलाः बुरहानपुर, मध्य प्रदेश ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 203/2023 धारा 25 आर्म एक्ट एंड 25(8) आर्म संशोधन एक्ट के तहत दिनांक 04.08.2023 थानाः स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कमल** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कमल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामिल से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 203/2023 धारा 25 आर्म एक्ट एंड 25(8) आर्म संशोधन एक्ट के तहत दिनांक 04.08.2023 थाना स्पेशल सेल, नई दिल्ली** के उक्त **कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायलय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.02.2024** को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
अभिषेक कुमार
मुख्य महानगर दण्डाधिकारी–01
नई दिल्ली जिला
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/323/Spl. Cell/2024

## चिंतन

# मजबूत हुए ब्रिटेन के साथ भारत के सामरिक संबंध

सरकार भारत और ब्रिटेन के संबंध लगातार मजबूती की ओर बढ़ रही है। ऋषि सुनक के पीएम बनने के बाद ही कूटनीतिक हलके में अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों देशों के बीच ट्रेड, सामरिक साझेदारी और ग्लोबल मुद्दों पर समन्वय बढ़ेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रिटेन यात्रा का सामरिक महत्व काफी अधिक है। भारत के साथ दोस्ती दिखाते हुए ब्रिटेन हिंद महासागर में अपने युद्धपोत भेजकर तैनात करेगा। इससे चीन की टेंशन बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ब्रिटेन दौरे के दौरान इस बात पर सहमति बनी है। इसे ब्रिटेन-भारत के बीच सुदृढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी। सीआरजी की पहली तैनाती 2021 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हुई थी, जहां इसने भारतीय बलों के साथ संयुक्त अभ्यास किया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम तैनाती इस सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ की पहली ब्रिटेन यात्रा के दौरान बढ़ी हुई साझेदारी को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आने वाले वर्षों में ब्रिटेन और भारत अपनी-अपनी सेनाओं के बीच और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे। इसके तहत, 2030 के अंत से पहले एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभ्यास करेंगे, जो महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने के साझा लक्ष्यों का समर्थन करेंगे।' यह भारत और ब्रिटेन के लिए वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में भारतीय मूल के व्यक्ति के उत्थान के साथ द्विपक्षीय संबंधों हेतु रोडमैप 2030 को लागू करने का एक अवसर है।.भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में ब्रिटेन का दृष्टिकोण केवल भारत में वस्तुओं को बेचने के अवसर से, काफी आगे निकल गया है, और अब ब्रिटेन को भी भारत से सीखना चाहिए। भारत व ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के रोडमैप पर भी लंबे समय से वार्ता हो रही है। दोनों मुल्कों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह (बाहरी तथा आवक दोनों) में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आवंटन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के लिये अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए भारत के साथ एफटीए होना होना 'ग्लोबल ब्रिटेन'की उसकी महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगा क्योंकि यूके 'ब्रेक्जिट' के बाद से यूरोप से परे भी अपने बाज़ारों के विस्तार की आवश्यकता तथा इच्छा रखता है। भारत-ब्रिटेन साझेदारी आज के वैश्विक हालात में बहुत महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक अभिकर्त्ता के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी जगह सुदृढ़ करने के लिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अवसरों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के सहयोग के बिना संभव नहीं है। भारत के लिए हिंद प्रशांत में यूके एक क्षेत्रीय शक्ति है क्योंकि इसके पास ओमान, सिंगापुर, बहरीन, केन्या और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र में नौसैनिक सुविधाएँ हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली ब्रिटेन यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में नई सामरिक व कूटनीतिक गर्मी आएगी।

# विवेकानंद के सपने हो रहे साकार



युवा दिवस
शिव प्रकाश


> स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत काल की इस बेला में प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें।

कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के परिवार में 12 जनवरी 1863 को एक बालक का जन्म हुआ।भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। इस बालक को प्रेम से परिवार के सभी लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ।

गुलामी के कालखंड में स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य किया। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने जीवन की एक घटना का उल्लेख किया, "मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूँ।" अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी,जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद जी से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री मोदी के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है।

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है।



स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हों। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञानमहाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है।

स्वामी विवेकानंद जी गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रि भर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि "दरिद्र देवो भव"। स्वामी जी ने भारत की उन्नति का घोषणा पत्र ही जैसे लिखा हो, उन्होंने कहा,"इस देश को उठने दो गरीबों की झोपड़ी से, मल्लाह की नौकाओं से, लोहार की भट्टियों से, किसानों के खेत-खलिहानों से, मोचियों की झोपड़ी से, गिरिकन्दराओं से, यह देश तो वहीं बसता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने इस घोषणा पत्र को साकार रूप देना प्रारंभ किया। समाज के अलग-अलग वर्ग के गरीबों की जरूरतों की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की। स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना, प्रत्येक गांव को विद्युत आपूर्ति के लिए उजाला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि अनेक योजनाएं गरीब उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई। 4 करोड़ से अधिक परिवार को आवास देना, 1 करोड़ 36 लाख युवाओं के लिए कौशल विकास विभाग रोजगार उपलब्धि का माध्यम बना। 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह अन्न पहुँचाना, गरीब की रोटी की समस्या का समाधान है। गरीब की रोटी के विषय पर स्वामी विवेकानंद ने कहा था "गरीब को पहले रोटी दो तब गीता सुनाओ, क्योंकि उसकी आवश्यकता रोटी है।"

समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे छोटे–छोटे शिल्पकार हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री ने भारत का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा कहा है। इनमें बढ़ई, लोहार, सोनार, सुतार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी आदि श्रेणी के लोग आते हैं। ऐसे वर्ग के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 30 लाख परिवारों को लगभग 1.5 करोड़ लोगों को सहायता मिलेगी। देश में ठेला लगाकर एवं रेहड़ी-पट्टी के माध्यम से बेचने वाले वेंडर जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उनके घर में रोशनी पहुंचने का कार्य किया है। शिकागो धर्म सभा के अवसर पर स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में शिव महिमा स्त्रोत से एक मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा था -


रुचीनां वैचित्र्यादृजुकुटिल नानापथजुषां।
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।

समस्त धर्मों में एक ही परमात्मा का दर्शन एवं सबका लक्ष्य एक ही गंतव्य है, यह भाव उन्होंने व्यक्त किया था। संपूर्ण विश्व में योग की प्रतिष्ठा, कोरोना में "जान भी जहान भी" के आधार पर विश्व को सहायता, जी-20 में "वसुधैव कुटुंबकम" का आदर्श वाक्य यह स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रस्तुत विचारों का प्रकटीकरण है। स्वामी विवेकानंद जी का यह आह्वान "उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको"को मोदी ने अपने जीवन का आदर्श मान लिया है। बिना रुके, बिना थके यह कर्मयोद्धा उत्तिष्ठत भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में लगा है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें। विवेकानंद को यही श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

आशीष वशिष्ठ



# मालदीव प्रकरण से समझिए बदलते भारत का चरित्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालिया लक्षद्वीप यात्रा में स्नॉर्कलिंग करते हुए फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थी कि रोमांच पसंद लोग पर्यटन के लिए देश में लक्षद्वीप आएं। जिसके बाद लाखों लोगों ने लक्षद्वीप को गूगल पर सर्च किया। जिसे मालदीव के नेताओं ने उनके पर्यटन के लिए चुनौती माना। अपरिपक्व राजनेताओं ने आनन-फानन में बेतुके बोल सोशल मीडिया पर शेयर करने शुरू कर दिए। ये काम एक ऐसे पड़ोसी देश की मंत्री और नेताओं की तरफ से किया गया, जिसका साथ भारत ने कई बार मुश्किल वक्त में दिया है। शायद यही वजह थी कि कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव और एक्सपलोर लक्षद्वीप ट्रेंड करने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन की यात्रा पर रवाना होने से पहले ही भारत और मोदी विरोधी टिप्पणी करने वाले तीन मंत्रियों की छुट्टी करते हुए विवाद को ठंडा करने का प्रयास किया किंतु तब तक उसे जो नुकसान होना था वह तो हो ही चुका था। भारत में जिस तेजी से मालदीव के बहिष्कार और लक्षद्वीप के प्रति उत्सुकता उत्पन्न हुई उसने मालदीव की अकड़ ढीली कर दी। वैसे भी प्रधानमंत्री जहां जाते हैं वहां की खूबियों का बखान करना नहीं भूलते। कुछ समय पहले वे उ.प्र के पिथौरागढ़ में स्थित आदि कैलाश गए थे जहां से तिब्बत स्थित कैलाश पर्वत नजर आता है। उनकी इस यात्रा के चित्र प्रसारित होते ही आदि कैलाश एक नए पर्यटन केंद्र के तौर पर प्रसिद्ध हो गया।

बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड होने के साथ ही मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों द्वारा यात्रा रद होने की खबरें आने लगीं। इसी के साथ ही लक्षद्वीप के प्रति जबरदस्त रुझान देखा जाने लगा। अनेक अभिनेताओं और प्रमुख हस्तियों द्वारा मालदीव की बजाय लक्षद्वीप को प्राथमिकता देने की अपील किए जाने से मुइज्जू सरकार सकते में आ गई। भारत सरकार ने भी उनके राजदूत को बुलाकर कड़े शब्दों में समझा दिया। सबसे बड़ी बात ये हुई कि मालदीव के भीतर ही नए राष्ट्रपति के भारत विरोधी रवैए की आलोचना शुरू हो गई।

हिन्द महासागर में स्थित द्वीपनुमा देश मालदीव की मुख्य आय पर्यटन है। यहां के समुद्र तट बेहद खूबसूरत हैं। चूंकि भारत से यह देश करीब है इसलिए यहां से प्रतिवर्ष लाखों सैलानी मालदीव घूमने जाते रहे हैं। अनेक भारतीय फिल्मों की शूटिंग भी यहां हो चुकी है। अपने चुनाव प्रचार में 'इंडिया आउट' का नारा देने वाले चीन समर्थक मोहम्मद मुइज्जू के नवंबर, 2023 में राष्ट्रपति बनने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों पर सवाल उठे हैं, लेकिन ऐतिहासिक तौर पर दोनों देश के बीच दोस्ताना संबंध रहे हैं। मालदीव के पूर्ववर्ती राष्ट्रपति मोहम्मद सोलिह खुलकर भारत के साथ थे। राष्ट्रपति मुइज्जू ने चुनाव जीतने के साथ ही वहां मौजूद भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग कर डाली। दरअसल, वहां कुछ ऐसे काम चल रहे हैं जिनके कारण भारतीय सेना के कुछ लोग मालदीव में हैं। हेलीकॉप्टर एवं कुछ अन्य उपकरणों के संचालन के लिए दोनों देशों में हुए समझौते के अंतर्गत वे सैनिक वहां पदस्थ हैं । हालांकि ये संख्या इतनी बड़ी नहीं कि उसके आंतरिक मामलों में दखल दे सके। मुस्लिम बहुल मालदीव के साथ भारत के रिश्ते काफी अच्छे रहे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मालदीव की स्थिरता, सक्रियता, लोकतंत्र और बुनियादी अर्थव्यवस्था सिर्फ भारत के कारण ही है। हर संकट में भारत ने मालदीव की मदद की है। दरअसल, विपक्षी नेता मौजूदा मालदीव सरकार को आईना दिखा रहे हैं कि मालदीव आर्थिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, पर्यटन व सामाजिक स्तर पर सदैव भारत पर आश्रित रहा है। यहां तक कि भारत ने कई बार मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की है। मालदीव ने पानी मांगा, तो भारत ने उसकी प्यास बुझाई। मालदीव को भूख लगी, तो खाना और अनाज मुहैया कराए गए, आर्थिक मदद ही नहीं की गई, बल्कि 2023-24 के बजट में 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, ताकि चालू परियोजनाएं जारी रह सकें। बागियों ने लोकतंत्र का अपहरण कर तख्तापलट करना चाहा, तो भारत ने सैन्य सहायता भेजकर मालदीव की सुरक्षा और स्थिरता तय की। मालदीव में 30 फीसदी डॉक्टर और 25 फीसदी शिक्षक 'भारतीय' हैं। वहां के 2200 से अधिक लोक सेवकों, नौकरशाहों, तकनीशियन, न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों और सार्वजनिक प्रसारकों को भारत ने ही प्रशिक्षण देकर तैयार किया है। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान टीके की एक लाख से अधिक खुराकें भी भारत ने ही मुहैया कराईं। भारत नियमित तौर पर दवाइयां, फल और सब्जियों की आपूर्ति भी करता है, ताकि वहां खाद्य संकट न आए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *-स्वामी विवेकानंद*

## गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### पर्यटन का सरताज है हमारा देश

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के पर्यटक स्थल लक्षद्वीप की सुंदरता की प्रशंसा कर बहुत अच्छा काम किया। अगर इससे मालदीव के कुछ मंत्रियों को मिर्ची लगी और इस बौखलाहट में आकर हमारे देश के प्रति बेतुका बयानबाजी की, तो यह उनकी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। मालदीव एशिया का सबसे छोटा देश है, जबकि हमारा देश एक बहुत बड़ा देश पर्यटन की दृष्टि से भी है। हमारे देश में पर्यटन स्थलों का भंडार है और यहां दुनिया के लगभग सभी देशों से सालभर पर्यटक आते रहते हैं। हमारे देश में प्रकृति की खूबसूरती के साथ-साथ यह देवभूमि भी है। मालदीव को यह भी याद रखना चाहिए कि सभी देश एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में जरूर निर्भर हैं, यह चाहे पर्यटन स्थलों के रूप में भी क्यों न हो।

*– रामचरण सोनी, भाटागांव*

## ट्रेंड

### चादर भेंट की

मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमारी बातचीत के दौरान ही मैंने उन्हें पवित्र चादर भेंट की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर रखा जाएगा।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री



### लड़ेंगे और जीतेंगे

कांग्रेस को सत्ता की पार्टी मानसिकता से हटकर सड़क पर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। राहुल गांधी की मेहनत को यदि हमने निराशावादी मानसिकता से समाप्त कर दिया तो हम उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। लड़ेंगे और जीतेंगे।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता



### मेहनत का सम्मान

रायबरेली के लक्ष्मण निषाद पिछले चार सालों से अपने तालाब के सिंघाड़े भेंट करने आते हैं तो वो दिन याद आता है जब उनके तालाब पर रूककर सिंघाड़े खाये थे। हर सबकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए और अपने-अपने स्तर पर प्रोत्साहन भी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता



### इतिहास में दर्ज

यह दुखद है कि रामजन्मस्थान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी विवादहीन नहीं रह सकी। इसके शास्त्रीय पक्षों पर भी हमारे चारों शंकराचार्य एक स्वर में नहीं बोल रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है। इतिहास में दर्ज होगी।


-राहुल देव, पत्रकार



## करंट अफेयर

### गाजा के सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले

इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी। सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं। अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं जिसमें उनके डीएनए भी शामिल हैं। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा, 'यहां इस सुरंग में बंधकों को रखा गया था।' हैगारी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि सुरंग में वास्तव में क्या मिला और न ही उन्होंने यह बताया कि बंधक वहां कब से थे या उन्होंने उनकी पहचान कैसे की। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि क्या वे मारे गए या जीवित हैं। बाद में मीडियाकर्मियों को दिए एक बयान में उन्होंने बिना कुछ विस्तार से बताए कहा कि बंधकों को 'कठिन परिस्थितियों' में रखा गया था।



## ऑफ बीट

### एयर कंडीशनिंग का सही उपयोग कैसे करें

इतने सारे लोगों के पास घर पर एयर कंडीशनिंग होने के बावजूद, कई लोग अभी भी अनिश्चित हैं कि इसका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाए। और एयर कंडीशनिंग में बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग होता है। उदाहरण के लिए, एक औसत घर में पूरे दिन और रात सभी लाइटें चलाने पर उतनी ही ऊर्जा की खपत होती है, जितनी उसी घर में एक घंटा एयर कंडीशनर चलाने पर होती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि कमरे को थोड़े समय के लिए ठंडा करने के लिए बहुत कम तापमान, जैसे कि 17°सेल्सियस, पर एयर कंडीशनिंग को चालू करके वे पैसे और ऊर्जा बचा सकते हैं – इसे बंद करने से पहले और बाद में दोबारा चलाने की जरूरत पड़ने तक ठंडी हवा का आनंद लें। लेकिन एक कमरे को बहुत ठंडे तापमान तक ले जाने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हमारा ध्यान एयर कंडीशनिंग यूनिट की ओर आकर्षित करते हुए, सबसे अधिक ऊर्जा कुशल क्रिया तापमान को उच्चतम मूल्य पर सेट करना है जो अभी भी आरामदायक है (दिन के दौरान 26 डिग्री सेल्सियस और सोते समय 22 डिग्री सेल्सियस की अक्सर सिफारिश की जाती है)।



**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

केकड़िया गांव में तीर कमान प्रतियोगिता के आयोजन में विधायक रामेश्वर हुए सम्मलित

# धन्य हैं प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने राममंदिर का सपना साकार किया, घर-घर श्रीराम ज्योति जलाएं: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के निराले अंदाज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में रामेश्वर शर्मा आदिवासी लोगों के साथ तीर कमान चलाते हुए दिख रहे हैं। विधायक शर्मा की इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है।

दरअसल हुजूर विधानसभा के केकड़िया गांव में हिन्दू टाइगर फोर्स द्वारा 'तीर-कमान' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। बुधवार को विधायक रामेश्वर शर्मा इसी प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे थे। जहां उन्होंने प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए स्पर्धा में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित आदिवासियों को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि यह स्पर्धा जनजातीय बंधुओं के स्वाभिमान की परिचायक है। अगले वर्ष इसे और भी उत्साहपूर्ण और भव्य स्वरूप में मनाएंगे, जिसमें नगद पुरस्कार राशि को भी बढ़ाया जाएगा।

आदिवासी लोगों के साथ तीर कमान चलाते विधायक रामेश्वर का वीडियो सोशल मीडिया में हो रहा वायरल



### अपने-अपने घरों में जलाएं दीए

*विधायक रामेश्वर शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर का सपना अब साकार होने जा रहा है। 22 जनवरी को अपने-अपने घरों में एक दिया अवश्य जलाइए। यह दिया मंगल का होगा, आनंद का होगा, समृद्धि का होगा और हमारे गौरवशाली इतिहास और स्वाभिमान का होगा। हम सब 22 जनवरी को भगवान श्रीराम को प्रणाम कर श्रीराम ज्योति जलाएंगे, जो हमारे घर को, गांव को, शहर को मंगलमय करेगी। उन हिन्दू वीर योद्धाओं को नमन करेगी जिन्होंने श्रीराम मंदिर के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। जिन्होंने अवध में श्रीराम मंदिर के लिए प्राण न्योछावर कर दिए, आज उनकी आत्मा पुण्य धाम में आनंदित होगी। पुलकित होगी और कह रही होगी कि बाबर के अपराधों की सजा पर अब अवध में राम मंदिर बन रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मोदी जी को धन्यवाद जिनके कारण राममंदिर का सपना साकार हुआ। इसके लिए सदियों लड़ाई लड़ी, मुगलों से लड़े, अंग्रेजों से लड़े और भारत के राजनेताओं से भी लड़े, लेकिन धन्य हैं वो चाय बेचने वाले मोदी जिन्होंने अवध में राम मंदिर भी बनवा दिया और हम हिंदुओं का सम्मान भी बचा दिया।*

**4 लाख का वायर केबल बरामद**

# केबल ड्रम चुराने वाला चोर व कबाड़ी को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चूनाभट्टी पुलिस ने कोलार रोड से केवल ड्रम चुराने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस उस कबाड़ी तक भी पहुंची, जिसने चोरी का माल चालीस हजार रुपए में खरीदा था। आरोपियों से माल बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार 15 दिसंबर को कमला नगर, नरेला शंकरी, पिपलानी निवासी मोहम्मद जफर खान ने शिकायत करते हुए बताया था कि कोलार रोड पर बिजली की लाइन का काम चल रहा है। गत 7 दिसंबर को उन्होंने जानकी बंगलों मेन गेट के पास केबल ड्रम रखे थे। 14 दिसंबर की शाम पता चला कि उक्त ड्रमों से दो ड्रम चोरी हो चुके हैं। चोरी गए ड्रमों की कीमत चार लाख रुपए थी। पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया। संदिग्ध की पहचान हरिकिशोर अहिरवार उर्फ मोटू पिता नवल किशोर अहिरवार (22) झुग्गी नंबर, 107 कोलार कॉलोनी चूनाभट्टी के रूप में की गई। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार लिया। उसने बताया कि पवन किशोर अहिरवार, रोहित सोनाने एवं मोहन साहू को 5-5 हजार ड्रम उठवाने के लिए दिए थे। पुलिस ने तनवीर कबाड़ी को भी पकड़ा है।

## खबर संक्षेप

### युवा दिवस पर रेडक्रॉस में रक्तदान शिविर आज

**भोपाल।** रेडक्रास सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर एवं सिकल सेल जागरूकता अभियान चलाएगा। रेडक्रॉस के जनरल सेक्रेटरी प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि रेडक्रास द्वारा रक्तदान शिविर के साथ-साथ सिकल सेल जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक स्वामी विवेकानंद के विचारों का चित्रण ध्यान में रखते हुए उनके आदर्शों एवं युवाओं को रक्तदान से सेवा एवं समाज सेवा कार्य को प्रेरित करना है। रेडक्रास और जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 11 बजे से 12 बजे तक सरोजनी नायडू महाविद्यालय से लेकर रेडक्रास कार्यालय तक रक्तदान एवं सिकल सेल के लिए जागरुकता रैली निकाली जाएगी।

### धोखे से टायलेट क्लीनर पीने वाले युवक की मौत

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित जाटखेड़ी में एक मिस्त्री ने शराब समझकर टायलेट क्लीनर पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दीपक जाटव (19) जाटखेड़ी मिसरोद में रहता था और मिस्त्री का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। दीपक ने घर के बाथरूम में भी शराब की बोतल छिपा रखी थी। मंगलवार की रात वह नशे की हालत में घर लौटा था। कुछ देर बाद वह बाथरूम पहुंचा और शराब के बजाए धोखे से टायलेट क्लीनर पी लिया था।

### पक्ष-विपक्ष के 12 पार्षदों ने किया सामूहिक भोज

**औबेदुल्लागंज।** पक्ष-विपक्ष के 12 पार्षदों ने सामूहिक भोज का आयोजन किया। नपा उपाध्यक्ष पति वागीश अग्रवाल, प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक, पार्षद दीपू परमार, मनोज चौरसिया, पार्षद सुजीत यादव, रामेश्वर नागर, राजेंद्र गुड्डु साहू, आमीर ममनून, सुनील सेरिया, अनूप चौधरी, प्रमोद सेन, नरेश सेठी आदि ने गुरुवार दोपहर को नगर परिषद दफ्तर में नरेश सेठी, राजेश खटीक, रामेश्वर नागर ने नगर के विकास पर चर्च की। कुछ पार्षद कहते हैं नगर पंचायत दफ्तर ठप है कुछ काम नहीं हो रहे हैं। वहीं नपा अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, पार्षद विक्रम यादव, शंकर इरपाचे इस भोज में शामिल नहीं हुए। मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे ने सभी पार्षदों के संगठित होने के लिए बधाई दी और हो रहा विकास में सहयोग करने का आह्वान किया।

### फ्लेक्स बैनर व पोस्ट के टेंडर बुलाने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** नगर के पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों ने सीएमओ सोनाली शर्मा से मांग की है की क्षेत्र में लगने वाले फ्लेक्स बैनर और पोस्ट के लिए टेंडर बुलाए जाएं, जिससे सुंदर और अच्छे फोटो के फ्लेक्स लग सके। अभी जो फ्लेक्स बैनर बनते हैं वह क्वालिटी पूर्ण नहीं बनते है। नगर में फ्लेक्स बैनर बनाने का कार्य 8 या 9 लोग करते हैं, इसलिए टेंडर बुलाएंगे तो कम दर में भी बनेंगे और गुणवत्तापूर्ण बनेंगे।

शासकीय अरविंद भार्गव हासे स्कूल के अतिथि शिक्षक सुसाइड मामला

# गिरफ्तारी के 24 दिन बाद डीईओ ने प्राचार्य को किया निलंबित

**मृतक आकाश यादव** के पास से मिला था सुसाइड नोट, प्रिंसिपल पर लगाए थे गंभीर आरोप

**डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी** ने आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव को निलंबित करने के लिए 8 दिसंबर को भेजा था पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल जिले के ग्राम हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकंडरी स्कूल के अतिथि शिक्षक सुसाइड मामले में लोक शिक्षण संचालनालय ने करीब 24 दिन बाद अब प्राचार्य श्रीप्रकाश विजयवर्गीय को निलंबित किया है।

बताया जा रहा है कि डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव को निलंबित करने के लिए 8 दिसंबर को पत्र भेजा था। जिस पर 24 दिन बाद कार्रवाई की गई है। आदेश में कहा गया है कि निलंबन अवधि में विजवर्गीय का मुख्यालय कार्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक भोपाल संभाग, भोपाल मप्र रहेगा एवं निलंबन काल में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### गलतियों भरे आदेश पर हस्ताक्षर भी हो गए

मामले में 24 दिन की देरी के बाद जारी किए गए आदेश में कुछ गलतियां भी की गई हैं। जारी आदेश में बताया गया है कि प्रकरण में अभियुक्त श्रीप्रकाश विजयवर्गीय को पुलिस ने 19 दिसंबर को अरेस्ट कर न्यायालय में पेश किया था और जेल भेज दिया था। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 8 दिसंबर 2024 को इसकी सूची दे दी गई थी। इस आदेश पर बकायदा लोक शिक्षण आयुक्त द्वारा हस्ताक्षर भी किए गए हैं, लेकिन इस गलती पर ध्यान नहीं दिया गया। घटना वाले दिन से ही प्राचार्य बिना बताए स्कूल से गायब हो गए थे। उसके गायब होने के बाद भी विभाग की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया था, लेकिन लोक शिक्षण के अफसर मामले में अनजान बने हुए थे। वहीं, प्राचार्य विजयवर्गीय की हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद गुनगा थाने में सरेंडर कर दिया।

### यह है पूरा मामला

अशोक नगर निवासी आकाश यादव पिता गोपाल यादव (23) यहां ग्राम हर्राखेड़ा स्थित शासकीय अरविंद भार्गव हायर सेकंडरी स्कूल में बतौर अतिथि शिक्षक नौकरी कर रहे थे। पिछले साल 13-14 अक्टूबर को आकाश ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया था। आकाश के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि प्रिंसिपल श्रीप्रकाश विजयवर्गीय उसके स्थान पर अपने साले को रखना चाहते हैं। अतिथि शिक्षक छगनलाल शाह और नरेंद्र दुबे, प्रिंसिपल के साथ मिलकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। सुसाइड नोट में आगे लिखा है कि आज मैं जो कदम उठाने को मजबूर हूं। मामले में गुनना थाना पुलिस ने प्राचार्य समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था।

### युवक पर तलवार और चाकू से हमला करने वाले बाल अपचारी सहित 4 गिरफ्तार



**भोपाल।** हनुमानगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला के पास चाय पीने पहुंचे युवक से अड़ीबाजी करते हुए तलवार और चाकू से हमला करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक बाल अपचारी है। पुलिस ने अमन खटीक (22) बिहारी कॉलोनी आरपीएम स्कूल के पास छोला मंदिर की शिकायत दर्ज करआरोपी फैसल खान (20) और उसके भाई आदिल खान (19) निवासी सुभाष नगर छोला रोड, साहिल पठान (19) निवासी रेलवे स्टेशन के पास झुग्गी ललितपुर तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड पर राजा भोज की प्रतिमा के पास अज्ञात बाइक सवार ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग को गंभीर चोट आई थी। उन्हें ऑटो से अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 40 साल की राशिदा बी, वसुंधरा कॉलोनी, टीला जमालपुरा में रहती हैं। उनके पिता जफिर अहमद उर्फ जफर (60) गोंडीपुरा, गांधी नगर में रहते थे। बुधवार शाम करीब 5 बजे राशिदा ने अपने पिता को कॉला किया। इस दौरान उनका कॉल किसी अन्य व्यक्ति ने अटेंड किया और बताया कि जफिर अहमद अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

**शादी से इनकार करने पर युवती ने की शिकायत**

# सोशल मीडिया पर दोस्ती होटल में छात्रा से दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में कॉलेज की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली 22 साल की युवती कॉलेज में पढ़ती है। सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती राहुल अहिरवार से हुई थी।

राहुल निशातपुरा इलाके का रहने वाला है और एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करता था। दोस्ती के बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पिछले साल नवंबर महीने में राहुल छात्रा को घुमाने के बहाने शाहपुरा स्थित एक होटल लेकर पहुंचा और डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने छात्रा के अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए और वायरल करने की धमकी देकर उसे चुप करा दिया। कुछ समय बाद उसने छात्रा को दोबारा से मिलने के दबाव बनाना शुरू किया तो पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने परिजन को दी। परिजन ने राहुल से बातचीत की तो वह शादी के लिए तैयार हो गया। गत दिनों राहुल ने शादी करने से इंकार किया तो पीड़िता ने शिकायत दर्ज करा दी।

प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक में बोलीं सीएमओ

# टिकाऊ विकास के लिए प्रस्फुटन समितियों की सहभागिता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मप्र जन अभियान परिषद ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में छोटी-छोटी प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से विकास गतिविधियों के सहयोग एवं टिकाऊ विकास के लिए नेतृत्व कौशल एवं समझ पैदा कर रहा है।

विकसित भारत के निर्माण में स्थानीय एनजीओ की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इसे अब समझने की आवश्यकता महसूस हो रही है। यह बात बुधवार को मप्र जन अभियान परिषद की संवाद योजना अंर्तगत नवांकुर एवं ग्राम-नगर विकास प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक के दौरान नगर परिषद सीएमओ सोनाली शर्मा ने कही।

### यात्रा में अधिक से अधिक लोगों के पहुंचे का अह्वान

सीएमओ ने 13 जनवरी को विकसित भारत यात्रा शिविर में अधिक से अधिक लोगों को औबेदुल्लागंज पहुंचने का आह्वान भी किया। बैठक में समिति के ई-दस्तावेजीकरण, विलेज प्रोफाइल, एनजीओ क्राउड फंडिंग एवं पंजीयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। परिषद की ब्लाक समन्वयक निशा बहेकर ने समितियों की भविष्य की योजना एवं स्वरूप पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष सोनू चौकसे , नरेश सेठी, पार्षद सुजीत यादव ,प्रमोद सेन, सुनील सेरिया, मेंटर, अजय मालवीय,प्रेमनारायण सोनी,पी के परसाई,नवांकुर वीर सिंह चौहान, बारेलाल नायक,हरनाम सिंह, भूपेन्द्र नागर,आरती यादव,समाजसेवी राजेश खटिक, ग्रामीण अंचल की 25 समितियों के अध्यक्ष सचिव शामिल थे।

व्यापार संघ करेगा हर चौराहों पर आतिशबाजी

# शहर में गूंजेगी राम धुन होगी आकर्षक सजावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

जन-जन की आस्था के प्रतीक राष्ट्रीय स्वाभिमान भगवान श्री राम के 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर इस ऐतिहासिक क्षण को भव्य बनाया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल ने बताया सनातनी संस्कृति के प्रतीक भगवान श्री राम के अयोध्या में भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संपूर्ण नगर में दीपावली की तरह भव्य सजावट की जाएगी। इसमें सभी समाजों एवं समितियां का सहयोग अपेक्षित है।



नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर के मुख्य मार्ग बाजार से चौराहा तक एवं सभी मंदिरों में भव्य विद्युत सज्जा की जाएगी। 22 जनवरी को एलईडी द्वारा अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

### संपूर्ण नगर को राममय बनाएं

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि संपूर्ण नगर को राम मय बनाने के लिए जगह-जगह लाउडस्पीकर लगाकर सुंदरकांड, राम धुन एवं हनुमान चालीसा का प्रसारण प्रातः 11 बजे से शाम तक किया जाएगा। व्यापारी महासंध के अध्यक्ष विमल जैन ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहों पर आतिशबाजी की जाएगी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि लगभग 500 वर्षों के बाद अपने जीवन काल में हम राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के साक्षी बन रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है। पालिका अध्यक्ष ने नगर वासियों से अपील की की समस्त नगर में घर-घर दीपक जलाएं अपने-अपने समाजों के मंदिरों पर धार्मिक आयोजन कर विशेष सजावट करें।

**स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश**

# स्वामी विवेकानंद और मकर संक्रांति पर होंगे 5 दिवसीय कार्यक्रम

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में स्कूल शिक्षा विभाग 10 से 14 जनवरी तक प्रदेश में स्वामी विवेकानंद जयंती और मकर संक्रांति पर 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने समस्त प्राचार्य व अशासकीय स्कूल संचालकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

शैक्षणिक संस्थाओं में 12 जनवरी को सामुहिक सूर्य नमस्कार, 13 जनवरी को कबड्डी, खो-खो, मलखंब, सितोलिया (पिट्ठू), लंबी और ऊंची कूद, रस्सा-कस्सी समेत अन्य स्थानीय पारंपरिक खेल होंगे। पांचवें और अंतिम दिन 14 जनवरी को सभी शैक्षणिक संस्थाओं में मकर संक्रांति के वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर निंबध लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता होंगे। इसी दिन विभिन्न स्कूल के विद्यार्थियों को स्थानीय साइंस सेंटर और म्यूजियम, प्लेनेटोरियम और वेधशाला का निरीक्षण कराया जाएगा।

**वर्षों से पीने के पानी के लिए रहवासी परेशान**

# तामोट में पीएचई ने पानी की टंकी तो बनाई पर नहीं हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

सात हजार तामोट के निवासी पीने के पानी के लिए परेशान होकर पीएचई विभाग से गुहार लगाई हैं। पीएचई विभाग ने पानी की टंकी तो बना दी, मगर सालों से उसमें पानी नहीं है।

पाइप लाइन कहीं बिछी तो कहीं सड़ने के कगार पर आ गई है। जनपद सदस्य तामोट सुलेखा चौहान, अंत्योदय कमेटी अध्यक्ष रामकिशोर चौहान ने बताया कि करोड़ों खर्च होने पर भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता है, कई लोग तो काफी दूर से पानी लाते हैं। इधर, सब इंजीनियर श्याम ढोले ने बताया कि तामोट में कार्य चल रहा है, शीघ्र ही पानी सप्लाई होगी।



### निजी अस्पताल में निवेश के नाम पर 130 लोगों से 5 करोड़ रुपए की ठगी

**भोपाल।** कोलार थाना क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल में निवेश के नाम पर जालसाज ने 130 लोगों से रुपए ठग लिए। सभी से अलग अलग धनराशि लेने वाले जालसाज ने करीब पांच करोड़ का चूना लगाया है। ठगी का पता उस समय लगा जब निवेश की समयावधि खत्म हो गई और लाभ लेने पहुंचे। इस दौरान पता चला कि जालसाज अपनी दुकान और मकान में ताला लगाकर फरार हो चुका है। पीड़ित ने क्राइम ब्रांच में शिकायत की है। पुलिस ने शिकायती आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। आरोपी का नाम श्यामदास है और औरंगाबाद का है। पूर्व में वह भोपाल में रह रहा था। उसने लोगों को बताया था कि अस्पताल में निवेश पर लाभ के साथ राशि बढ़ाकर दी जाएगी।

**बेटों ने महिला थाना पुलिस में लगाई गुहार, परामर्श के बाद माने**

# बेटे के लिए बहू तलाश रहे 62 साल के बुजुर्ग ने 54 साल की महिला से थाने में रचाई शादी, बेटों ने जताई थी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के महिला थाना पुलिस ने नई मिसाल पेश की। यहां परामर्श के दौरान पुलिस ने 62 साल के बुजुर्ग शिक्षक और एलआईसी का काम करने वाली 54 साल की महिला की शादी करा दी। पुलिस ने थाने में शादी कराने के बाद मिठाई खाई और खिलाई। इसके बाद बुजुर्ग दंपती सतना के लिए रवाना हो गए। दरअसल, 62 साल के शिक्षक की पत्नी का वर्ष 2016 में निधन हो गया था। उनके दो बेटे हैं और वह एक बेटे के लिए बहू देख रहे थे। इसी बीच उनकी मुलाकात भोपाल के अयोध्या नगर में रहने वाली 54 साल की सुमन से हो गई। सुमन के पति का वर्ष 2019 में निधन हो चुका है। दोनों की मुलाकात हुई और बातचीत के दौरान दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे।



### महिला ने बच्चों के नाम की सारी संपत्ति

थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि संतराम के बेटों यह रिश्ता पसंद था, लेकिन सुमन के बेटों को पसंद नहीं था कि मां शादी करें। लिहाजा उन्होंने महिला थाना पुलिस में गुहार लगाई। महिला थाना पुलिस ने परामर्श के लिए बुलाया। परामर्श में बेटों से और सुमन से बातचीत हुई। सुमन ने अपने पति की सारी संपत्ति बेटों के नाम पर कर दी। केवल अपना मकान ही अपने पास रखा। इस पर बेटें तैयार हो गए।

### आर्य समाज मंदिर में हुई शादी

संतराम द्विवेदी और सुमन ने आर्य समाज के मंदिर से शादी की थी। बाद में महिला थाने पहुंचे और पुलिस से परामर्श कराया। इस दौरान उनके साथ बच्चे भी थे। प्रॉपर्टी सुमन के बेटों के नाम पर होने के कारण वह तैयार हो गए और मां सुमन हसी खुशी संतराम द्विवेदी के साथ सतना चली गई। संतराम द्विवेदी ने बताया कि वह अपनी पेंशन में सुमन का नाम रजिस्टर्ड कराएंगे और अपनी शादी भी रजिस्टर्ड कराएंगे।

# श्रीराम भक्तों ने घर-घर बांटा अक्षत, किया आमंत्रित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान में शामिल होने के लिए नगर में लगातार अक्षत वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को भी कई क्षेत्रों में रामभक्तों द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल देकर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

साथ ही सभी सनातन संस्कृति बंधुओं से निवेदन किया गया कि 22 जनवरी को होने वाले रामलाला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी अपने घरों में दीपक प्रज्वलित करें, रंगोली बनाएं।

## भारतीय शिक्षण मंडल उपाध्यक्ष डॉ. पचौरी आज 4 विवि के कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**भोपाल।** भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. उमाशंकर पचौरी शुक्रवार को भोपाल में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) सहित चार विश्वविद्यालयों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ. पचौरी सुबह 9 बजे आईईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद सुबह 10:30 बजे बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। केंद्रीय संस्कृत विवि में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में दोपहर 2 बजे शामिल होंगे। इसके अलावा भारतीय शिक्षण मंडल और मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में इंजीनियरिंग की रामकथा विषय पर विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. उमाशंकर पचौरी शामिल होंगे। मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग ऑडिटोरियम में यह कार्यक्रम शाम 5 बजे यह आयोजन होगा।

# मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. यादव को पीएम मोदी ने दी बड़ी जिम्मेदारी, 18 को बिहार के दौरे पर रहेंगे

### यादव जाति के बड़े वोट बैंक को भाजपा की तरफ मोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम डॉ. मोहन यादव को एक और बड़ी जिम्मेदारी दी है। पीएम मोदी सीएम मोहन को लेकर प्रोग्रेसिव तरीके से सोच रहे हैं। 18 जनवरी को सीएम मोहन यादव बिहार जाएंगे। बिहार में यादव जाति का बड़ा वोट बैंक है।

ये आमतौर पर जेडीयू और आरजेडी जैसी क्षेत्रीय दलों को ही ज्यादा संख्या में वोट करता आ रहा है, लेकिन बिहार के यादव जाति के वोटर्स को भाजपा की तरफ मोड़ने की जिम्मेदारी सीएम मोहन को दी गई है। बिहार में आज भी यादवों के बड़े नेता लालू यादव ही हैं। बिहार में आरजेडी और यूपी में समाजवादी पार्टी को यादवों की पार्टी ही माना जाता है। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में यूपी और बिहार में इस मिथक को तोड़ना चाहती है कि यादवों की हितैषी पार्टियां सिर्फ सपा और आरजेडी हैं। भाजपा यादवों की हितैषी पार्टी है और मध्यप्रदेश में एक यादव को मुख्यमंत्री बनाया है। सीएम मोहन यादव ओबीसी वर्ग से आते हैं। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान भी ओबीसी ही थे। भाजपा यादवों के साथ ओबीसी वर्ग को भी यह संदेश देना चाहती है कि वो उनकी असली हितैषी पार्टी है। भाजपा लगातार ओबीसी वर्ग से सीएम बना रही है। मध्यप्रदेश में कैबिनेट मंत्री भी ओबीसी के हैं।

### सीएम आज भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ करेंगे योग

स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के सभी स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन होगा। सीएम डॉ. मोहन यादव भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय और स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह नरसिंहपुर में विद्यार्थियों के साथ योग करेंगे। युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं में सुबह 9 से सुबह 10:30 बजे तक आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम, स्वामी विवेकानन्द के रिकॉर्डेड ऑडियो, सीएम डॉ. यादव के संदेश का प्रसारण होगा। इसके बाद रेडियो प्रसारण में दिए गए संकेतों के अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम संपन्न होगा।

**6वी से 12वी तक स्वैच्छिक, 1 से 5 तक के बच्चे नहीं होंगे शामिल:** इस आयोजन में कक्षा 6वी से 12वी तक के छात्र-छात्राएं स्वैच्छिक रूप से शामिल होंगे। प्राथमिक शाला में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के बच्चे सूर्य नमस्कार करने में शामिल नहीं होंगे, लेकिन वे दर्शक के रूप में उपस्थित रह सकेंगे।

**180 समितियां और न्यास के 1500 कार्यकर्ता होंगे शामिल**

## शारदा विहार में प्रांतीय समिति समागम संकल्प दृष्टि आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्या भारती द्वारा मध्य भारत प्रांत में सरस्वती शिशु मंदिरों का संचालन करने वाली 180 प्रबंध समितियों एवं न्यास के 1500 से अधिक कार्यकर्ताओं का प्रांतीय समिति समागम संकल्प दृष्टि 2024, 12 जनवरी से राजधानी के शारदा विहार आवासीय विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। मुख्य वक्ता विद्याभारती के अखिल भारतीय महामंत्री अवनीश भटनागर होंगे। अध्यक्षता विद्याभारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र कान्हेरे करेंगे। अभा सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा, अभा सह संगठन मंत्री श्रीराम अरावकर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता एवं विद्याभारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी उपस्थित रहेंगे।

### 3 दिन में 7 सत्र

इस आयोजन में तीन दिन तक सात सत्रों में देश के प्रख्यात शिक्षाविद एवं संगठन के अखिल भारतीय अधिकारियों के विचार जानने का अवसर समिति के कार्यकर्ताओं को प्राप्त होगा। 12 जनवरी की सायं तक सभी जिलों के विद्यालयों के समिति सदस्य एवं पदाधिकारी इस समागम में पहुंच जाएंगे। इसके बाद वे जिला बैठकों में सम्मिलित होकर कार्यों की जानकारी लेंगे और उनका मूल्यांकन करेंगे।

### मुख्य बिंदु

- कार्यक्रम के लिए शारदा विहार आवासीय विद्यालय परिसर की आकर्षक साज सज्जा की गई है।
- परिसर में विशाल खेल प्रांगण में 2000 व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। 6 समूह के अलग-अलग श्रेणियां में होने वाली बैठकों के लिए अलग-अलग मंच एवं पांडाल की व्यवस्था की गई है।
- मध्य भारत के विद्यालयों की गतिविधि की डिजिटल प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है।

### जल संसाधन मंत्री सिलावट ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री शेखावत से मुलाकात में कहा

# केन-बेतवा परियोजना से ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा

**मध्य प्रदेश 41 लाख और उत्तर प्रदेश 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी, ई.आर.सी.पी. परियोजना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश में चल रही विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं मुख्यतः केन बेतवा राष्ट्रीय परियोजना, ईआरसीपी परियोजना के संबंध जानकारी दी। केन्द्र सरकार से इन योजनाओं की समय अवधि में पूर्ण होने के संबंध में चर्चा की। शेखावत ने प्रदेश में चल रही समस्त सिंचाई परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

मंत्री सिलावट ने केंद्रीय मंत्री को परियोजना का संशोधित एमओयू भी प्रस्तुत किया और केन बेतवा परियोजना से संबंधित क्षेत्र की अन्य नदियों के संबंध में परियोजना की कार्य योजना भी प्रस्तुत की। सिलावट ने बताया कि केन-बेतवा परियोजना के द्वितीय चरण और उससे संबंधित परियोजना के लिये संशोधित कार्ययोजना बनाई जाकर प्रस्तुत की गई है। इससे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में सिंचाई के लिये अतिरिक्त पानी उपलब्ध होगा और उद्योग धंधे लगने से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कार्ययोजना का विस्तार करने और इसे जल्दी ही मंजूरी दिलाने का आश्वासन दिया।

पतने सिंचाई परियोजना के निर्माण होने पर पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रस्तावित टनल निर्माण की आवश्यकता



**कुम्भराज- 1 एवं कुम्भराज-2 बांध में होगा बदलाव**

मंत्री सिलावट ने बताया कि मध्य प्रदेश द्वारा पार्वती उपकछार के वॉटर बजट में 182 मिघमी पानी का उपयोग कुम्भराज कॉम्पलेक्स में किए जाने से एक बांध के स्थान पर कुम्भराज कॉम्पलेक्स अंतर्गत दो बांध (कुम्भराज- 1 एवं कुम्भराज-2) को संशोधित एमओयू में रखा जाना प्रस्तावित है। दोनों राज्यों के मध्य पूर्व में जल बंटवारे के अनुबंध को प्रभावित किए बिना जल का विनिमय कालीसिंध एवं अपर चंबल उप कछार में किया जाना प्रस्तावित है।

### केन-बेतवा लिंक एक राष्ट्रीय परियोजना

केन-बेतवा लिंक परियोजना को वर्ष 2009 में नदी जोड़ो परियोजना अंतर्गत एक राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। परियोजना के लिये 44 हजार 605 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना प्रथम चरण के अंतर्गत परियोजना को एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 10 प्रतिशत (राज्यों) के अनुपात में व्यय का निर्धारण किया गया है। इस परियोजना से बुन्देलखण्ड क्षेत्र अंतर्गत मध्यप्रदेश केन बेसिन में कुल 6.06 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई तथा उत्तर प्रदेश के 2.51 लाख हेक्टेयर कुल 8.56 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा मिलेगी तथा 62 लाख (मध्य प्रदेश 41 लाख और उत्तर प्रदेश 21 लाख) आबादी को पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से केन नदी कछार में मध्य प्रदेश के छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं दमोह जिले लाभांवित होंगे। केन से बेतवा नदी को जोड़ने के लिये दौधन बांध एवं लिंक केनाल का निर्माण किया जायेगा। साथ ही दो टनल एवं दो पावर हाउस भी इसमें शामिल हैं।

### *पन्ना में कृषि भूमि सिंचाई के लिये अतिरिक्त लाभ मिलेगा*

*जल संसाधन मंत्री सिलावट ने बताया कि पन्ना जिले को सिंचाई सुविधा का अतिरिक्त लाभ प्रदाय किया जा रहा है। इसके लिये विभाग की प्रस्तावित पतने सिंचाई परियोजना लागत रू. 3062 करोड़, सिंचाई क्षेत्र 1 लाख 20 हजार हैक्टेयर को केन-बेतवा परियोजना में शामिल किया जाना प्रस्तावित है। पतने सिंचाई परियोजना के निर्माण होने पर पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र में प्रस्तावित टनल निर्माण की आवश्यकता नहीं होगी। पन्ना जिले का 70 हजार हेक्टर कमाण्ड क्षेत्र पतने सिंचाई परियोजना में शामिल है।*

**राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

## 7 दिन में 9 जिलों से 698 किमी. का सफर तय करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव मीडिया प्रभारी चरण सिंह सपरा ने गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि 14 जनवरी से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू होने जा रही है। यात्रा एमपी में 7 दिन रहकर 9 जिलों से होकर 698 किलोमीटर की सफर तय करेगी। सपरा ने कहा कि यात्रा के दौरान एमपी में बेरोजगारी,



मंहगाई, किसानों के मुद्दे, दलित और आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार पर फोकस रहेगा। मध्य प्रदेश में बढ़ते महिला अपराध पर भी बात की जाएगी। सपरा ने कहा कि दलित पर अपराध में 46.11% और आदिवासियों पर 48.15 % की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में देश की सुरक्षा पर भी जनता से बात बात होगी।

वूमन प्रेस क्लब ने रवीन्द्र भवन में कराया संवाद

## महिला आरक्षण बिल में भाजपा हमेशा से महिला समानता की पक्षधर रहीः बागरी

**भाजपा ने महिला आरक्षण के लिए किए सार्थक प्रयासःतोमर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वूमन प्रेस क्लब द्वारा बुधवार को रवीन्द्र भवन के गौरांजनी सभागार में वैचारिक संवाद श्रृंखला पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। क्लब द्वारा आयोजन की यह प्रथम कड़ी थी, जिसमें महिला आरक्षण बिल, आधी आबादी का पूरा अधिकार, विषय पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, कैबिनेट मंत्री प्रतिमा बागरी, राज्यमंत्री कृष्णा गौर और बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे सहित राजधानी की महिला पत्रकार मौजूद रहीं।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कोई भी परिवर्तन समय और समाज सापेक्ष होता है। हर अधिकार के साथ कर्तव्य आता है। अधिकार और कर्तव्य मिलकर किसी मनुष्य, समाज या देश का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें वैचारिक पक्षधरता से बचना चाहिए और समग्ररूप से स्त्री-पुरूष को साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि एक समय था जब राजनीति में महिलाओं की तादात बहुत कम थी। भाजपा ने इस दिशा में सार्थक प्रयास किए और सबसे पहले अपने संगठनात्मक स्तर पर इसमें परिवर्तन किए और इस विधेयक को भी पारित कर दिया है। उम्मीद है इसके साथ हम राजनैतिक चेतना और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे।




### भाजपा हमेशा से महिला समानता की पक्षधर रही

*केबिनेट मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि भाजपा हमेशा से महिला समानता की पक्षधर रही है और ये बिल इसी का प्रतीक है। आगे चलकर ये विधेयक लागू होगा तो महिलाओं की तादाद राजनीति में बढ़ेगी। मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाओं को प्रतिनिधित्व ज्यादा मिलेगा तो समाज की संरचना में भी परिवर्तन होगा और समाज को सही दिशा मिलेगी। सागर के बीना से कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार से ग्राम्य जीवन की परिस्थितियों को बदलने के लिए उन्होंने राजनीति में आने का निर्णय लिया। इस अवसर पर वूमेंस प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीप्ति चौरसिया, सचिव शेफाली पांडे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। आभार प्रदर्शन चिन्मयी शर्मा ने किया।*

## 5 साल बाद मिलेंगे नए डिप्टी कलेक्टर डीएसपी, साल 2019 और 2020 के चयनित उम्मीदवारों को सीएम से मिलेंगे नियुक्ति पत्र

**जीएडी ने सभी विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की व्यस्तता के चलते तारीख पर नहीं हुआ अभी फैसला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में पांच साल के इंतजार के बाद डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, नायब तहसीलदार अधिकारी मिलने जा रहे हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सभी विभागीय अधिकारियों की गुरुवार को बैठक की है। हालांकि अभी ज्वाइनिंग की तारीख तय होगी। साल 2019 व 2020 के राज्य सेवा परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों को दी जाएगी। इनकी संख्या 650 से ज्यादा है।

उम्मीद है कि अगले सप्ताह ही यह ज्वाइनिंग दे दी जाएगी, क्योंकि 10 से 15 जनवरी तक सीएम की मंशा के अनुसार महिला सशक्तिकरण और युवा उर्जा केंद्रित कार्यक्रमों के आयोजन हो रहे हैं। इसी दौरान युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। दरअसल सीएम डॉ. मोहन यादव के हाथों इन नए चयनितों को नियुक्ति पत्र दिए जाने हैं। सीएम से स्वीकृति मिलने के उपरांत ही कार्यक्रम तय किया जाएगा। बहरहाल, अभी तारीख तय नहीं हुई है।

**2019, 2020 के बैच की साथ नियुक्ति**

*साल 2020 के चयनितों का रिजल्ट तो साल 2023 में ही आ चुका था, लेकिन साल 2019 की परीक्षा में आए कानूनी विवाद के चलते उनका रिजल्ट रूका हुआ था। बाद में वरिष्ठता को लेकर विवाद नहीं हो, इसके चलते जीएडी ने 2020 में चयनितों की भी नियुक्ति रोकी हुई थी। लेकिन अब दोनों बैच के चयनितों को एक साथ ज्वाइनिंग दी जा रही है।*

**इन विभागों के साथ हुई बैठक**

*मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, मप्र शासन के तहत सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक), गृह, वित्त, वाणिज्यिक कर, श्रम, नगरीय प्रशासन व आवास, जनसंपर्क, जनजातीय कार्य, खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण, स्कूल शिक्षा, औद्योगिक नीति और निवेश विभाग, राजस्व, पंचायत और ग्रामीण वाकस, जेल विभाग, सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है।*

**650 से ज्यादा नए युवा**

*मप्र शासन को इन दोनों भर्तियों से 650 से ज्यादा नए युवा अधिकारी मिलेंगे। साल 2019 में 571 पद और 2020 में 260 पद थे। हालांकि 87-13 फीसदी के फामूर्ले के चलते केवल 87 फीसदी पदों पर ही अंतिम रिजल्ट जारी हुआ है। इन 87 फीसदी पदों पर ही नियुक्ति की जा रही है।*

**ई-नगर पालिका हैक मामले पर नेता प्रतिपक्ष का बड़ा आरोप**

## तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी अब तक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर के हैक मामले में प्रदेश की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 21 दिसंबर को कथित सायबर अपराधियों ने मध्यप्रदेश में ई-नगरपालिका पोर्टल के डाटा को हैक कर लिया था और लगभग तीन हफ्ते बीत जाने के बाद भी



अब तक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाई हैं। इस सायबर अटैक से पूरे प्रदेश की 412 नगर पालिकाओं के डाटा को नुकसान पहुंचा है, सिर्फ ऑफलाइन और बैकअप डाटा ही अभी तथाकथित रूप से बचाया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा कि प्रॉपर्टी, सीवरेज, जल कर, मैरिज सर्टिफिकेट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे तमाम अतिमहत्वपूर्ण काम अभी पूरी तरह से पटरी पर नहीं आ पाए हैं।

### मप्र को बदनाम करने के प्रयासों के लिए माफी मांगें सिंघारः अग्रवाल

**भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के ई-नगरपालिका पोर्टल पर सोशल मीडिया पर दिए गए बयान को लेकर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पलटवार किया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्मय से उमंग सिंघार के आरोप को नकारते हुए कहा कि लगता है सारे झूठ बोलने और भ्रम फैलाने की गठरी कांग्रेस ने आपके सिर पर रख दी है। पहले लाड़ली बहना योजना को लेकर आपके झूठ का पर्दाफाश हो गया था और अब ई-नगरपालिका पोर्टल के बारे में भ्रम फैलाने पर। जिस तरह 10 जनपथ के राजकुमार राहुल गांधी विदेशों में जाकर देश को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, पूर्व सीएम कमलनाथ मध्यप्रदेश को बदनाम करते हैं, लगता है उन्हीं से प्रेरणा लेकर आप भी उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। अग्रवाल ने कहा कि मनगढ़ंत भ्रामक बातें कर प्रदेश की बदनामी के आपके प्रयास निंदनीय हैं। आग्रह है कि कृपया नेताप्रतिपक्ष की गरिमा के अनुरूप तथ्यों पर अपनी बात रखें। आपका ट्वीट पुनः भ्रामक रहा, और मध्यप्रदेश को बदनाम करने के कुत्सित प्रयासों के लिए आपको माफी मांगनी चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि सिंघार इस सत्य और तथ्य पर भी नजर डालें कि 21 दिसंबर 23 को विभाग के संचालित ई-नगरपालिका सॉफ्टवेयर पर साइबर अटैक की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी।

**विधानसभा में मिले वोटों के आधार पर 9 सीटों की उम्मीद, राजगढ़ से दिग्विजय परिवार का सदस्य मार सकता है बाजी**

# कांग्रेस लड़ेगी सभी 29 सीटें, लेकिन 10 लोकसभा सीटों पर रहेगा खास ध्यान

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

विधानसभा चुनाव में हार से उबर कर कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। नतीजा जो भी आए, लेकिन तैयारी के लिहाज से भाजपा की तुलना में कांग्रेस आगे दिखने लगी है। कांग्रेस लड़ेगी तो सभी 29 लोकसभा सीटें, लेकिन 10 सीटों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करेगी। इनमें से 9 सीटों में विधानसभा चुनाव में मिले वोटों के कारण पार्टी को उम्मीद है। 10 वीं सीट राजगढ़ है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि यदि यहां से दिग्विजय सिंह अथवा उनके परिवार का सदस्य चुनाव लड़े तो यहां भी जीत दर्ज की जा सकती है।

### 5 क्षेत्रों में ज्यादा विधानसभा सीटें जीती कांग्रेस

विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बावजूद 5 लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां, कांग्रेस ने भाजपा से ज्यादा विधानसभा सीटें जीतीं। छिंदवाड़ा में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 3 विधानसभा सीटों में बढ़त बनाई थी लेकिन विधानसभा चुनाव में वह सभी सीटें हार गई। मुरैना में नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा के चुनाव में सभी सीटों में बढ़त बनाई थी लेकिन विधानसभा चुनाव में भाजपा 5 सीटें हार गई जबकि तोमर यहां से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे। धार में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 6 सीटों में बढ़त ली थी लेकिन विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस से 5 विधानसभा सीटों में पिछड़ गई। खरगोन के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त ली थी लेकिन विधानसभा चुनाव में वह सिर्फ 3 सीटें जीत सकी। पांचवी सीट है रतलाम-झाबुआ। यहां भी 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 5 सीटों पर बढ़त बनाई थी लेकिन विधानसभा चुनाव में वह सिर्फ एक सीट जीत सकी।

### 4 लोकसभा क्षेत्रों में रही बराबरी की टक्कर

प्रदेश के चार लोकसभा क्षेत्र ऐसे हैं, विधानसभा चुनाव में जहां भाजपा-कांग्रेस के बीच लगभग बराबरी की टक्कर हुई। कांग्रेस इन सीटों में भी ध्यान केंद्रित करने की तैयारी में है। इनमें भिंड, ग्वालियर और बालाघाट लोकसभा क्षेत्रों में दोनों दलों भाजपा- कांग्रेस को 4-4 विधानसभा क्षेत्रों में जीत मिली है। जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भिंड की सभी 8, ग्वालियर की 6 और बालाघाट की 7 विधानसभा सीटों में बढ़त बना कर जीत दर्ज की थी। टीकमगढ़ में भी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों में बढ़त बनाई थी लेकिन विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 3 सीटें गंवा दीं। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि यदि यहां जोर लगाया जाए तो सफलता मिल सकती है।

### तैयारी ठीक, लेकिन पिछली बार जैसा हो सकता हश्र

लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कांग्रेस की तैयारी अच्छी है लेकिन उसे यह भी याद रखना होगा कि 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद तो कांग्रेस ने प्रदेश में सरकार तक बना ली थी। उसकी सरकार रहते 2019 का लोकसभा चुनाव हुआ था, इसमें कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। किसी तरह छिंदवाड़ा में कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ चुनाव जीत सके थे। जब सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में एक सीट तक के लाले पड़ गए थे तो अब जब प्रदेश में भाजपा बंपर जीत के साथ सत्ता में है तो कांग्रेस का हश्र पिछले लोकसभा चुनाव जैसा हो सकता है।

### *9 सीटों पर कांग्रेस पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में*

*- कांग्रेस की बैठकों में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी कह चुके हैं कि लगभग 100 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस प्रत्याशी 1 या 2 फीसदी के अंतर से चुनाव हारे हैं। 5 लोकसभा क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां कांग्रेस को भाजपा से ज्यादा वोट मिले हैं। इसके अलावा 4 लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने भाजपा को अच्छी टक्कर दी है। जीतू पटवारी का मानना है कि यदि व्यवस्थित चुनाव लड़ा जाए और प्रत्याशी अच्छे हों तो पांसा पलटते देर नहीं लगेगी। कांग्रेस का लक्ष्य छिंदवाड़ा के साथ ये 9 सीटें हैं, जहां के लिए कांग्रेस पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है।*

### सभी सीटों के लिए प्रभारी और संयोजक नियुक्त

*इसमें कोई संदेह नहीं कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में इस बार भाजपा की तुलना में कांग्रेस आगे दिख रही है। प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन में देरी किए बगैर कांग्रेस आलाकमान चुनाव घोषणा पत्र समिति पहले ही गठित कर चुका था, अब प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी और संयोजक नियुक्त किए जा चुके हैं। तैयारी के सिलसिले में कांग्रेस पार्टी विधायकों, विधानसभा चुनाव हारे प्रत्याशियों, प्रभारियों, जिलाध्यक्षों की बैठकें कर चुकी है। इनमें लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई है। तय किया जा चुका है कि पार्टी के सभी बड़े नेताओं को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जाएगा और प्रत्याशियों की घोषणा भी जल्दी कर दी जाएगी ताकि प्रत्याशियों को चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त समय मिल सके।*




**108 फीट लंबी अगरबत्ती अयोध्या पहुंची**

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के लिए 108 फीट लंबी अगरबत्ती लेकर एक ट्रक गुरुवार को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए श्री राम जन्म भूमि मंदिर परिसर पहुंचा।



**इस तरह की जा रही भव्य सजावट**

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कारीगर से लेकर शिल्पकार और कलाकार से लेकर मजदूर तक बड़ी शिद्दत से अपने-अपने काम में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर हर तरफ उल्लास और उत्सवी माहौल है।

## खबर संक्षेप

### मोदी फिर पीएम न बने तो फांसी लगा लूंगा



**मुंबई।** शिवसेना के शिंदे गुट के विधायक संतोष बांगड़ ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी ही दोबारा केंद्र की सत्ता में लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा यह दावा है और ऐसा ही होगा। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि मेरी बात गलत साबित हुई तो मैं चौराहे पर फांसी लगा लूंगा। शिंदे को असली शिवसेना बताने के बाद यह कहा।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुनवाई फिर बढ़ी



**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट में बगुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में सर्वे की मांग की गई। सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में दो अधिवक्ताओं को भी रख जाए। मौके पर ईदगाह मस्जिद पक्ष के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सशर्त मिली अनुमति



**नई दिल्ली।** 14 जनवरी से आरम्भ हो रही कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने की अनुमति सशर्त मिली है। राहुल की ये यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू होनी है। पहले मणिपुर सरकार ने अनुमति नहीं दी थी। अब कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। सीमित संख्या के साथ वे यात्रा कर सकते हैं।

### मणिपुर में चार में से तीन के शव बरामद



**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में जंगल में जलाने की लकड़ी लेने गए लापता 4 लोगों में से 3 गुरुवार को चुराचांदपुर जिले में मृत पाए गए। बिष्णुपुर जिले के अकासोई के 4 लोग बुधवार दोपहर चुराचांदपुर में लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान लापता हो गए थे। इनकी पहचान कर ली गई है।

अयोध्या में सिर्फ प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता ही कांग्रेस ने नहीं ठुकराया...

# राममंदिर ही नहीं सोमनाथ, नई संसद तक का कांग्रेस ने किया था बहिष्कार

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ट्रस्ट की तरफ से सभी जानी-मानी हस्तियों के साथ नेताओं, अभिनेताओं, खिलाड़ियों व कलाकारों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। इसको लेकर ट्रस्ट की तरफ सभी जानी-मानी हस्तियों, नेताओं, अभिनेताओं, खिलाड़ियों, कलाकारों को निमंत्रण भेजा गया है, लेकिन जो सबसे बड़ी बात है, तो यह है कि इस कार्यक्रम के आयोजन से देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने दूरी बना ली है। कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होगी।

- कांग्रेस पर चारों ओर से किए जा रहे बड़े कटाक्ष

कांग्रेस ने बुधवार को एक बयान जारी कर इसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा का कार्यक्रम बताया। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब कांग्रेस ने इस तरह के आयोजन से दूरी बनाई है।

भाजपा ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से दूरी बनाने के फैसले को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है। इतना ही नहीं भारतीय जनता पार्टी ने कई ऐसे मौके गिनाए, जब कांग्रेस ने इस तरह के बड़े और भव्य कार्यक्रमों का बहिष्कार किया है।

## इन कार्यक्रमों में भी नहीं शामिल हुई थी कांग्रेस

**आखिरकार कांग्रेस ने अपना रुख साफ किया**

**भाजपा ने इस पर इतिहास की याद दिलाई**




भाजपा सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बताया कि कांग्रेस ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। जी20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया। 2004 से 2009 तक, कांग्रेस ने कारगिल विजय दिवस का बहिष्कार किया। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के नेतृत्व में मई 1998 में किए गए पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कांग्रेस ने 10 दिनों तक कोई बयान नहीं दिया।

### पूर्व मंत्री रविशंकर ने भी किया हमला


#### इसे दुर्भाग्यपूर्ण, पीड़ादायक और शर्मनाक बताया



भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण, पीड़ादायक और शर्मनाक है। इन्होंने सदैव राम जन्मभूमि का विरोध किया था। कांग्रेस पार्टी ने देश में राज किया था फिर भी आज कहां सिमट गई है, आगे चुनाव में भी इनका सूपड़ा साफ होगा। क्या यह कोई संघ का कार्यक्रम है? यह राष्ट्र का कार्यक्रम है। दुनिया इसकी प्रतीक्षा कर रही है।

### सुधांशु ने कांग्रेस पर साधा निशाना

#### पार्टी ने खुद को बदलने का मौका भी गंवा दिया



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नकारात्मक राजनीति करती है और हर चीज का बहिष्कार कर रही है। यह नेहरू की कांग्रेस है। कांग्रेस की बहिष्कार करने वाली परंपरा रही है। पार्टी ने मौका गंवा दिया।

**सोमनाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का नेहरू ने किया था विरोध**

सुधांशु ने कहा कि पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू ने जब सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, तो 24 उस समय विरोध किया था।

### गिरिराज का बड़ा बयान

#### कांग्रेस सीजनल हिंदू, वहां जाने की ताकत नहीं



केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस वाले सीजनल हिंदू हैं। उनमें अयोध्या जाने की ताकत नहीं है। कांग्रेस में तो जवाहरलाल नेहरू से लेकर अब तक कोई अयोध्या नहीं गया है।

### सीएम सरमा की दो टूक

#### कांग्रेस ने पाप कम करने का मौका खोया



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि कांग्रेस को अपने पाप कम करने का मौका दिया गया था लेकिन पार्टी ने निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। वह निमंत्रण की हकदार नहीं थी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, विश्व हिंदू परिषद ने शामिल होने का निमंत्रण देकर कांग्रेस पार्टी को अपने पाप कम करने का सुनहरा अवसर दिया था।

अरुणाचल में गरजे अध्यक्ष नड्डा



# परिवार रक्षा के लिए भारत तोड़ो अन्याय यात्रा कर रही कांग्रेस

एजेंसी ⏭ ईटानगर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश में राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपक्षी इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर जमकर बरसे।

उन्होंने कांग्रेस की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' करार दिया। साथ ही उन्होंने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि इसका गठन काले धन और संबंधित पार्टियों के नेताओं के परिवारों की रक्षा के लिए किया गया है।

### फूट डालो और राज करो की राजनीति...

नड्डा ने देश को एकजुट करने में कांग्रेस की भूमिका पर भी सवाल उठाया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस अपनी 'फूट डालो और राज करो' की राजनीति के लिए जानी जाती है और उसने देश को 'बांटने' के लिए सब कुछ किया और अब अपने गलत कृत्यों को छिपाने के लिए एक यात्रा आयोजित कर रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। अरुणाचल प्रदेश में यात्रा का चरण 20 जनवरी को निर्धारित है।

### हम देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं

नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा स्वागत करने के लिए उचित कतार में खड़े लोगों को देखने के बाद, मुझे कहना होगा कि अरुणाचल प्रदेश 'अनुशासन की भूमि' है। हमें मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। हमें तेजी से जाना होगा, लेकिन इसके साथ-साथ हमें और अधिक जिम्मेदार भी बनना होगा।

## पीएम ने अजमेर शरीफ के लिए भेजी चादर



**नई दिल्ली।** अजमेर शरीफ दरगाह एकता की मिसाल है और हिंदुस्तान की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परंपरा की निशानी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाने के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा को चादर सौंपी है। इस चादर को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के मौके पर चढ़ाया जाएगा। पीएम हर साल उर्स पर चादर भेंट करते हैं। इस साल 812वां उर्स मनाया जा रहा है। 13 जनवरी को पीएम मोदी की भेजी चादर चढ़ाई जाएगी।

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर सीएम ममता की 'ना'



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर असहमति जताई है। उन्होंने उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि वो इससे सहमत नहीं हैं। उच्च स्तरीय समिति को लिखे पत्र में ममता ने कहा, मुझे खेद है कि मैं 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि ये सही नहीं है और ये देश के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। हम एक साथ चुनाव कराए जाने से सहमत नहीं हैं। साल 1952 में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।

# समुद्री सुरंगें बनाने का काम शुरू 270 किमी मार्ग पर डक्ट बिछा रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारियां दी है। उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद रूट पर प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर कहा कि अब तक 508 किमी से 270 किमडी के मार्ग पर तारों के लिए डक्ट बिछाने का काम पूरा हो चुका है। प्रोजेक्ट का काम समय पर है।

मुंबई-ठाणे के बीच समुद्र के नीचे बन रही सुरंग का काम भी शुरू हो चुका है। इस रूट पर पड़ने वाली आठ नदियों पर पुल निर्माण का काम जारी है। दो पुलों का काम पूरा हो चुका है। साबरमती टर्मिनल स्टेशन का काम पूरा होने की कगार पर है।

## रेल मंत्री वैष्णव ने बताई प्रोजेक्ट की प्रगति

### बुलेट ट्रेन के लिए जमीन अधिग्रहण पूरा



हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बताया कि उसने मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और दादर और नगर हवेली में भूमि अधिग्रहण का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। वैष्णव ने भी बताया था कि परियोजना के लिए आवश्यक पूरी 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।

### अयोध्या में भी किए जा रहे कई काम

रेल मंत्री ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर अयोध्या धाम स्टेशन की क्षमता बढ़ाने पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में 5 स्टेशन हैं और इन सभी को क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया जा रहा है। यहां लखनऊ से आने वाली रेल लाइनों के दोहरीकरण का काम जारी है। वाराणसी जाने वाली लाइनों को भी डबल किया जा रहा है। प्रयागराज व गोरखपुर से आने वाली लाइनों को भी बढ़ा रहे।

# कलकत्ता हाईकोर्ट की 'रोक', 18 जनवरी तक सीएम ममता से मांगा हलफनामा

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी और केंद्रीय जांच एजेंसियों का टकराव अक्सर सुर्खियां बटोरता है। यह मामला टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर ईडी की छापेमारी और ईडी की टीम पर कथित तौर से हुए जानलेवा हमले का है।

इस मामले में ईडी और शाहजहां शेख एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं। अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी नेता की तरफ से दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर रोक लगा दी है। अदालत ने प्रतिवादियों से 18 जनवरी तक जवाब दाखिल कर सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर की।

## ईडी के खिलाफ एफआईआर पर सुनवाई

### 22 को होगी अगली सुनवाई



एफआईआर पर स्थगन आदेश पारित करते हुए हाईकोर्ट की पीठ ने कहा, प्रतिवादी को 18 जनवरी तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। इसके माध्यम से रिकॉर्ड पर केस डायरी लाई जाएगी। जरूरत पड़ती है तो ईडी को भी हलफनामा दाखिल कर जवाब देने को तैयार रहना होगा। पीठ ने अगली सुनवाई 22 जनवरी को तय की है।

### ईडी के सामने नहीं पेश हुए फारूक अब्दुल्ला



जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूख अब्दुल्ला ईडी के सामने नहीं हुए पेश। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए उनको श्रीनगर स्थित कार्यालय में पेश होने को कहा गया था। फारूक बीमारी का बहाना बनाते हुए ईडी के सामने नहीं हुए। पार्टी ने औपचारिक बयान नहीं दिया।

## गडकरी ने किया परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

पंजाब के होशियारपुर में केंद्रीय सड़क मंत्री ने किया सुधार संबंधी बड़ा ऐलान

# पंजाब में 4,000 करोड़ की लागत से 29 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का निर्माण शुरू, दक्षता सुधरेगी

एजेंसी ⏭ होशियारपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के होशियारपुर में 4,000 करोड़ की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

गडकरी ने सोशल मीडिया हैंडल पर भी एक पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जिससे कार्यान्वयन क्षेत्र का समग्र आर्थिक विकास होगा और आबादी की जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। यातायात की निर्बाध और मुक्त आवाजाही होगी जिससे माल ढुलाई की दक्षता में भी सुधार होगा।



### कई 4-लेन बाइपास बनेंगे

गडकरी ने सड़क कनेक्टिविटी के संदर्भ में अन्य नई परियोजनाओं की भी घोषणा की। इस घोषणा में 1600 करोड़ रकी लागत से जालंधर से पठानकोट मार्ग पर मुकेरियां, दसुइया और भोगपुर में 45 किलोमीटर के 4-लेन बाइपास और 800 करोड़ की लागत से टांडा से होशियारपुर तक 30 किलोमीटर के 4-लेन बाइपास का निर्माण शामिल है।

### लाडोवाल बाइपास से होगा सीधा संपर्क

लुधियाना में जीटी रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 5 को जोड़ने वाले 4-लेन वाले लाडोवाल बाइपास के निर्माण से लुधियाना-फिरोजपुर राजमार्ग को दिल्ली-जालंधर राजमार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 44) से सीधी कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।वहीं दूसरी तरफ तलवंडी भाई से फिरोजपुर खंड और फिरोजपुर बाइपास के 4-लेन के निर्माण से कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

### फगवाड़ा और होशियारपुर में यातायात होगा सुगम

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि फगवाड़ा और होशियारपुर बाइपास सहित इस खंड के 4-लेन के निर्माण से फगवाड़ा और होशियारपुर के बीच 100 किलोमीटर प्रति घंटे की हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी और यात्रा का समय 1 घंटे से घटकर 30 मिनट हो जाएगा। फगवाड़ा और होशियारपुर बाईपास शहरी क्षेत्र में भीड़भाड़ को कम करेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (जीटी रोड) के माध्यम से होशियारपुर को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

# साइबेरिया में -71 डिग्री तापमान के साथ बर्फीली हवाएं



1 दुनिया का सबसे ठंडा साइबेरिया का 'याकुत्सक गांव'

2 ठंड का इतना डर... सप्ताह में एक दिन ही करते हैं स्नान

3 सोशल मीडिया पर ठंड का वीडियो हो रहा वायरल

4 उत्तर भारत में भी ठंड से लोग हो रहे हलाकान

### नहाने की प्रक्रिया में लगते हैं 5 घंटे

*साइबेरिया के याकुत्सक गांव में लोगों के पास पाइपलाइन नहीं है, क्योंकि पानी उसमें जम जाता है। इस वजह से लोग नहाने से पहले पानी गर्म करने के लिए बर्फ इकट्ठा करते हैं। सबसे पहले वो पहले से स्टोर की हुई लकड़ियों को काटकर घर लाते है और आग जलाते है। जब आग अच्छे से जल जाती है तो वो बर्फ गर्म करने के लिए सबसे पहले बाहर जाता है और बर्फ जमा करता है। बर्फ की सिल्ली के अलावा वो सड़क पर जमी बर्फ को भी जुटा लेता है। बर्फ पानी में बदल जाती है। बाथ हाउस के अंदर का तापमान काफी अधिक हो जाता है। वो बहुत गर्म होता है पर लोगों के लिए बहुत आराम देने वाला होता है। इस पूरी प्रक्रिया में 5 घंटे का वक्त लगता है।*

## खबर संक्षेप

### भारत के दुश्मन भुट्टावी की मौत पर यूएन की मुहर

**न्यूयॉर्क।** लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक सदस्य हाफिज अब्दुल सलाम भुट्टावी की मौत हो चुकी है।



संयुक्त राष्ट्र संघ ने गुरुवार को भुट्टावी की मौत की पुष्टि कर दी है। भुट्टावी हाफिज सईद का डिप्टी भी था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी भुट्टावी ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के लिए लश्कर के हमलावरों को प्रशिक्षित किया था। उनसे दो मौकों पर आतंकवादी संगठन के प्रमुख के रूप में काम किया था। पिछले साल मई में पंजाब प्रांत की जेल में उसकी मौत हो गई थी। वित्तपोषण मामले में वह सजा काट रहा था।

### ग्लेशियरों पर नजर रखेगा भारत-अमेरिका

**वॉशिंगटन।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा मिलकर बनाई गई सैटेलाइट निसार लॉन्चिंग के लिए तैयार है



और जल्द ही इसकी लॉन्चिंग की तारीख का एलान कर दिया जाएगा। इस सैटेलाइट की मदद से इसरो और नासा धरती पर पर्यावरण के लिए अहम वेटलैंड, ज्वालामुखी में आए बदलाव और जमीन और समुद्र की बर्फ में आए बदलावों का अध्ययन करेगी। निसार सैटेलाइट ग्लेशियरों से बर्फ पिघलने की भी निगरानी करेगी। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेट्री ने इसकी जानकारी दी है।

## पीएम मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री ने की द्विपक्षीय बैठक

*दोनों देश करेंगे रक्षा क्षेत्र में नवाचार*

# व्यापार और रक्षा क्षेत्रों में दोनों देश मिलकर करेंगे सहयोग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने द्विपक्षीय बैठक में कहा कि हमने व्यापार, ऊर्जा, विज्ञान, नवाचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की।

चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में हिस्सा लेने के लिए 9 से 11 जनवरी तक भारत के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 के मौके पर चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुख्य तौर पर ज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की हैं।

**खास बातें**
- चेक गणराज्य के पीएम फियाला पहुंचे समिट में
- रक्षा, रेलवे और विमानन क्षेत्रों में निर्माताओं के साथ साझेदारी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत और चेक गणराज्य के बीच संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।*

यूएई-भारत सीईपीए की वेबसाइट लांच

व्यापारियों ने दिखाई खाद्य उद्योग में रुचि





### 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर व्यापार का लक्ष्य

*दोनों देशों ने जुलाई 2023 में स्थानीय मुद्रा निपटान की प्रणाली अपनाई जो निर्यातकों और आयातकों को उनकी घरेलू मुद्राओं में भुगतान करने की सुविधा देता है। यह कदम दोनों न केवल दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बना रही है बल्कि आपसी विश्वास को बढ़ावा दे रही है। यूएई-भारत बिजनेस शिखर सम्मेलन द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने,आपसी विकास और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह सम्मेलन दोनों देशों के मनोबल बढ़ाने में सहायक हो सकती है।*

### द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा

संयुक्त बयान में कहा गया कि कई चेक कंपनियों ने मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत रक्षा, रेलवे और विमानन क्षेत्रों में भारतीय निर्माताओं के साथ साझेदारी की है। संयुक्त वक्तव्य का उद्देश्य स्टार्ट-अप और नवाचार, साइबर-सुरक्षा, डिजिटल डोमेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, परमाणु ऊर्जा और सर्कुलर अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की सहयोग भरी विशेषज्ञता का लाभ उठाना है।

### द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने भारत यूएई बिजनेस शिखर सम्मेलन

बिजनेस शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संयुक्त अरब अमीरात भारत सीईपीए परिषद वेबसाइट का औपचारिक से शुभारंभ किया। यह कदम दोनों देशों के बीच न केवल आर्थिक सहयोग बल्कि व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा। बता दें कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के इस संस्करण के मुख्य अतिथि के तौर पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शामिल रहे।

## सर्वमान्य नेता बनीं शेख हसीना

# दुनियाभर में हो रही बांग्लादेश के विपक्ष विहीन चुनाव की चर्चा



एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश के चुनाव परिणामों ने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वहां शेख हसीना के नेतृत्व वाली आवामी लीग पार्टी ने 2024 के आम चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करते हुए संसद को विपक्ष विहीन कर दिया। 8 जनवरी 2024 को आए चौंकाने वाले परिणामों की विदेशी समाचार एजेंसियों में भी खूब चर्चा हो रही है।

मुजीबुर्रहमान की बेटी शेख हसीना की पार्टी को बहुमत मिल गया। बांग्लादेश की संसद में 300 सीटें हैं जिसमें से 299 पर मतदान हुआ था। इस 299 सीटों में से 222 सीट अवामी लीग को मिली है। 62 निर्दलीय जीते हैं जबकि विपक्षी बीएनपी को 11 सीटें मिली हैं।

### शेख हसीना कट्टरपंथी इस्लाम के खिलाफ

*शेख हसीना कट्टरपंथी इस्लाम के खिलाफ हैं और वे भारत से बेहतर रिश्ता रखने की पक्षधर हैं, इसलिए बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थक दल या संगठन आम चुनावों का बहिष्कार करने लगे हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का बहिष्कार इसी कारण से है। वरना कोई कारण नहीं था कि वह तीसरी बार चुनावों का बहिष्कार करती। इसी बहिष्कार को लेकर दुनियाभर की समाचार एजंसियां और इस्लामिक समर्थक बांग्लादेश के चुनावों को एकतरफा चुनाव बताते आ रहे हैं। बांग्लादेश की चुनाव विश्लेषक शरमीन मुर्शिद कहती हैं कि यह बिना व्याकरण वाला चुनाव था। मैंने ऐसा कोई चुनाव नहीं देखा। शरमीन कहती हैं कि "यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें एक ही दल (अवामी लीग) पक्ष और विपक्ष दोनों ओर था।*

### विपक्ष ने किया था चुनाव का बहिष्कार

लगातार तीसरी बार बांग्लादेश की मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने आम चुनाव के बॉयकॉट का ऐलान किया था। बीएनपी 2014 से जातीय संसद के चुनाव में हिस्सा नहीं ले रही है। बीएनपी चार बार सरकार बना चुकी है। इस पार्टी की स्थापना पाकिस्तान समर्थक जनरल जियाउर्रहमान ने 1978 में की थी। उनकी विधवा बेगम खालिदा जिया पार्टी की प्रमुख हैं जो दो बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। जियाउर्रहमान खुद भी बांग्लादेश के राष्ट्रपति रह चुके थे और 1981 में बांग्लादेश आर्मी के ही लोगों ने पाकिस्तानी समर्थक होने के कारण उनकी हत्या कर दी थी।

*जांच पड़ताल के बाद डेढ़ घंटे देरी से हुई रवाना*

# टैंपा एयरपोर्ट पर यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ⏭ न्यूयार्क

फ्लोरिडा से एयरबस ए319 ने करीब 3:42 बजे उड़ान भरी और उसके 50 मिनट बाद दरवाजा खुले होने का अलर्ट मिलने के बाद यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान को सबसे करीबी टैम्पा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया।

इसमें 123 पैसेंजर्स और 5 क्रू मेंबर्स थे। लैंडिंग करीब डेढ़ घंटे तक टैम्पा में रहने के बाद शाम करीब 6 बजे फ्लाइट फिर से रवाना हो गई। इससे पहले 6 जनवरी को अलास्का एयरलाइंस के बोइंग 737 मैक्स 9 सीरीज के प्लेन का इमरजेंसी एग्जिट डोर 16 हजार फीट की ऊंचाई पर उखड़ गया था। एयरलाइंस के मुताबिक विमान में 171 पैसेंजर और 6 क्रू मेंबर सवार थे।

**खास बातें**
- एयरबस ए319 ने दोपहर करीब 3 :42 बजे भरी थी उड़ान
- उड़ान के 50 मिनट बाद हवा में दरवाजा खुले होने का मिला अलर्ट

123 पैसेंजर्स और 5 क्रू मेंबर्स थे मौजूद

अमेरिका में एक हफ्ते में दूसरी घटना




## समान मुद्दे पर कनाडा-यूएस का रुख

# विदेश मंत्री जयशंकर ने कनाडा के पीएम को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली। कनाडा और अमेरिका के साथ संबंधों को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुलकर बात की है। एक साक्षात्कार में उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों में अंतर को बताते हुए कहा कि कनाडा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर आतंकवाद और चरमपंथी गतिविधियों को सही ठहराता है, जबकि अमेरिका ऐसा नहीं करता है। अमेरिका ने हमारे साथ अपनी चिंताओं को साझा किया।

### कनाडाई राजनीति ने खालिस्तानी को दी पनाह

जयशंकर ने कहा कि कनाडाई राजनीति ने खालिस्तानी ताकतों को



हमेशा से संरक्षण दिया है। इन्ही कारणों की वजह से हमारे संबंधों में खटास आई हैं। दुर्भाग्य से कनाडा की राजनीति के हालात ऐसे ही हैं। निज्जर की मौत के बाद भारत के रिश्तों में दरार आई है।

## राजनाथ ने की रक्षा और आर्थिक संबंधों पर चर्चा

# सुनक को भेंट की राम दरबार की मूर्ति

एजेंसी ⏭ लंदन

भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से प्रधानमंत्री आवास सह कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक संबंधों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सिंह ने बैठक के दौरान, ब्रिटेन के प्रथम हिंदू प्रधानमंत्री सुनक को राम दरबार की एक मूर्ति भी भेंट की।

बैठक में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी शामिल हुए। सुनक ब्रिटेन और भारत के तालमेल के साथ काम करने की जरूरत पर राजनाथ से सहमत हुए और उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर जारी बातचीत को जल्द ही सफलतापूर्वक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा।



### यात्रा से रक्षा साझेदारी में सकारात्मक परिणाम

भारत और ब्रिटेन एफटीए के लिए अभी 14वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। इस समझौते का लक्ष्य 36 अरब ब्रिटिश पौंड की द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाना है। समझा जाता है कि सुनक ने भी द्विपक्षीय साझेदारी के तहत रक्षा व सुरक्षा संबंध प्रगाढ़ करने की अपनी सरकार की इच्छा को रेखांकित किया।

## राजौरी और पुंछ में विरोधी दे रहा आतंकवाद को बढ़ावा, सेना प्रमुख ने बताया चिंताजनक

# आतंकी ढांचे को सीमा पार से मिल रही मदद पर विराम लगाना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने देश को बॉर्डर के हालात पर दिल्ली में कहा कि पिछले 5-6 महीनों में राजौरी और पुंछ में स्थिति और आतंकवादी गतिविधियां हमारे लिए चिंता का विषय रही हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशील है। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि हम सैन्य, राजनयिक स्तर पर बातचीत जारी रखे हैं।

**खास बातें**
- घुसपैठ की कोशिशों के बावजूद नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम कायम
- उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशील

**बातचीत जारी**

सैन्य, राजनयिक स्तर पर बातचीत जारी

किसी भी स्थिति से निपटने हमारे पास पर्याप्त रक्षा बल

हमारा विरोधी आतंकवाद को बढ़ावा देने में सक्रिय



### एलओसी पर घुसपैठ की कोशिशें नाकाम

*वहीं, जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर सेना प्रमुख ने कहा कि हम एलओसी पर घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर रहे हैं, जम्मू-कश्मीर के भीतरी इलाकों में हिंसा में काफी गिरावट आई है। जनरल मनोज पांडे ने कहा कि 2003 तक, इस क्षेत्र में आतंकवाद पूरी तरह से फैल गया था पर 2017-18 तक वहां शांति स्थापित की गई। चूंकि, घाटी में शांति आ रही है।*

### भारत-म्यांमार सीमा पर स्थिति खराब

लद्दाख विवाद को लेकर भारत-चीन वार्ता पर सेना प्रमुख ने कहा कि जारी मुद्दों का समाधान तलाशना एक सतत प्रक्रिया है। भारत-म्यांमार सीमा पर स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय है, हम वहां के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं।

*पीएम ने उठाया कदम*


# पापुआ न्यू गिनी देश में आपातकाल की घोषणा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पोर्ट मोरेस्बी। पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मरापे ने दंगों और लूटपाट में 16 लोगों के मारे जाने के बाद आपातकाल की घोषित कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने सरकारी कर्मियों और पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। वेतन विवाद के विरोध में भड़के दंगो में राजधानी पोर्ट मोरेस्बी और देश के उत्तर में स्थित लाई में बड़ा नुकसान हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई राज्य प्रसारक ने इन दंगों के बारे में जानकारी दी।

## खबर संक्षेप




### हैंपशर में हिस्सा खरीद सकती है कैपिटल्स

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की हैंपशर टीम में हिस्सा खरीदने के लिये बातचीत की प्रक्रिया में है। रिपोर्ट के अनुसार हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष रॉड ब्रांसग्रोव दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक जीएमआर समूह को यह काउंटी टीम बेचने के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'हैंपशर काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिए आगे के दौर की बातचीत कर रहे हैं।'

### हमारा ध्यान मजबूत ताकत बनने पर

**रांची।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले क्वालीफाइंग



टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### नेपाल क्रिकेट संघ से लामिचाने निलंबित

**काठमांडो।** एक 18 वर्षीय युवती के बलात्कार के आरोप में आठ साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप



लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया। काठमांडो जिला अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और एक दिन बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। इसने कहा, 'हम आपको सूचित करते हैं कि संदीप लामिचाने को सजा मिलने के बाद उसे हर तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधि से निलंबित कर दिया गया है।'

### निश्ना ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**पुणे।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार



रखी है। निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया। निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। हिताषी ने दूसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी की।

# आस्ट्रेलियन ओपन : स्वियाटेक-केनिन में होगा पहला मैच, जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी तय नहीं

एजेंसी ▸▸| जकार्ता

**मेलबर्न।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक को आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और दूसरे दौर में 2016 की चैंपियन एंजेलिक कर्बर या डेनियेले कोलिंस से टक्कर हो सकती है। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं हुआ है। वह तीसरे दौर में एंटी मर्रे और क्वार्टर फाइनल में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास से खेलना पड़ सकता है।



### ओसाका से भिड़ेगी गार्शिया

*टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को निकाले गए जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका का सामना पहले दौर में 16वीं रैंकिंग वाली कैरोलिन गार्शिया से होगा। अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ भी इसी ड्रॉ में है। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर का सामना कोलिंस से होगा जिसने 2022 में यहां स्वियाटेक को सेमीफाइनल में हराया था। गत चैंपियन एरिना सबालेंका का सामना पहले दौर में एक क्वालीफायर से होगा। क्वार्टर फाइनल में तीसरी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना की टक्कर पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला से हो सकती है। वहीं पुरुष वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज का सामना छठी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हो सकता है।*

## मुख्य ड्रा में पहुंचने से एक जीत दूर नागल



**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने गुरुवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में प्रवेश किया जिससे वह इस ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में पहुंचने से केवल एक जीत दूर हैं। नागल ने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में आस्ट्रेलिया के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी एडवर्ड विंटर को एक घंटे चार मिनट में 6-3, 6-2 से पराजित किया। अब सत्र के शुरुआती ग्रैंडस्लैम में जगह बनाने के लिए 26 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकोन से होगा।

क्रिकेट : तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बनाई 1-0 से बढ़त

# भारत ने अफगानिस्तान को छह विकेट से हराया, दुबे की फिफ्टी

एजेंसी ▸▸| मोहाली

भारत ने गुरुवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में अफगानिस्तान पर छह विकेट की आसान जीत से तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 158 रन बनाए। पर यह लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था और भारत ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर जीत हासिल की। इसी के साथ टीम इंडिया ने अफगान के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड जारी रखा है।

यह भारत की अफगानिस्तान पर टी-20 में 5वीं जीत है। एशियाई खेलों के बाद अपना पहला टी20 खेल रहे शिवम दुबे (नाबाद 60 रन) ने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। दुबे और तिलक वर्मा (26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 44 रन जोड़े जिससे भारत ने चार ओवर में सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बावजूद लय हासिल की। पारी की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा गफलत का शिकार हुए जिनकी 14 महीने बाद टी20 टीम में वापसी हुई। रोहित ने एक रन लेने के लिए शुभमन गिल (23 रन) को पुकारा लेकिन वह मिड ऑफ पर देख रहे थे और उन्होंने रोहित को भागते हुए नहीं देखा। गिल अपनी क्रीज पर खड़े रहे और फिर रोहित भी उनकी तरफ पहुंच गए। विकेटकीपर ने थ्रो लेकर आसान रन आउट किया। इसके बाद रोहित अपनी नाराजगी छिपा नहीं सके।

### सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 को इंदौर में खेला जाएगा




### पहली द्विपक्षीय सीरीज

भारत के खिलाफ अफगानिस्तान टीम की यह ऐतिहासिक सीरीज है। दरअसल, भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक सिर्फ एक ही इंटरनेशनल द्विपक्षीय सीरीज खेली गई है। यह टेस्ट सीरीज थी, जो जून 2018 में हुई थी। तब उस द्विपक्षीय सीरीज के तहत सिर्फ एक ही टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने पारी और 262 रनों के अंतर से जीत दर्ज की थी। इसके अलावा भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक वनडे और टी20 में कोई भी द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली गई है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच यह पहली टी20 सीरीज होने वाली है। जबकि अफगानिस्तान को भारत के खिलाफ अपनी पहली वनडे सीरीज का इंतजार है।

### नबी ने बनाए 42 रन

मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तानी टीम ने 5 विकेट पर 158 रन बनाए थे। टीम के लिए मोहम्मद नबी ने सबसे ज्यादा 42 रनों की पारी खेली। जबकि अजमतुल्ला उमरजई ने 29 रन बनाए। मैच में नबी और उमरजई ने चौथे विकेट के लिए 43 गेंदों पर 68 की पार्टनरशिप की। भारत के लिए अक्षर पटेल और मुकेश कुमार ने 2-2 विकेट झटके। एक सफलता शिवम दुबे ने लिया।

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज स्ट जितेश बो पटेल | 23 | 28 | 2 | 1 |
| जदरान का रोहित बो दूबे | 25 | 22 | 2 | 1 |
| ओमरजई बो मुकेश कुमार | 29 | 22 | 2 | 1 |
| रहमत शाह बो पटेल | 03 | 06 | 0 | 0 |
| नबी का रिंकू सिंह बो मुकेश | 42 | 27 | 2 | 3 |
| नजीबुल्लाह जदरान नाबाद | 19 | 11 | 4 | 0 |
| करीम जनत नाबाद | 09 | 05 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 20 ओवर में 158/5
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-1-28-0, मुकेश 4-0-33-2, अक्षर 4-0-23-2, सुंदर 3-0-27-0, शिवम 2-0-9-1, बिश्नोई 3-0-35-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा रन आउट | 00 | 02 | 0 | 0 |
| गिल स्ट गुरबाज बो मुजीबुर | 23 | 12 | 5 | 0 |
| तिलक का नईब बो ओमरजई | 26 | 22 | 2 | 1 |
| शिवम दुबे नाबाद | 60 | 40 | 5 | 2 |
| जितेश का इब्राहिम बो मुजीबुर | 31 | 20 | 5 | 0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 16 | 09 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 17.3 ओवर में 159/4
गेंदबाजी : फारुकी 3-0-26-0, मुजीबुर 4-1-21-2, नबी 2-0-24-0, नवीनुल हक 3.3-0-43-0, ओमरजई 4-0-33-1, नईब 1-0-12-0.



## सात्विक और चिराग मलेशिया ओपन के क्वार्टर में पहुंचे

एजेंसी ▸▸| कुआलालम्पुर

भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया।



पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीतने वाली अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो की जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर उलटफेर किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया। श्रीकांत अपनी गलतियों पर काबू नहीं रख सके और हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से दूसरे दौर में सीधे गेम में हार गए। कई सहज गलतियों और गलत लाइन कॉल के कारण विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज श्रीकांत को दुनिया के 20वें नंबर से खिलाड़ी का लोंग से 13-21, 17-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

## अमन ने जगरेब ओपन में जीता स्वर्ण, वान्हाओ को 10-0 से रौंदा



एजेंसी ▸▸| जगरेब

भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिए यह अच्छी खबर रही।

भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किए के मुहम्मद कारावुस के खिलाफ 15-4 से जीत के साथ आगाज किया।

हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचडर्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11-0 से मात दी। वहीं फाइनल में जोउ को हराया।

## मुक्केबाजी महासंघ आयोजित करेगा 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम

***नई दिल्ली।*** *भारतीय मुक्केबाजी महासंघ विद्युत कंपनी आरईसी लिमिटेड के साथ मिलकर पुणे के सैन्य खेल संस्थान में 'वेस्टर्न ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम का आयोजन करेगा।*

*यह एलीट और युवा वर्ग की प्रतियोगिता 12 से 19 जनवरी तक होगी।*



*बीएफआई ने पूरे देश में पुरुष और महिला मुक्केबाजों दोनों के लिए एलीट, युवा, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों के लिए चार 'ओपन' शुरुआती टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना बनाई है जिस कड़ी में यह पहली प्रतियोगिता होगी। इन टूर्नामेंट में अपना कौशल दिखाने कोई भी मुक्केबाज भाग ले सकता है। बमहासचिव हेमंत कुमार कलिता ने कहा, 'बीएफआई और आरईसी भारतीय मुक्केबाजी के विकास के लिये प्रतिबद्ध हैं और यह 'आरईसी ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम देश भर की उभरती हुई प्रतिभा को पहचानने और उन्हें तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।*

## रिदम ने भारत के लिए हासिल किया 16वां ओलंपिक कोटा

**एजेंसी :जकार्ता।** रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत अब ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी में अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिए सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिए हैं। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था। एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठक पुरस्कार योजना-2023 कूपन फार्मेट जमा करने हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें

भोपाल - मानसरोवर काम्पलेक्स
हरिभूमि कार्यालय- मानसरोवर काम्पलेक्स, 4 फ्लोर, पीबी-2, बी ब्लॉक, नियर रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन, शिवाजी नगर, भोपाल पिन नं. -462016 फोन नं.- 0755-4049935, मोबाईल नं. - 8349245522
भोपाल - चिनार इंक्यूब बिजनेस सेंटर
हरिभूमि कार्यालय - 4 फ्लोर, चिनार इंक्यूब बिजनेस सेंटर, होशंगाबाद रोड भोपाल
भोपाल - गोविंदपुरा
हरिभूमि कार्यालय - प्लाट नं. 160, न्यू एच सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट गोविंदपुरा भोपाल पिन नं. -462023

सागर - श्री राघवेन्द्र दुबे - हरिभूमि कार्यालय- अदिति गैस एजेंसी के पास अग्रवाल बिल्डिंग सिविल लाईन सागर, मोबाईल नं.- 9302910899
अशोकनगर- मनोज जैन जिला ब्यूरो चीफ- हरिभूमि कार्यालय-वार्ड नं. 20 नई आबादी महावीर कॉलोनी अशोकनगर मोबाईल नं. - 9406961883
खंडवा- भोपाल राठौर- हरिभूमि कार्यालय- दुकान नंबर 09 श्री गुरुगोविंद सिंह मार्केट वत्सला विहार सिविल लाइन खंडवा जिला खंडवा पिन कोड -450001 मोबाईल नं.- 7697652222
राजगढ़- सुनील गोले-हरिभूमि कार्यालय- पुरानी तहसील के पास, पारायण चौक, राजगढ़ मोबाईल नं.- 9407596600
सिरोंज- राजीव जैन सैनानी- हरिभूमि कार्यालय- दाल बाजार सिरोंज मोबाईल नं. - 9826821405
गंजबासौदा- राजा छारी- हरिभूमि कार्यालय- महावीर विहार के पास मिल रोड गंजबासौदा मोबाईल नं.- 9993766686
इटारसी- भूपेन्द्र विश्वकर्मा- हरिभूमि कार्यालय- नगर पालिका कॉम्प्लेक्स लक्कडगंज, इटारसी मोबाईल नं.- 9300263480
ब्यावरा- मुकेश शर्मा- हरिभूमि कार्यालय- मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार के पास, हरीश राठौर का मकान, ब्यावरा, जिला राजगढ़ मोबाईल नं.- 9425380751
शिवपुरी- अशफाक खान- हरिभूमि कार्यालय- पुरानी शिवपुरी रोड, जैन दूध डेयरी के सामने शिवपुरी म.प्र. मोबाईल नं.- 8871534001
नर्मदापुरम्- सुरेश राजपूत- हरिभूमि कार्यालय- भारत पेपर मार्ट के ऊपर, कोठी बाजार, कलेक्टर ऑफिस रोड, नर्मदापुरम् मोबाईल नं.- 9406929830
सीहोर- जुगल पटेल- हरिभूमि कार्यालय- डीसीएम हाईट होटल, फर्स्ट फ्लोर, नियर फौजी होटल के पास, इंग्लिशपुरा सीहोर मोबाईल नं.- 9755123812
विदिशा- अटल तिवारी- हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय- सिटी टावर निकासा विदिशा मोबाईल नं.- 9425422701
गुना- मनीष तिवारी- हरिभूमि कार्यालय- गायत्री मंदिर के सामने जिला गुना मोबाईल नं.- 9584614174

टी20 विश्व कप को लेकर पूर्व भारतीय आल राउंडर रैना का अनुमान

# कोहली, रोहित की मौजूदगी से भारत मजबूत

एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

पूर्व भारतीय आल राउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया।

रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। रैना 'जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18' में विशेषज्ञ हैं, उन्होंने कहा, 'अगर आप विश्व कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं।इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी। वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।'रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे।'



### रिंकू निर्भीक क्रिकेटर

भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है। उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिए समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा।'रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को अपनी पहली पसंद बताते हुए उन्हें 'एक्स फैक्टर' करार दिया।






*मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो। यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है।*


# भूमि पेडनेकर ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपने अभिनय करियर की शुरुआत के बाद से भूमि पेडनेकर ने अपनी विविध भूमिकाओं के माध्यम से हिंदी सिनेमा में अपने लिए एक अनोखी जगह बनाई है। पिछले साल भूमि पेडनेकर की चार फिल्में 'भीड़', 'अफवाह', 'थैंक यू फार कॉलिंग' और 'लेडी किलर' रिलीज हुईं।

इस साल उनकी दो फिल्में 'भक्त' और 'मेरी पत्नी का रीमेक' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली हैं लेकिन भूमि पेडनेकर की नजर ओटीटी पर है। भूमि पेडनेकर फिलहाल ओटीटी प्रोजेक्ट्स की तलाश में हैं। इस बारे में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर और साथ ही भारत में स्ट्रीमिंग कंटेंट की लोकप्रियता अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ दिनों से डिजिटल में प्रवेश करने के बारे में सोच रही हूं लेकिन मैं यह भी चाहती हूं कि मेरा स्ट्रीमिंग डेब्यू रोमांचक और ध्यान खींचने वाला हो।

यह अब तक बनी फिल्मों से कुछ अलग और अनोखा होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, एक दर्शक के रूप में मैं वास्तव में मानती हूं कि मंच और उनके द्वारा प्रस्तुत सामग्री भी अच्छी है। एक लंबा प्रारूप एक कलाकार को वास्तव में अपने चरित्र में जीने और कुछ ऐसा बनाने का मौका देता है, जो वास्तव में प्रतिष्ठित हो सकता है। मैं बहुत सारे शो का प्रशंसक हूं। मैं इसमें आने वाली सभी सामग्री का दर्शक हूं। मैं सकारात्मक हूं कि मुझे कुछ ऐसा मिलेगा जिस पर मुझे विश्वास है।



# 'देवराः पार्ट 1' की पहली झलक रिलीज...

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की आने वाली फिल्म 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज हो गई है। कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, फिल्म 'देवराः भाग 1' नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। अनिरुद्ध रविचंदर ने इस फिल्म का संगीत तैयार किया है। 'देवराः भाग 1' की पहली झलक रिलीज कर दी गयी है। यह शानदार झलक फिल्म के भव्य पैमाने और देवरा के किरदार का परिचय देती है। एनटीआर जूनियर ने हर भाषा में अपने रोंगटे खड़े कर देने वाले डायलॉग को परफेक्शन के साथ पेश कर सबको चौंका दिया है। 'देवराः पार्ट 1' में सह-कलाकार सैफ अली खान और जान्हवी कपूर हैं। यह फिल्म 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज होगी।

# ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं, ऋतिक की धमाकेदार फिल्में

**फिल्म स्टार राकेश रोशन के घर 10 जनवरी 1974 को लिया था जन्म, मनाया 50वां जन्मदिन**

**मुंबई।** ऋतिक रोशन का जन्म 10 जनवरी 1974 को हुआ था। ऐसे में उन्होंने कल अपना 50वां जन्मदिन मनाया। उनके जन्मदिन पर आप भी उनकी कुछ खास फिल्में देखना चाहते हैं तो इन दिनों उनकी उनकी एक्शन से भरपूर कई फिल्में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचा रहीं हैं।

**वॉर :** ऋतिक रोशन की धमाकेदार फिल्म 'वॉर' अगर आपने नहीं देखा है तो इस खास फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकती हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। इस फिल्म को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकती हैं।

**अग्निपथ :** ऋतिक रोशन की फिल्म अग्निपथ साल 2012 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म की जितनी तारीफ की जाए उतना कम है। इस धमाकेदार फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। ऋतिक की करियर की सबसे बेस्ट फिल्मों में अग्निपथ भी आता है। इस



फिल्म को दर्शकों की ओर से काफी पसंद किया गया है।

**बैंग बैंग :** एक्शन कॉमेडी से भरपूर ऋतिक रोशन की फिल्म 'बैंग बैंग' अगर आपने नहीं देखा है तो इस फिल्म को एक बार जरूर देखें।

# अंजली ने खरीदा करोड़ों का घर



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस अंजली अरोड़ा को आज हर कोई जानता हैं। अपने शानदार डांस मूव्स से उन्होंने हर किसी का दिल जीत लिया था। बता दें कि 24 साल की अंजली अरोड़ा लग्जरी लाइफ जीने की शौकीन हैं। महंगी-महंगी कारों के साथ ही अब उन्होंने खुद का घर खरीद लिया है। जिसकी कीमत 4 करोड़ बताई जा रही है। एक्ट्रेस ने घर के ग्रह प्रवेश का वीडियो इंटरनेट पर साझा किया। हाल ही में अंजली अरोड़ा ने अपनी के लिए एक गाड़ी भी ली है, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई जा रही है। अंजली ने कार का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए बताया था, कि यह उनका खुद के लिए एक गिफ्ट है। रिपोर्ट की मानें तो अंजली अरोड़ा की नेटवर्थ 3 करोड़ रुपये है और आज एक्ट्रेस किसी सेलिब्रिटी से कम नहीं हैं। सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर से जर्नी शुरू करने वाली अंजली आज एक एक्ट्रेस बन चुकी हैं। इंस्टाग्राम पर अंजली को 13.2 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। बहुत कम लोग जानते हैं कि अंजली सोशल मीडिया पर ब्रांड्स के साथ कौलेब करने के लिए मोटी रकम लेती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930